- उच्च न्यायिक सेवा में पदोन्नत जजों के लिए आरक्षण देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार -12

- केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल बोले- आयातकों और निर्यातकों को नई सूचना देगा टीआईए -12

- हरदोई में बारातियों से भरी बस टॉवर से टकराई, चार की हालत गंभीर -05

- रिकू के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बढ़त बनाई -14

6th वार्षिकोत्सव विशेषांक
मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:17 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 20 नवंबर 2025, वर्ष 35, अंक 291, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

छह साल का साथ, अटूट विश्वास

सादर प्रणाम।

आज अमृत विचार केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि सच और सकारात्मकता की उस यात्रा का प्रतीक है, जिसने आप सभी के अटूट विश्वास के सहारे अपने छह वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर, हम आप सभी का हृदयतल से आभार व्यक्त करते हैं और कोटिश: बधाई देते हैं।

वर्ष 2019 में बरेली की पावन धरा से जब हमने अपनी यात्रा शुरू की थी, तब बाजार में अनेक चुनौतियां थीं, लेकिन हमारे पास एक संकल्प था – पत्रकारिता के उच्चतम मूल्यों को पुन: स्थापित करने का। हमने तय किया था कि हम केवल खबरें नहीं छापेंगे, बल्कि उन खबरों के पीछे का सच सामने लाएंगे, जो समाज को प्रभावित करती हैं। इन छह वर्षों में हमने निष्पक्षता को अपना धर्म बनाया। चाहे वह स्थानीय स्तर की समस्याएं हों या राष्ट्रीय मुद्दे, अमृत विचार ने हमेशा बेबाकी से अपनी बात रखी है। नियमित खबरों के साथ साथ पाठकों को अपडेट रखने के लिए सप्ताह में सातों दिन अलग -अलग विषय पर विशेष फीचर पेजों का संयोजन भी किया जा रहा है।

इस यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन आपके समर्थन ने हमें हर चुनौती का डटकर सामना करने की शक्ति दी। आज, बरेली से शुरू हुआ यह कारवां लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, हल्द्वानी और अयोध्या तक पहुंच चुका है, और यह विस्तार आपके भरोसे का सीधा प्रमाण है। जल्द ही हम अमृत विचार के दिल्ली, देहरादून और मेरठ संस्करण की शुरुआत की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि पत्रकारिता केवल समस्याओं को उजागर करने तक सीमित नहीं है। हमारा उद्देश्य समाधान-उन्मुख पत्रकारिता करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। अमृत विचार आगे भी इसी पथ पर चलता रहेगा। हम सनसनीखेज पत्रकारिता से बचते हुए, तथ्यों पर आधारित और चिंतन पूर्ण सामग्री अपने पाठकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा हर शब्द समाज के निर्माण में एक सकारात्मक भूमिका निभाए, यही हमारा लक्ष्य है।

इन छह वर्षों की सफलता ने हमारे हौसलों को और मजबूत किया है। इस अवसर पर, हम यह संकल्प लेते हैं कि अमृत विचार समाचार पत्र को हम पत्रकारिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। तकनीकी रूप से उन्नत होते हुए, हम डिजिटल माध्यमों पर भी अपनी पकड़ मजबूत करेंगे, ताकि हर वर्ग के पाठक तक पहुंच बनाई जा सके।

हम एक बार फिर अपने पाठकों का, जिन्होंने हमें अपना दैनिक साथी बनाया... अपने विज्ञापनदाताओं का, जिन्होंने हमारे मूल्यों पर भरोसा किया... अपने वितरकों का, जिन्होंने घर-घर तक हमें पहुंचाया और अपने मेहनती कर्मचारियों का, जिन्होंने इस सपने को हकीकत में बदला, हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपका विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम आपके आभारी हैं और भविष्य में भी इसी जोश और ईमानदारी के साथ आपकी सेवा में तत्पर रहेंगे।

डॉ. केशव अग्रवाल
चेयरमैन

डॉ. अशोक अग्रवाल
प्रेसिडेंट

डॉ. वरुण अग्रवाल
डायरेक्टर

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
डायरेक्टर

अमृत विचार समूह

मनमोहक...

पुट्टपर्थी में दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर बाबा को नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी भी समारोह में उपस्थित रहे, उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा की शिक्षाएं और सेवा दुनियाभर में लाखों अनुयायियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

अल फलाह ग्रुप का अध्यक्ष 13 दिन की ईडी हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एजेंसी ने कहा-सिद्दीकी के पास विदेश भागने के कई कारण

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। वही, एजेंसी ने अदालत को बताया कि सिद्दीकी के पास भारत से भागने के कई कारण हैं क्योंकि उसके परिवार के करीबी सदस्य खाड़ी देशों में बसे हुए हैं।

सिद्दीकी को संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार रात फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय समूह के खिलाफ दिनभर की छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। यह विश्वविद्यालय 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए विस्फोट की जांच के केंद्र में है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। ईडी ने अदालत को बताया कि सिद्दीकी ने अपने ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों के साथ बेईमानी से 415 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। सिद्दीकी को मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान के आवास पर पेश किया गया।

भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर अग्रसर : प्रधानमंत्री

मोदी ने किया दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

कोयंबटूर, एजेंसी

कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि सम्मेलन का शुभारंभ करते पीएम मोदी। ● एजेंसी

- 18,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी
- फसल विविधीकरण और जैविक खेती मृदा संबंधी समस्याओं का समाधान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह देश की स्वदेशी और पारंपरिक पद्धति है। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने यहां आगमन पर लोगों द्वारा गमछा लहराने का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि बिहार की हवा उनसे पहले ही तमिलनाडु में आ गई हो। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला राजग अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन से मुकाबला करेगा। विपक्षी गठबंधन एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है।

दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने नौ करोड़ किसानों को सहायता देने के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस किस्त की कुल राशि 18,000 करोड़ रुपये से अधिक है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता में कमी आई है और जैविक खेती को पूरी तरह से समर्थन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण और जैविक खेती मृदा संबंधी समस्याओं का समाधान है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि साथ ही जैविक खेती जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी मदद करती है। प्रधानमंत्री ने जब दो छात्राओं को राष्ट्र के आर्थिक परिवर्तन के लिए उनके दृष्टिकोण की सराहना करते हुए तख्तियां लहराते देखा तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से इन तख्तियों को लाने को कहा और छात्राओं की सराहना की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे से कोयंबटूर जिला लघु उद्योग संघ मैदान तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी तक रोड शो किया तथा आम नागरिक एवं पार्टी कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर खड़े थे। उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये और लोगों ने प्रधानमंत्री के वाहन पर फूल बरसाए जबकि प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांछित अनमोल कोर्ट में पेश

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी एवं गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को बुधवार को यहां एक अदालत में पेश किया गया। एनआईए ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के उपरांत गिरफ्तार किए गए अनमोल को शाम करीब पांच बजे पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। संघीय एजेंसी ने अनमोल को विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा के समक्ष पेश करने के बाद उसे 15 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। अदालत परिसर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मीडियाकर्मियों को अदालती कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति नहीं थी। राकांपा के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या समेत कई अन्य अपराधों में वांछित अनमोल को मंगलवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया। उसे पिछले साल नवंबर में अमेरिका में हिरासत में लिया गया था।

- एनआईए ने मांगी 15 दिन की हिरासत

न्यूज ब्रीफ

मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

नई दिल्ली। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट को बुधवार को वर्ष 2024 का इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान किया गया। इंदिरा गांधी स्मारक न्यास की प्रमुख सोनिया गांधी ने मिशेल को यह पुरस्कार प्रदान किया। उन्हें शांति, लैंगिक समानता, मानवाधिकार और विकास में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इंदिरा गांधी स्मारक न्यास द्वारा इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रति वर्ष विश्व के किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है जिसने समाज सेवा, निरस्त्रीकरण या विकास के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

एयरोस्पेस मेडिसिन का वार्षिक सम्मेलन आज

नई दिल्ली। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह गुरुवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन (आईएसएएम) के दो दिन के 64 वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का आयोजन बेंगलुरु स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन (आईएएम) में किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश से लगभग 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रतिभागियों में डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं और इसरो के प्रमुख वैज्ञानिकों सहित संबद्ध संस्थानों के शोधकर्ता भी शामिल होंगे।

मुकदमेबाजी से बचने को अकेली महिलाएं बनाएं अपनी वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उन सभी महिलाओं से अपील की जिनकी संतान या पति नहीं हैं, कि वे अपने माता-पिता और ससुराल वालों के बीच संभावित मुकदमेबाजी से बचने के लिए वसीयत बनाएं। शीर्ष अदालत ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम-1956 का हवाला देते हुए कहा कि उस समय संसद ने यह मान लिया होगा कि महिलाओं के पास स्व-अर्जित संपत्ति नहीं होगी, लेकिन इन दशकों में महिलाओं की प्रगति को कम करके नहीं आंका जा सकता।



- परिवार में संपत्ति विवाद को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की अपील

पीठ ने कहा कि इस देश में हिंदू महिलाओं सहित महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता ने उन्हें स्व-अर्जित संपत्ति बनाने के लिए प्रेरित किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि किसी हिंदू महिला की मृत्यु बिना वसीयत के और उसके पुत्र, पुत्री और पति के अभाव में हो जाती है, तो ऐसी स्व-अर्जित संपत्ति केवल उसके पति के उत्तराधिकारियों को ही मिलेगी, तो संभवतः जहां तक मायके वालों का सवाल है, यह उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। हम इस संबंध में भी कोई टिप्पणी नहीं करते हैं।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती देने के लिए एक महिला वकील द्वारा दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए यह सुझाव दिया।

राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपा। साथ ही उन्होंने राजग के विधायकों का समर्थन पत्र देकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार का इस्तीफा स्वीकार करते हुए नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू की और उनसे कार्यकारी मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने का अनुरोध किया। गठबंधन नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि राजग के पास बहुमत का समर्थन है, इसलिए उन्हें सरकार बनाने का अवसर दिया जाए। राज्यपाल ने समर्थन पत्र स्वीकार कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले राजग विधायक दल की बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया।

1350 किमी लंबे ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग कराएगा पूर्वोत्तर रेलवे

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: रेल ट्रैक पर होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। लोगों को रेल ट्रैक पर जाने से रोकने के लिए ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग कराई जाएगी। फेंसिंग होने से यात्री या अन्य कोई मवेशी रेल ट्रैक पर नहीं जा सकेगा इससे आए दिन होने वाले हादसों पर लगाम लग सकेगी। बुधवार को गोंडा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि हादसों की रोकथाम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत आने वाले 1350 किमी लंबे रेल ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग का कार्य कराया जायेगा। पहले फेज में यह कार्य गोरखपुर से लखनऊ तक होना है जिसे प्रारंभ करा दिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस से पहले उन्होने पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल समेत अन्य रेल अधिकारियों के साथ गोंडा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अफसरों को दिशा निर्देश दिया।

शाम करीब पांच बजे गोरखपुर से गोंडा पहुंचे पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के साथ गोंडा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की ली जानकारी ली। महाप्रबंधक ने ब्रिज, सिग्नलिंग व यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और अमृत भारत योजना के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की जांच की। रेलवे महाप्रबंधक ने सुरक्षा व संरक्षा को लेकर अफसरों को दिशा निर्देश भी दिया। रेलवे महाप्रबंधक ने कहा कि गोरखपुर से लेकर गोंडा तक का जो हमारा खंड है वह परिचालन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण खंड है। आज उसका गहन निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान जितने भी रेल परिचालन से जुड़े सभी पहलुओं जैसे लोकोमोटिव, वैगन का रखरखाव, ट्रैक, ब्रिज, सिग्नलिंग आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होने पैसेंजर व कर्मचारियों से संबंधित जानकारी ली और उपकरणों के रखरखाव की स्थिति देखी। महाप्रबंधक ने अमृत भारत योजना से कराए जा रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और उसके गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा से संबंधित एक नाटक भी बच्चों ने प्रस्तुत किया। रेलवे महाप्रबंधक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व संरक्षा से जुड़े सभी कार्यों का अध्ययन किया गया और अधिकारियों के साथ चर्चा की गयी तथा उचित दिशा निर्देश सभी को दिए गए हैं। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

वैश्विक निवेशकों की पसंद बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एलओसी से बढ़ी विकास की रफ्तार, स्टार्टअप इकोसिस्टम भी हुआ मजबूत
- सरकार की नीतियों से तेजी से बढ़ रहे उद्योग, लाखों युवाओं को मिला रोजगार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। न केवल उद्योगों की रफ्तार बढ़ रही है बल्कि स्टार्टअप इकोसिस्टम भी मज़बूत हुआ है। दरअसल, 6.77 लाख करोड़ के एलओसी (लेटर ऑफ कंफर्ट) से भी विकास की गति तेज हुई है। इसे राज्य सरकार की ही नीतियों का प्रभाव माना जा रहा कि यूपी में तेज़ी से बढ़ रहे उद्योगों के कारण लाखों युवाओं को रोजगार भी मिला।

योगी सरकार ने निवेश बढाने के लिए 33 से अधिक क्षेत्र विशिष्ट नीतियां लागू की हैं, जो उभरते औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।

राज्य की फ्लैगशिप, औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022, एफडीआई व एफसीआई नीति-2023 के साथ ही सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों की नीतियों ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेशकों के लिए विश्वसनीय और संभावनाओं से भरपूर गंतव्य बना दिया है। निवेश के बाद प्रोत्साहनों को सरल और तेज बनाने के लिए प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया है। वही एक उच्च-स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एचएलईसी) से हर महीने औसतन 10 लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) भी जारी किये जा रहे है। वर्ष 2025 में ही औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत 6.77 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 70 से अधिक एलओसी स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही एफडीआई व एफसीआई नीति 2023 के अंतर्गत 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के एलओसी जारी किए जा चुके हैं।

समीक्षा

मुख्यमंत्री ने मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना को परखा

जनहित के लिए धन की कमी नहीं, जरूरत पर और मिलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी बोले, सरकार पर निर्भरता कम करें, प्रोजेक्ट बनाते वक्त आय सृजन की भी सोचें
- तीनों शहरों में 478 विकास परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार, मेरठ में बनेगा बाईपास

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में धन की कमी न होने की जानकारी साझा करते हुए आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बजट देने का भरोसा जताया है।

बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

योगी ने निर्देश दिया कि योजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पहले चरण की कार्ययोजना के रूप में वर्ष 2025-26 में मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 परियोजनाओं पर कार्य किया जाए। इन परियोजनाओं में यातायात सुधार, चौराहों का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, सड़क और पेवमेंट सुधार, बिजली लाइनों का भूमिगतकरण, जल प्रबंधन, पर्यटन सुविधाओं का उन्नयन और शहरी सौंदर्यीकरण जैसी जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। योगी ने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाएं, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़ें।

विरासत और पर्यटन आधारित मॉडल

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय कर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार है। इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है।

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 20 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

कुएं में तोड़फोड़ होने से ग्रामीणों में रोष

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहबाजपुर मजरा मुरहाडीह में सार्वजनिक कुएं को क्षतिग्रस्त करने के बाद ग्रामीणों में रोष है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मिलकर शिकायत की है। राम खेलावन गुप्ता के मुताबिक, कुछ लोगों ने जानबूझकर प्राचीन कुएं को तोड़ा है। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

घर में आग से गृहस्थी का सामान जला

सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : सदरपुर इलाके के ग्राम पंचायत अंगेठुआ के शाहबाजपुर गांव में देर शाम कल्लू पुत्र लोकई और उसके भाई गुड्डू के घर में आग लग गई। खाना बनाते समय लगी आग से घर के अंदर रखे कपड़े, बर्तन, बिस्तर सहित घरेलू सामग्री आग की चपेट में आ गई। मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से दो लाख से अधिक का सामान जलने की बात सामने आई है।

बीडीओ ने किया मानपुर का निरीक्षण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : बीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने एडीओ पंचायत रामकिशोर वर्मा के साथ ग्राम पंचायत मानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में दौरान मिली खामियों को सुधारने के निर्देश दिए, अधूरे अभिलेखों को समय से पूरा करने और शौचालय की साफ- सफाई कराए जाने को कहा गया। इसी क्रम में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। जो बन्द पाया गया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी रामकिशोर वर्मा, पंचायत सचिव विष्णु गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि रामपाल, पंचायत सहायक किरणदेवी उपस्थित थे।

मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : विकास खंड क्षेत्र के भिठमनी इलाके में महाराज नगर–भिठमनी मार्ग पर तेज हवा के चलते बबूल का पेड़ गिरने से आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभाग न तो मौके पर पहुंच रहा है और न ही पेड़ हटवाने की कार्रवाई कर रहा है।

हत्या के दो दोषियो को आजीवन कारावास

सीतापुर, अमृत विचार : न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 9 द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त अर्जुन और मोहनलाल को धारा 302/34/201 में प्रत्येक को आजीवन सश्रम कारावास व कुल 21,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी है। अर्जुन को आर्म्स एक्ट में दो वर्ष का कारावास व कुल 1,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

पकड़े गए पांच वारण्टी

सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। वांछित कमलेश निवासी त्रिलोकापुर थाना कोतवाली देहात, लहरपुर पुलिस द्वारा सुनील गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। तंबौर से वारंटी इन्द्रेश कुमार उर्फ इन्दु की गिरफ्तारी हुई। मिश्रिख से वारण्टी हरि को गिरफ्तार किया गया।

अराजक तत्वों ने खंडित की बुद्ध प्रतिमा

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार : कसिमापुर मजरा ग्राम पंचायत परसेहरा शरीफपुर स्थित आंबेडकर पार्क में लगी बुद्ध प्रतिमा अराजक तत्वों ने खंडित कर दी। पुलिस ने ग्राम प्रधान के सहयोग से नई प्रतिमा मंगवाकर स्थापित करवाई, इसके बाद माहौल शांत हो सका। प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही का कहना है कि दूसरी प्रतिमा लगवा दी गई है, मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

हरगांव के तीर्थ मेले में दर्शन को जा रही थीं, कोतवाली देहात इलाके में हुआ हादसा

हादसा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : शहर सीमा से सटे कोतवाली देहात क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, दोनों हरगांव स्थित तीर्थ मेले में दर्शन करने निकली थीं। क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि फाटक बंद होने के बावजूद दोनों ने रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश की होगी, जिसके चलते हादसा हुआ।

कोतवाली देहात क्षेत्र के भुर्जिया मजरा बड़ा गांव निवासी सोनी राजपूत (40) और उनकी बेटी पिंकी हरगांव में लगे तीर्थ मेले के दर्शन के लिए घर से पैदल निकली थीं। बताया जा रहा है कि मां-बेटी रेलवे लाइन के किनारे बने हॉल्ट की ओर जा रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई और दोनों को अपनी चपेट में लेते हुए गुजर गई। हादसे में सोनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पिंकी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, इलाज के दौरान उसकी भी कुछ ही देर बाद मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचीं क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि रेलवे फाटक बंद था, फिर भी संभवतः दोनों ट्रैक पार करते समय हादसे का शिकार हो गईं। कोतवाली प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

जयंती पर याद की गयीं इन्दिरा गांधी

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की जयंती पर नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आरटीआई ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश को प्रगति के रास्ते पर लाने में और विकास कार्यों के लिए बनाई गई योजनाओं के क्रियान्वयन में जो योगदान किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश चंद्र गौड़, नरेश गौड़, मुजीब खान, आरपी सिंह, अशोक पुष्प एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

खेउटा गांव में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

गोंदलामऊ, रामगढ़, सीतापुर, अमृत विचार: मिश्रिख वन रेंज के रामपुर खेवटा क्षेत्र में महीनों से दहशत का पर्याय बना तेंदुआ मंगलवार की रात पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुआ के पकड़े जाने के बाद वन विभाग की टीम ने भी राहत की सांस ली है।

गोंदलामऊ इलाके के रामपुर खेवटा सहित आसपास के गांवों में तेंदुए की चहलकदमी पिछले कई हफ्तों से ग्रामीणों के लिए दहशत का सबब बनी हुई थी। 29 अक्तूबर को दतवल में घरों की छतों पर घूमते तेंदुए का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। देर रात लगभग 3:00 बजे पिंजरे में बंधी बकरी को देखकर तेंदुआ अंदर घुस गया और फंस गया। डीएफओ नवीन खण्डेलवाल मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि तेंदुआ को दुधवा भेजा जाएगा।

पिंजरे में कैद तेंदुआ। ● अमृत विचार

पुजारी को हटवाने के लिए खंडित की थीं मूर्तियां

मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार: दो मंदिरों की मूर्तियों को खण्डित करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वो मंदिर के पुजारी को हटवाना चाहता था, इस कारण मूर्तियों को खण्डित किया था।

भारासैनी पुरवा मंदिर प्रांगण और मिर्जापुर उत्तरी के दो मंदिरों में मूर्तियां खण्डित की गईं थीं। एसपी अंकुर अग्रवाल ने खुलासे को लेकर एसओजी टीम को भी लगाया। एसओ मछरेहटा प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि मुखबिरों की मदद से मछरेहटा थानाक्षेत्र के रमुवापुर निवासी छोटा पुत्र बांकेलाल को गिरफ्तार किया।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पूछताछ में आरोपी ने घटना कारित करने की बात स्वीकार की। कहा कि वो पुजारी को हटाना चाहता था, मंदिर की भूमि पर भी नजर थी। थानाध्यक्ष का कहना है कि छोटा पूर्व में अपनी पत्नी की नाक काटने के आरोप में जेल जा चुका है।

पेड़ से लटका मिला युवती का शव

तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार : परसापुर गांव में एक युवती का शव नीम के पेड़ से लटका मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। युवती की पहचान रामस्वरूप लोधी की बेटी पूजा (19) के रूप में हुई। खेत में काम कर रहे किसानों ने पेड़ से लटका शव देखा तो तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि पूजा का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। कोतवाली प्रभारी आशीष तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सदस्य ने दिया कार्रवाई का भरोसा

● राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : सदर तहसील में आयोजित जनसुनवाई में महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं। कुल 10 शिकायतें दर्ज हुईं। इस पर उन्होंने फरियादियों को त्वरित कार्रवाई और न्याय का भरोसा दिया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी बुधवार को सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचीं। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आईं महिलाओं ने घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद और कार्यस्थल पर उत्पीड़न से जुड़ी कुल 10 शिकायतें दर्ज कराईं।

जनसुनवाई करतीं महिला आयोग की सदस्य। ● अमृत विचार

सुजीता कुमारी ने आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाएगी और जरूरत पड़ने पर संबंधित विभागों से त्वरित कार्रवाई कराई जाएगी। इससे पहले उन्होंने कमलापुर विद्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके बाद ऐलिया ब्लॉक में जन-जागरूकता चौपाल में महिलाओं और पुरुषों से समाज में समानता स्थापित करने का आह्वान किया।

मामूली विवाद में वृद्धा पर हमला

सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली देहात क्षेत्र के तिलोकापुर गांव में खेत में घास काटने को लेकर विवाद हो गया। जानलेवा हमले में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। बताते हैं कि तिलोकापुर निवासी रामा (70) पत्नी दल्लाराम खेत में घास काट रही थीं। इसी दौरान गांव के ही कमलेश राठौर से घास काटने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कमलेश ने महिला पर कुदाल से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रामा गंभीर रूप से घायल हो गईं। गंभीर अवस्था में रामा को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली पुलिस से आरोपी को गिरफ्तार करते हुए केस दर्ज किया है।

मोदी के कार्यक्रम का देखा गया प्रसारण

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों को समर्पित 18 हजार करोड़ की सम्मान राशि के हस्तांतरण का सीधा प्रसारण देखा गया। किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया एस. श्रीवास्तव, प्रसार वैज्ञानिक शैलेन्द्र सिंह, मृदा वैज्ञानिक, सचिन प्रताप तोमर एवं गृह वैज्ञानिक डॉ रीमा देवी ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक शीतल त्रिवेदी, दीपांशु, शैलेन्द्र, प्रमोद सिंह समेत 484 किसानों ने प्रतिभाग किया। किसानों को ट्राइकोडर्मा और डिकंपोजर का निःशुल्क वितरण किया गया।

रिजवान ने धमाका को दिखाया आसमान

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार : कार्तिक मेला महोत्सव मे हो रही राष्ट्रीय एकता विराट दंगल कुश्ती में पहली कुश्ती रिजवान पहलवान जम्मू व धमाका पहलवान राजस्थान के साथ हुई। जिसमें रिजवान पहलवान ने धमाका को पराजित कर विजय हासिल की।

दूसरी कुश्ती गोलू पहलवान बनारस और विक्की पहलवान बिहार के साथ हुई, जिसमे गोलू पहलवान ने जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती मेवा थापा पहलवान नेपाल व राजेंद्र पहलवान हरियाणा के मध्य हुई। जिसमे मेवा थापा पहलवान नेपाल ने राजेंद्र पहलवान हरियाणा को कई बार पटखनी लगाकर चित कर जीत हासिल की। चौथी कुश्ती सलमान पहलवान कलियर शरीफ और कटप्पा पहलवान कर्नाटक के साथ हुई दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। पांचवी कुश्ती कटप्पा पहलवान व रिजवान पहलवान जम्मू के साथ हुई, जिसमें दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। दंगल संचालक इमरान ने बताया कि गुरुवार को अन्य प्रदेशों के पहलवान व महिला पहलवान की कुश्ती आयोजित होगी। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खान, अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र, कन्हैयालाल, राजेश, तुषार, चंदन सहित काफी लोग उपस्थित हुए।

ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

सीतापुर, अमृत विचार : सिधौली तहसील क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में अन्नपूर्णा सरकारी राशन दुकान के स्थान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने दुकान जगदीशपुर में प्रस्तावित की थी, लेकिन ग्राम प्रधान इसे पिपरा गांव में स्थापित कराने का प्रयास कर रही हैं। इसी विरोध को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम सिधौली को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान विकास कार्यों में पहले भी अनियमितताएं कर चुकी हैं । इस पर प्रधान प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश ने कहा कि राशन कोटा पिपरा गांव में स्थित है, इसलिए सुरक्षा कारणों से दुकान वहीं स्थापित करने का विचार था।

4 दिसंबर तक भरे जाएंगे गणना प्रपत्र

सीतापुर, अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण एवं मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाकर प्राप्त करना है।

जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत समस्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र भरवाकर वापस प्राप्त किया जा रहे हैं। प्रत्येक मतदाताओं को अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ उपलब्ध कराया जाना है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं द्वारा https://voters.eci.gov.in पर जाकर अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भी फीड किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित बीएलओ अथवा टोल फ्री नम्बर 1950 अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय के नम्बर 05862-242333, 09454418071 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सिटी डायरी

अन्नपूर्णा भवन का पूजन करते ग्रामीण व अन्य।

मिश्रिख की 36 ग्राम पंचायतों में बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी की पहल पर अब ग्राम पंचायत स्तर पर राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाने के लिए अन्नपूर्णा भवन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिश्रिख विकासखण्ड में कुल 36 स्थानों पर अन्नपूर्णा भवन निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में 5 ग्राम पंचायत चन्द्रावल, रामशाला, मुडियारा, निरहन और भिठौली में भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमि चिन्हांकन के बाद प्रधान, सचिव एवं तकनीकी सहायक की उपस्थिति में विधिवत पूजा कर नींव खुदवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल ने बताया कि निर्माण कार्य अगले तीन महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अन्य।

आंगनबाड़ी केंद्रों में उपकरण वितरित

मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार : विकासखंड मिश्रिख में आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्लॉक के 75 आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिशुओं, बच्चों और वयस्कों के स्वास्थ्य मूल्यांकन के लिए जरूरी उपकरणों का वितरण हुआ। आयोजन के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों को इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, एडल्ट वेट मशीन और बच्चों की वजन मशीन उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही सभी उपकरणों को नियमित उपयोग के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सौंपा गया। बीडीओ सुनील कुमार कौशल ने बताया कि कार्यक्रम से लोगों के बीच जागरूकता बढ़ेगी, साथ ही इन उपकरणों के माध्यम से शिशुओं की लंबाई व वजन की सटीक माप संभव हो सकेगी।

शहीद स्मारक पर जलाये गए दीप।

सिधौली में रेजांग ला शहीदों को 120 दीपों से दी श्रद्धांजलि

सीतापुर, अमृत विचार : रेजांगला के वीर शहीदों की गौरवगाथा को नमन करते हुए सिधौली कस्बे में देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। बस स्टैंड से शुरू होकर शहीद स्मारक तक पहुंचे इस श्रद्धांजलि मार्च में युवाओं, समाजसेवियों, वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहीद स्मारक पर 120 दीप जलाकर सैनिकों की शहादत को स्मरण किया गया। इस अवसर पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

चोरों ने घर से नकदी और जेवर किये पार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : रात के अंधेरे में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। शातिरों ने नकदी और कीमती गहनों समेत लाखों की गृहस्थी पर हाथ साफ किया। रामपुरकलां थाना क्षेत्र के सरवा जलालपुर गांव में हुई वारदात के बाद पुलिस पिकेट पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज करते मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

गृहस्वामी ओम प्रकाश सिंह के मुताबिक, देर रात चोर दरवाजे के ताले तोड़कर मकान में घुस आए। अलमारी का ताला तोड़कर करीब 75 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के लाखों के जेवरात, तांबे-पीतल के बर्तन समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कमरे, टूटी अलमारी, दरवाजे और आसपास के मार्गों की बारीकी से जांच की। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए वारदात के खुलासे को दो टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी कैमरों के अलावा कॉल डिटेल का सहारा लिया जा रहा है। कुछ संदिग्धों को हिरासत मे लेकर उनसे पूछताछ भी की जा रही है।

आगरा, अलीगढ़ और बरेली ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

● प्रदेश स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

अमृत विचार : तरणताल स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रतियोगिता में प्रदेश की 19 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन के बाद खेले गए मुकाबलों में आगरा, अलीगढ़ और बरेली की टीमों ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम में प्रतियोगिता पर्यवेक्षक राजेश कुमार सोनकर, यूपी कबड्डी संघ के महासचिव राजेश कुमार सिंह, चेयरमैन विनोद कुमार यादव, निर्णायक दल, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षक मौजूद रहे। दिन भर चले रोचक मुकाबलों में पहला मैच आगरा ने अमेठी छात्रावास को 20-16 से हराते हुए जीता। दूसरे मुकाबले में अलीगढ़ ने झांसी को 50-19 से मात दी। तीसरे मैच में बरेली ने मिर्जापुर को 32-12 से हराते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की।

किसानों को सरसों की खेती का मिला प्रशिक्षण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : राजकीय कृषि बीज भंडार पर नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल योजना के तहत किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ने किसानों को सरसों की खेती की जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा पंकज कुमार वर्मा ने बीज एवं भूमि शोधन की विधियों, रबी फसलों में लगने वाले कीटों और रोगों के बारे में जागरूक करते हुए उपाय बताए। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ श्याम सिंह, खंड तकनीकी प्रबंधक विशाल सिंह, आशीष मिश्रा, प्राविधिक सहायक कृषि गंगाराम, सर्वेश आदि थे।

कार्यक्रम | सरदार पटेल की जयंती पर बाबाकुटी से रामकुंड चौराहे तक निकली एकता पदयात्रा

सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय : आशा

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार : लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता पदयात्रा निकाली गयी। बाबा कुटी से रामकुंड चौराहे तक लगभग 7 किमी की इस यात्रा में हजारों लोगों ने भागीदारी की।

भाजपा विधायक आशा मौर्य के नेतृत्व में पदयात्रा बाबा कुटी से रवाना हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए 7 किमी का सफर तय किया। पदयात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर गुप्ता, प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता, जिला प्रभारी रमेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र भूषण शुक्ला, रमेश बाजपेई, पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा, संतोष सिंह, सुधीर सिंह, मोहन बारी, अतुल चित्रांश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एकता यात्रा में मौजूद एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्य व अन्य।

पूरे मार्ग पर लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। विधायक आशा मौर्य ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया, वह अतुलनीय है। पदयात्रा का उद्देश्य उन्हीं मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

रामकुंड चौराहे पर पहुंचकर पदयात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जहां प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता व सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

कॅरियर मेला आयोजित

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज में कॅरियर मेले का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने छात्रों के सवालों के जवाब दिए। मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज बांसुरा के प्रधानाचार्य संजीव कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज पतवारा लहरपुर के प्रधानाचार्य रविन्द्र विश्वकर्मा और प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर विषयवार जानकारी देकर सवाल-जवाब भी किये।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

आज सात घंटे बंद रहेगी रायपुर गढ़ी व नवई फीडर की बिजली

नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन विद्युत उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया कि उपकेंद्र के दो फीडर रायपुर खड़ी व नवई की लाइनों पर गुरुवार को मरमतीकरण कार्य प्रस्तावित है। जिसके चलते रायपुर गढ़ी व नवई फीडर की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से आकस्मिक कार्य के लिए व्यवस्था करने की अपील की है।

आज फीडर-1 की सप्लाई रहेगी बंद

शुक्लागंज। विद्युत वितरण खंड-द्वितीय के एक्सईएन ने बताया कि अंबिकापुरम में होने वाले कार्य के कारण गुरुवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक फीडर-1 की सप्लाई 5 घंटे बंद रहेगी। इससे जुड़े कई मोहल्लों में आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार गांधी नगर में एबीसी केबल डालने के चलते गांधी नगर, राजमार्ग व आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक करीब 7 घंटे आपूर्ति बंद रहेगी। दिनभर की इस कटौती से फीडर-1 के हजारों उपभोक्ताओं को सुबह से शाम तक बिजली न होने से असुविधा होगी। विभाग ने लोगों से सहयोग और सावधानी बरतने की अपील की है।

स्टेट बैंक के पीछे खड़ी कार चोरी

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी गंगा नारायण मिश्रा ने रोज की तरह अपनी कार अंबिकापुरम स्थित स्टेट बैंक के पीछे गेस्ट हाउस के पीछे वाले रास्ते पर खड़ी की थी। सुबह जब वह गेस्ट हाउस पहुंचे तो कार वहां नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने आसपास खोजबीन की और गेस्टहाउस व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में चोर कार ले जाते हुए दिखे लेकिन चोरों की शक्ल साफ नहीं दिखी। पुलिस ने उनकी तहरीर पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के मार्गों की फुटेज भी खंगाल रही है।

लापता युवक का कुएं में पड़ा मिला शव

उन्नाव। बिहार थानाक्षेत्र के पनहर गांव निवासी अमित (28) पुत्र राधेश्याम 13 नवंबर की रात से लापता था। बुआ कृष्णा ने बताया कि उसकी तलाश की जा रही थी। लेकिन इसके लापता होने की सूचना परिजनों ने पुलिस को नहीं दी थी। बुधवार सुबह गांव से 300 मीटर आगे विनोद कुशवाहा के खेत के पास कुएं से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने देखा तो पानी में शव पड़ा दिखा। ग्राम प्रधान पति राज कुशवाहा ने बताया कि अमित खेती करता था। वह शराब का भी लती था। उसकी शादी नहीं हुई थी। अनुमान है कि नशे में वह कुएं में गिर गया हो और पानी में डूबने से मौत हो गई हो। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

युवती को बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

सफीपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह उसकी 29 वर्षीय बेटी स्कूल पढ़ाने जाने की बात कह घर से निकली थी। पता चला है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरन नगर मोहल्ला का राहुल शुक्ला उसे बहला फुसलाकर ले गया है। अनहोनी की आशंका से वह ग्रसित है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि केस दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

लेखपाल पर फसल बर्बाद करने का आरोप

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतई पुरवा निवासी बलवीर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 17 नवंबर की दोपहर वह अपने खेत में काम कर रहा था। तभी पड़ोसी गांव कुंशी निवासी लेखपाल दो ट्रैक्टर लेकर आ पहुंचा और खेत की फसल से ट्रैक्टरों को निकाल दिया। जिससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। विरोध करने पर लेखपाल व उसके भाई ने गालियां देते हुए उसे लात-घूसों से पीट दिया। बीच-बचाव करने पहुंची भाभी रीमा से भी मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गैस एजेंसी में चोरों बोला धावा

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज में भईया जी गैस एजेंसी में मंगलवार रात चोरो ने ताला तोड़कर जरूरी कागजात व 10 रेग्यूलेटर व चांदी का सिक्का ले गये। जिसकी सूचना पुलिस को पीड़ित ने दी है। भईया जी गैस एजेंसी के मालिक रुचिर शुक्ला ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि वे जब बुधवार सुबह एजेंसी पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है और सामान बिखरा है। जिसमें 10 रेगूलेटर व एक चांदी का सिक्का व जरूरी कागजात के साथ सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी चोर उठा ले गये। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

जिले के 2 लाख 11 हजार किसानों के खातों में भेजी गई सम्मान निधि

किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त, डीएम ने लाभार्थियों को सौंपी ट्रैक्टर की चाबी

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थित में कृषि भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं क़िस्त की के हस्तांतरण संबंधी जानकारी दी गई और जिले के 2 लाख 11 हजार किसानों को ऑनलाइन धनराशि हस्तांतरण की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने कृषि भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा कृषकों के हितार्थ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लगे स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के भारत के कोयम्बटूर तमिलनाडु से किसान सम्मान निधि की 21वीं क़िस्त की राशि के हस्तांतरण संबंधी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों व किसानों द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में जिले में इनसीटू योजना के अन्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक के लाभार्थी कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) ककरौरा छूही फारमर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड विकासखंड सफीपुर के अध्यक्ष शुभम द्विवेदी व मां पूर्वी देवी फारमर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड बिछिया के अध्यक्ष हरशरण सिंह को जिलाधिकारी द्वारा ट्रैक्टर की चाबी देकर लाभन्वित किया गया। इस दौरान उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए किसान उपस्थित रहे।

लाभार्थी को ट्रैक्टर की चाबी देते डीएम। अमृत विचार

सड़क हादसे में घायल रिटायर्ड शिक्षक की मौत

उन्नाव। पालिटेक्निक के रिटायर्ड शिक्षक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा निवासी शिव शंकर गौतम (61) पुत्र स्व. राम गुलाम मूलतः बिहार थानाक्षेत्र के भगवंत नगर के निवासी थे। वह बीते वर्ष पालिटेक्निक के शिक्षक पद से रिटायर हुए थे। बीती 26 अक्टूबर को अपने बहनोई शिव चरण के साथ गांव गए थे। जहां से लौटते समय बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर रैथना चौराहा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मारी थी। इसमें दोनों लोग चोटहिल हुए थे। सिर में आई चोट से शिवशंकर कोमा में चले गए थे। परिजनों ने उन्हें उनका कानपुर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। बीती रात डॉक्टर ने उनकी हालत गंभीर देख डिस्चार्ज कर दिया। लेकिन घर पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई।

डीसीएम की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, बिछिया, उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव-पुरवा मार्ग पर सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रही महिला की डीसीएम की टक्कर से मौत हो गई। वहीं, उसके साथ रही दो भतीजियां भी चोटहिल हो गईं। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए।

ऊषा (फाइल फोटो)

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गयादीन खेड़ा गांव निवासी ऊषा (30) पत्नी गोविंद की बेटी राधिका का गले में गांठ का इलाज सदर कोतवाली क्षेत्र के एबी नगर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को वह बेटी को लेकर डॉक्टर के यहां आ रही थी। साथ में देवरानी सीमा पत्नी शिवकुमार व उसकी बेटियां नैंसी व मानवी भी थीं। सभी वाहन के इंतजार में दही थानाक्षेत्र के उन्नाव-पुरवा मार्ग पर सड़क किनारे खड़े थे। तभी पुरवा से आई तेज रफ्तार डीसीएम ने ऊषा को टक्कर मार दी। वहीं भतीजी नैंसी व मानवी को भी चोटें आईं। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने ऊषा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल नैंसी व मानवी को इलाज के बाद घर भेज दिया। इसकी खबर से परिजनों में चीखपुकार मच गई।

पत्नी की मौत से गोविंद बेहाल है। वहीं ऊषा की मौत से उसके चार बच्चों राधिका, अंश, अंजलि व दीपांजलि से मां का आंचल छिन गया। अस्पताल की सूचना पर दही पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है।

45 साल पुराने दोहरे हत्याकांड के दोषी को आजीवन कारावास

उन्नाव, अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सातन गांव निवासी बलदेव प्रसाद उर्फ वीरेंद्र उर्फ मान ने 6 नवंबर-1980 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके चाचा प्रयाग नारायन शुक्ल की गांव के विजय से पुरानी रंजिश थी। क्योंकि चाचा ने बलराम तिवारी की हत्या में गवाही दी थी। जिसमें विजय राज बहादुर, बरजोर यादव, स्वामी पांडेय, ओमप्रकाश को आजीवन कारावास हुआ था। बताया कि वो अपने चाचा प्रयाग नारायन, सुंदर उर्फ दुर्गा, कल्लू यादव निवासी गौरीखेड़ा, हरीशंकर, कृपा शंकर निवासी सातन के साथ पेशी पर जा रहे थे। साथ में अवधेश सिंह भी था। सभी लोग सुबह 7 बजे मैकु तेली मार्ग पर मौरहाई नदी के पुल से करीब पहुंचे थे कि पहले से घात लगाए बैठे विजय राज बहादुर, गोमती शंकर, बृजलाल दीक्षित, बरजोर यादव, रामसेवक यादव, अयोध्या, फूल सिंह, रामसेवक यादव, पुत उर्फ जय शिव, मन बोधन शुक्ल, मधुर, लाखन, स्वामी पांडेय, ओमप्रकाश, गया प्रसाद, बच्चू उर्फ प्रेमशंकर, प्रयाग नारायन पांडेय ने उन्हें घेर लिया। विजय राज बहादुर हाथ में रायफल लिए था। बाकी सभी बंदूक लिए थे। विजय के ललकारने पर सभी ने फायर करना शुरू कर दिया। बुधवार को न्यायालय में अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश स्वतंत्र प्रकाश ने फूल सिंह को आजीवन कारावास के आदेश दिए।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

उन्नाव, अमृत विचार। पुरवा कोतवाली पुलिस ने 12 सितंबर 2018 को क्षेत्र के पासाखेड़ा गांव के सचिन पर किशोरी से दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचक तत्कालीन दरोगा महेंद्र चंद्र ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 24 नवंबर 2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोषी को 10 साल की के साथ 9 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

दहेज हत्या में पति को सात साल की सजा

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि जून-2020 में उसने बेटी ज्योती की शादी अजगैन कोतवाली के धाराखेड़ा गांव के मजरा मकूर निवासी राजबहादुर से की थी। शादी के बाद से राज बहादुर दहेज में बाइक न मिलने से बेटी को प्रताड़ित करता था। आरोप था कि 6 जुलाई-2021 की दोपहर उसकी बेटी को मारकर फंदे से लटका दिया गया और उसे फोन कर बेटी द्वारा आत्महत्या करने की सूचना दी। बुधवार को मामले की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह की दलील व साक्ष्य के आधार पर राजबहादुर को 7 साल की सजा सुनाई और उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया।

जानलेवा हमला कर फरार हुआ इनामी पकड़ा गया

उन्नाव। एसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार आरोपी को पकड़कर जेल भेजा है। वह बीते एक साल से पुलिस की गिरफ्त से दूर था। इससे उस पर 20 हजार का इनाम भी घोषित था।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन मोहारी बाग निवासी उत्कर्ष अग्निहोत्री पुत्र वंश गोपाला ने 8 नवंबर-2024 को आशीष त्रिवेदी पुत्र शिव माधव निवासी शिवनगर थाना दही, नितिन मिश्रा, रोहित सोनी व एक अज्ञात के खिलाफ जान से मारने की नियत से उत्कर्ष व उसके भाई विशाल अग्निहोत्री पर तमंचे से फायर व चाकू से हमला करने सहित गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

देर रात हटाए गए दही एसओ सदर कोतवाल का भी तबादला

उन्नाव, अमृत विचार। दही क्षेत्र के तुर्कमान नगर में सोमवार रात अधिवक्ता व पुलिस कर्मियों में विवाद हुआ था। इसके बाद गिरफ्तार अधिवक्ता को रिमांड के लिए पुलिस कोर्ट लाई। वहां बार एसोसिएशन की अगुवाई में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। पूरे मामले की जानकारी पर जिला जज ने इस मामले को लेकर एसपी से वार्ता की थी। इसके बाद एसपी ने एसओ दही को लाइन हाजिर कर दिया।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के तुर्कमान नगर निवासी अधिवक्ता पीयूष लोधी व उसके परिजनों का पड़ोसियों से विवाद हुआ था। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव हुआ जिसमें सिपाहियों को चोटें आईं। पुलिस ने अधिवक्ता व उसके परिजनों को गिरफ्तार कर उन पर घायल सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप है कि गिरफ्तारी के बाद पीयूष को बेरहमी से पीटा गया। मंगलवार देरशाम पुलिस उसे कोर्ट लाई। जहां बार अध्यक्ष व मंत्री की अगुवाई में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया। इस पर जिला जज ने मामले की जानकारी कर एसपी से वार्ता की और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने को कहा। रिमांड निरस्त किए जाने पर सभी को छोड़ दिया गया और पुनः अस्पताल भेजा गया। इसके बाद देररात एसपी जयप्रकाश सिंह ने दही थाना प्रभारी अवनीश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। इससे पूर्व उन्हें तत्कालीन एसपी दीपक भूकर ने भी सदर कोतवाली प्रभारी रहते बीती 17 अगस्त को लाइन भेजा था। लेकिन बाद में उन्हें दही थाने का अतिरिक्त निरीक्षक फिर प्रभारी बनाया था। वहीं एसपी ने सदर कोतवाली प्रभारी संजीव कुशवाहा को स्थानांतरित कर औरास थाना प्रभारी बनाया। वहीं डीसीआरबी के प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा को सदर कोतवाली की जिम्मेदारी दी है। औरास थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह को दही थाना की कमान सौंपी गई है।

मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर जाजमऊ चौकी से पहले मंगलवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

हरदोई जनपद के थाना लोनार अंतर्गत गदाईपुर भुड़िया निवासी रामनरेश ने बताया कि उनका 30 वर्षीय बेटा रजनीश सिंह निजी कार्य करता था और काम के सिलसिले में दो ट्रैक्टर एक साथ बांधकर हिमांचल प्रदेश से सतना जा रहा था। वे आगे बताते हैं कि 18 नवंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे जब रजनीश जाजमऊ पुलिस चौकी से पहले पहुंचा, तभी उल्टी दिशा से आ रहे एक कंटेनर ने तेज रफ्तार में उनके वाहन में टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि रजनीश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पिता की तहरीर पर कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ओपेन जिम की दी सौगात

चौपाल में लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र देतीं महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव।

उन्नाव, अमृत विचार। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा अपर्णा यादव ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों व उनके बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि के बारे में जानकारी ली। कारागार में महिलाओं व बच्चों को फल, चाकलेट, वस्त्र आदि का वितरण कर कारागार अधीक्षक पंकज सिंह को शासन के निर्देशानुसार जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिये।

इसके बाद वह टीकरगढ़ी स्थित आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान विद्यालय की बच्चियों से शिक्षा विभाग से प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और विद्यालय की शिक्षिका को पठन-पाठन, शिक्षा सामग्री, खेल, मनोरंजन, भोजन, वस्त्र व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। बच्चियों की मांग पर उन्होंने विद्यालय को ओपन जिम की सौगात भी दी।

लाभार्थियों को डेमो चेक और प्रशस्ति पत्र

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी सभागार में महिलाओं के साथ नारी चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना व निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक व प्रशस्तिपत्र बांटे गए।

शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर लगा ब्रेक

हरदोई पुल पर लगाया गया हाइटगेज। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। शहर में कल्याणी रेलवे क्रासिंग पर बने हरदोई पुल के पिलरों में दरारें आ गई हैं। इस पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए हाईटगेज लगाए गए हैं। रेलवे ने लखनऊ बाईपास व हरदोई पुल के दोनों ओर बुधवार को हाइटगेज लगाकर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया। अब भारी वाहन दोस्तीनगर बाईपास से निकाले जाएंगे।

बता दें कि शहर की कल्याणी क्रासिंग पर करीब 20 करोड़ से 900 मीटर लंबा व सात मीटर चौड़ा पुल बना था। हरदोई रोड जाने वाले मार्ग पर बने पुल से रोजाना हजारों वाहन निकलते हैं। इनमें भारी वाहनों की संख्या अधिक होती है। पुल को बने 39 साल हो गए हैं लेकिन पुल की कभी पूरी तरह मरम्मत नहीं हुई। भारी वाहनों के 24 घंटे आवागमन से पुल कमजोर हो रहा है। पुल की स्लैब दरकने लगी है। पिलरों में भी दरारें आ रही हैं। सबसे अधिक खराब स्थिति रेलवे सीमा वाले पुल की है। अब रेलवे पुल से भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए हाईटगेज लगा दिए हैं। ताकि हाईटगेज की निर्धारित ऊंचाई के कारण अब केवल हल्के व निर्धारित ऊंचाई वाले वाहन ही यहां से गुजर पाएंगे। जिससे हरदोई पुल पर भार कम होगा।

सिटी डायरी

सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

शुक्लागंज। गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम श्रृंखला के तृतीय सोपान का आयोजन विद्यालय के सभागार यायावर कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में 125 माताएं शामिल हुईं। अतिथियों का स्वागत संयोजिका आशा शुक्ला, आरती और रुचि ने किया। संचालन गीतांजलि ने किया। मुख्य वक्ता समाजसेविका सुषमा अवस्थी ने समाज में महिलाओं की भूमिका और मातृत्व की महत्ता पर प्रेरणादायी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु बाजपेई ने की। कुटुंब प्रबोधन विषय पर पारुल सिंह ने परिवार में संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रेरणादायी महिलाओं के रूप में अनुराधा मिश्रा, कीर्ति, रंगोली शुक्ला, लक्ष्मी मिश्रा और खुशबू राठौर का सम्मान किया गया। अंत में नीलू सिंह ने संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। प्रधानाचार्य दुर्गेश सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

शिशु मंदिर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद मातृशक्ति।

राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते एडीएम।

अवलोकन करती टीम।

कौमी एकता सप्ताह के प्रथम दिन दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

उन्नाव। कौमी एकता सप्ताह के प्रथम दिन कलक्ट्रेट सभागार व विकास भवन में राष्ट्रीय एकता व सद्भाव की शपथ दिलाई गई। कलक्ट्रेट सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड ने तथा विकास भवन में जिला विकास अधिकारी देव कुमार चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। एडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय एकता या कौमी एकता सप्ताह, धर्म निरपेक्षता, अहिंसा, भाषाई सौहार्द, कमजोर वर्गों के विकास व खुशहाली, अल्पसंख्यकों के महिला और संरक्षण के मुद्दों को उजागर करने के लिए आयोजित किया जाता है। एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज आदि अधिकारी-कर्मचारी रहे।

सीएचसी व मलांव गांव का टीम ने किया अवलोकन

नवाबगंज। आईएसटीएम के 70 सहायक अनुभाग अधिकारियों के लिए 6 दिवसीय विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम 17 से 22 नवंबर 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर की जमीनी योजनाओं व कार्यों का अवलोकन कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ द्वारा सत्र प्रभारी के नेतृत्व में सहायक अनुभाग अधिकारियों की टीम नवाबगंज पहुंची। टीम ने सीएचसी नवाबगंज व मलांव गांव का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

एसवीएम में धूमधाम से मनाया गया भाऊराव देवरस का जन्मदिन

कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

शुक्लागंज। गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को वंदना सत्र के बाद भाऊराव देवरस का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता श्याम नारायण मिश्रा ने भाऊराव देवरस के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मधुकर दत्तात्रेय देवरस का जन्म 1917 में नागपुर में हुआ था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह, आयोजक संजय कुमार त्रिपाठी, रंजना, संकुल मीडिया प्रभारी रविशंकर श्रीवास्तव और शिव सिंह सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

आयोजन | 108वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित

जयंती पर याद की गईं पूर्व पीएम इंदिरा गांधी

पुष्पांजलि अर्पित करते कांग्रेसी। अमृत विचार

इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति निक्सन को व्हाइट हाउस में जाकर ललकारा था। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, सुभाष सिंह, रावेंद्र सिंह, अमित मौर्य, बाबूराम निषाद, संजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई की मनाई जयंती

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार। नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में बुधवार को गांधी चौक मिश्रा कॉलोनी में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं तथा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की 197वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि यह दिन महिला शक्ति और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा का प्रतीक है।

भोले बाबा बम-बम गूंजेला बाबा की नगरिया

महादेवा महोत्सव की तीसरी शाम रही भोजपुरी संगीत के नाम, सुनने पहुंचे हजारों लोग

रामनगर, बाराबंकीः

अमृत विचार। महादेवा महोत्सव की तीसरी शाम भोजपुरी संगीत प्रेमियों के लिए यादगार साबित हुई। इस अवसर पर प्रसिद्ध भोजपुरी गायक समर सिंह और गायिका शिल्पी राज ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से पंडाल को भक्तिमय और रंगीन बना दिया।

अपने गीतों का जादू चलाते भोजपुरी गायक समर सिंह।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह और बीडीओ जितेंद्र कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की। समर सिंह ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत अचरा के प्यार माई हो, भरदे झोली मईया भोली, भोले बाबा बम बम गूंजेला बाबा की नगरिया जैसे गानों से की, जिसने पूरा माहौल शिवमय कर दिया। इसके बाद उन्होंने भोले बाबा फेरी न नजरिया, सावन में कधा धुआं धुआं, बोल बम की साड़ी चाही और अन्य लोकप्रिय भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

भोजपुरी गायिका शिल्पी राज ने देवी मइया की कृपा, तनिकव न कमी पईबा मैय्या के प्यार मा जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने इसके बाद बुलेट पर जीजा गीत भी प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शक झूम उठे और जमकर ठुमके लगाए। भारी दर्शक संख्या के चलते पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था और समर सिंह व शिल्पी राज की प्रस्तुतियों ने महोत्सव की तीसरी शाम को अविस्मरणीय बना दिया।

देर रात तक हजारों की भीड़ जुटी रही। पंडाल में पीछे के लोग कुर्सियों पर चढ़कर खड़े होकर कार्यक्रम का आनंद लेते देखे गए। सुरक्षा के लिए वहां तैनात पुलिस को भीड़ संभालने में पसीना छूट गया। भारी भीड़ के चलते रात में एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने पहुंचकर कमान संभाली। सीओ गरिमा पंत के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय भारी पुलिस बल के साथ भीड़ को संभालने में जुटे रहे।

गीतों की प्रस्तुति देतीं गायिका शिल्पी राज। ● अमृत विचार

पंडाल में झूमते दर्शक। ● अमृत विचार

शिवम के गीतों पर तालियों से गूंजा पंडाल

महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर लखनऊ के भोजपुरी गायक शिवम यादव ने अपनी भक्ति और भक्तिमय प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भजन आइले दुवरिया पा हे महतारी से की, जिसने पूरे पांडाल में भक्तिमय वातावरण बना दिया। इसके बाद उन्होंने राम नाम मन को भायो, अयोध्या म चले आएव, जौंन गली जाई शबे, वाहे चाले लागब, जब कभी जिंदगी मा हो जाई उदाश ब और एक बार जो रघुबर की नजरों का इशारा हो जाये, तेरी लगन में खो जाऊ सहित कई भोजपुरी भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा।

मयूर नृत्य पर दर्शक जमकर झूमे

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार। महादेवा महोत्सव के तीसरे दिन सतरंगी मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। लखनऊ की रास रंग संस्था के कलाकारों ने मयूर नृत्य और फूलों की होली की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने दिल खोलकर सराहा। कार्यक्रम में प्रस्तुतियाँ जैसे नटवर नागर नन्दा, भजो रे मन गोविंदा, कृष्णा लगन लगी, जा रे कन्हैया मुझसे बात नहीं करना, यमुना किनारे रास रचो है और कान्हा बरसाने में आई जइयो ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मयूर नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति ने मंच पर भक्तिमय माहौल बना दिया। इसके बाद कान्हा मोहे ऐसो बनायो मोर और कान्हा मोहे ज्यादा लगे तू प्यारो जैसे गीतों पर नृत्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण नृत्य और फूलों की होली के रंग-बिरंगे कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया।

लोकगीत प्रस्तुत करतीं मानसी।

मानसी के लोकगीतों ने किया मंत्रमुग्ध

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार। महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर लखनऊ से आई गायिका मानसी रघुवंशी ने भजनों और पारंपरिक लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भजन शिव कैलाश के वासी, तुम उठो सिया सिंगार करो से की, जिसने पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। इसके बाद उन्होंने पारंपरिक लोकगीत ए पहुना मिथिला रहिया, मिथिला नगरिया निहाल सखिया और मेरे भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा प्रस्तुत किए।

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैंने अपना नाम KHADEEZA से बदल कर CHANDA W/O MOHD MUSHEER AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। **निवासी HARRAI Barabanki - 225301**

सूचना

मैने अपना नाम SYED MEHAR ABBAS NAQVI से बदलकर SYED MEHAR ABBAS रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SYED MOHD WASI ADD-BHADARSA LALPUR LALPUR PURVI BHARATKUND BHADORSA TA BAHAR, DIST-FAIZABAD - 224202(U.P)**

सूचना

मैने अपना नाम MOHD HAROON ABDUL HASAN से बदलकर MOHD HAROON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-ABBUL HASAN ADD-HAMIRAPUR, MALIHABAD, PO-MALIHABAB DIST- LUCKNOW - 227111 (U.P)**

सूचना

मैंने अपना नाम MAHENDRA KUMAR से बदल कर MAHENDRA KUMAR AGARWAL रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O- RAM AUTAR R/O: H NO 15-B, BAINK ROAD ALLAHABAD UTTAR PRADESH - 211002.**

सूचना

सूचित हो कि, मैं Belal Ahmed पुत्र Abul Kalam निवासीः– 302, सिल्वर हाइट्स अपार्टमेंट, गुलशन एन्क्लेव, खुर्रमनगर, पोस्टः विकासनगर लखनऊ का हूँ, मेरे नाम में Belal Ahmed की स्पेलिंग Belal Ahmad अंकित हैं, जो गलत हैं, मेरे सारे दस्तावेजों में मेरा नाम सही स्पेलिंग के साथ Belal Ahmed अंकित हैं, अतः मेरे नाम को Belal Ahmed लिखा जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **सौम्य दुबे पुत्र कृष्ण अवतार दुबे निवासी ग्राम सराय सुन्दर पोस्ट अकबरपुर, परगना छिबरामऊ, जनपद कन्नौज** घोषित करता हूं कि मेरा चाल चलन ठीक नहीं है जिससे मैं अपने पिता कृष्ण अवतार पुत्र तेजराम के साथ नहीं रहना चाहता। उनसे संबंध विच्छेद करने के साथ उनकी सभी जायदाद जैसे कृषि भूमि व मकान में कोई हिस्सा नहीं लेना चाहता हूं। विच्छेदन की समस्त प्रक्रिया का जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। इससे किसी का लेना देना नहीं है।

अमरनाथ गुफा बनी हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार। महादेवा महोत्सव में अमरनाथ गुफा इस बार हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बनकर उभरी है। मेला मैदान में उमड़े सभी समुदाय के लोग गुफा के भीतर से होकर पहाड़ पर विराजमान भोलेबाबा के दर्शन कर रहे हैं। गुफा के अंदर जगह-जगह विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों पर श्रद्धालुओं ने माथा टेका। मेले में बच्चों और नवयुवकों की चहलकदमी ने उत्सव को और जीवंत बना दिया। चक्रीय ड्रैगन, ट्रेन और प्लेन जैसे झूलों पर सभी ने आनंद लिया। वहीं, मेले में सजी चटपटे व्यंजनों की दुकानों पर लोग लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे थे। मेला क्षेत्र में लगी प्रदर्शनी में भी लोगों की काफी भीड़ नजर आई, जहां उन्होंने खरीदारी का भरपूर मज़ा लिया। कार्यक्रम में शामिल नामचीन कलाकारों ने पहले महादेवा मंदिर पहुंचकर शिवलिंग की पूजा-अर्चना की और अपने आप को धन्य महसूस किया। महादेवा महोत्सव इस वर्ष न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश भी देता नजर आया।

महादेवा महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बनी अमरनाथ गुफा।

मंदिर के गर्भगृह में विराजमान लोधेश्वर महादेव।

निजी बस को डंपर ने मारी टक्कर, सवारियां घायल

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। बुधवार दोपहर एक निजी बस उन्नाव से हरदोई सवारियां लेकर जा रही थी। बस अभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के पास ही पहुंची थी कि बांगरमऊ से आ रहे डंपर उसे टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। डंपर की टक्कर से बस में सवार अलेहा फातिमा, नूर मोहम्मद, कनीजा व रोहित निवासी सादुल्लापुर सीएचसी पहुंचे। जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके अलावा कुछ घायल निजी अस्पताल चले गए। घायलों में राहुल, नितिन, फातिमा, नूर आलम, अमन, आलिया, कनक आदि भी घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि बस को थाने लाया गया है। आगे की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बस के सभी कागज पूरे हैं।

घर से निकली किशोरी लापता

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला न्यू कटरा निवासी चमेली की 15 वर्षीय बेटी रुचि बीती सोमवार दोपहर 12 बजे किताबें लेने घर से निकली थी। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी और रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारियों में किशोरी की काफी खोजबीन की किंतु अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच व तलाश शुरू कर दी है।

बच्चों की ऊर्जा और प्रतिभा ही हमारे भविष्य की ताकत है : माधवेंद्र प्रताप

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने अटल बिहारी बाजपेई खेल मैदान सतौथा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को मार्चपास्ट की सलामी और 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि कम संसाधन में बेसिक स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय है। इन नन्हें-मुन्नों की ऊर्जा और प्रतिभा ही हमारे भविष्य की ताकत है। इस अवसर पर प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरपालपुर उदयभान, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्र, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सरोज भदौरिया, पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की दुष्कर्म की रिपोर्ट

गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र की एक महिला बीती सोमवार शाम शौच के लिये खेत गई थी। तभी अचानक अज्ञात युवक ने उसे दबोच कर दुष्कर्म किया था। अगले दिन चौकी में शिकायत करने पर तहरीर न मिलने के चलते पुलिस ने पीड़िता को बैरंग लौटा दिया था। बुधवार को तहरीर मिलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल करवाकर घटना की जांच शुरू की है। बता दें कि बीती सोमवार शाम महिला ने शौच के दौरान अज्ञात युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा पुलिस को सूचना दी थी। किंतु घटना की तहरीर न मिलने से चौकी पुलिस ने महिला की शिकायत सुनने के बाद चलता कर दिया था। बुधवार को पीड़िता की तहरीर मिलने पर पुलिस हरकत में आई।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट/जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
नीलामी सूची सं0	MPS-BSB-25
कार्य का विवरण	Allotment of MPS Stall at BSB Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years.
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14-11-2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29-11-2025 at 11:00 hrs
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	29-11-2025 at 11:30 hrs
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

SN	Station	Lot No.	Stall ID	Close Date /Time	Quota	Sub Quota
1	VARANASI Cantt. (BSB)	MPS-LKO-BSB-MPS-14-25-1	BSB/1/9/MPS	29-11-2025 at 11:30 hrs	GMU	

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3586/2025

पूर्वोत्तर रेलवे

पीएमएस-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पीएमएस निविदा आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या** : उप मु०इन्जी०-नि०-सीपीआर-पीएमएस-06-2025 दिनांकः 17.11.2025, **कार्य का नाम** – पूर्वोत्तर रेलवे के पनियहवा (छोड़कर)-छितौनी-तमकुही रोड (शामिल) के नए सिंगल ब्राड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्यों के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाओं के लिए अथॉरिटी इंजीनियर नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) (पहला चरणः 29.050 किमी और दूसरा चरण:34.793 किमी, कुल लंबाई = 64.193 किमी।), अनुमानित निविदा मुल्य : 13,84,82,489.70, बयाना राशि (रू०) : 8,42,400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : शून्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 63 (तिरसठ) माह ● बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि– 28.11.2025 ● उपरोक्त पीएमएस निविदा सबमिसन की बन्द होने की तिथि – दिनांक 12.12.2025 15.30 बजे तक। ● उपरोक्त पीएमएस निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 12.12.2025 15.30 बजे के उपरांत। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। उप मुख्य इन्जी०/नि०/ I/ वाराणसी मो०नं० 9794844290

उप मुख्य इंजीनियर/ नि०/I वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू – 337

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**
- **Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences)** (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

कार्यालय जिलाधिकारी, अयोध्या

(खनन अनुभाग)

संख्याः 1495 /क्वैरी कार्यालय/2025–26 दिनांकः हस्ताक्षर तिथि

ई-निविदा आमन्त्रण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या में नदी तल स्थिति निजी भूमि में उपलब्ध निम्न विवरण के अनुसार साधारण बालू के खनन क्षेत्रों को उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम-23 के उपनियम (2)(ड.) के प्राविधानों के अन्तर्गत उपलब्ध घोषित करते हुए शासनादेश संख्या 2026/86-2019-57(सा0)/ 2017 दिनांक 30 अगस्त 2019 में दिये गये निर्देशानुसार उक्त नियमावली के अध्याय-4 के प्राविधानों के अन्तर्गत 06 माह की अवधि के लिए ई-टेण्डर के माध्यम से खनन परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु उपलब्ध घोषित किया जाता है तथा दिनांक 22.12.2025 समय 10.00 बजे से दिनांक 30.12.2025 समय 5.00 बजे तक क्षेत्रों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्षेत्रों का विवरण :-

क्र0 सं0	भूस्वामी/ भूस्वामियों का नाम	तहसील/ ग्राम	गाटा संख्या/ खण्ड संख्या	क्षेत्रफल (हे0)	सीमायें: चौहद्दी		सीमायें: जियोकार्डिनेट	उपखनिज का नाम	खनन योग्य अनुमानित उपखनिज की मात्रा (घ0मी0 में)	साधारण बालू की प्रचलित दर (रू0 में)	न्यूतम आरक्षित मूल्य (रू0 में)	आरक्षित मूल्य का 25 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी रू0 में
1	श्री सट्टू यादव पुत्र श्री राम खेलावन यादव पता नया घाट रैन बसेरा अयोध्या	सदर/ मीरापुर द्वाबा 2207780101	1ल	2.400	उत्तर	1ल का भाग	A 26° 48'14.9" 82° 13'41.0"	साधारण बालू	48000	65	3120000	780000
					दक्षिण		B 26° 48'09.5" 82° 13'48.8"					
					पूर्व		C 26° 48'07.6" 82° 13'46.3"					
					पश्चिम		D 26° 48'12.8" 82° 13'38.7"					
2	धर्मेन्द्र कुमार मनोहर आदि	रूदौली/ मरौचा 1656730103	188 ख	1.100	पूर्व	गाटा संख्या 188 का शेष भाग सीमा ग्राम पसैया गाटा संख्या 174 व 188 का भाग गाटा संख्या 188 का शेष भाग	A 26°49'05.27" 81°49'54.13"	साधारण बालू	27500	65	1787500	446875
					पश्चिम		B 26°49'07.28" 81°49'56.63"					
					उत्तर		C 26°49'06.27" 81°49'57.42"					
					दक्षिण		D 26°49'05.59" 81°50'00.06"					
							E 26°49'02.92" 81°49'57.23"					

2. परिहार की अवधि में मानसून सत्र (जुलाई, अगस्त, सितम्बर) की अवधि सम्मिलित नहीं मानी जायेगी।
3. ई-निविदा आंमत्रण सूचना दिनांक 22.12.2025 समय 10.00 बजे से दिनांक 30.12.2025 समय 5.00 बजे तक तक ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर निविदाकार के द्वारा अपनी ई-निविदा अपलोड की जायेगी।
4. ई-निविदा दिनांक 31.12.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित ई टेण्डर समिति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार, अयोध्या में खोला जायेगा।
5. उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी खनन अनुभाग जिलाधिकारी कार्यालय अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
प्रभारी अधिकारी (खनन)
अयोध्या

UP-240859 दिनांक 18.11.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय जिला कलेक्टर, अम्बेडकरनगर।

पत्रांकः 778/वि0भू0अ0अ0/2025 दिनांक 17.11.2025

सामाजिक समाघात निर्धारण करने हेतु निविदा

जनपद अम्बेडकरनगर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा परियोजना के निर्माण हेतु तहसील अकबरपुर के ग्राम बेवाना, जगदीशपुर मुस्लिमपुर, खानजहांपुर, होरिलपुर व सिवरा की भूमि का अर्जन "भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013" के अन्तर्गत किये जाने हेतु प्रस्ताव मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक- विकास प्राधिकरण (यूपीडा), लखनऊ के पत्र संख्या 4207/यूपीडा-23/1772(30)/भू-अर्जन दिनांक 03 नवम्बर, 2025 के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

क्रमांक	जनपद का नाम	तहसील	ग्राम	प्रस्तावित भूमि (हे0 में)
1	2	3	4	5
1	अम्बेडकरनगर	अकबरपुर	बेवाना	2.57127
2			जगदीशपुर मुस्लिमपुर	2.72010
3			खानजहांपुर	12.467335
4			होरिलपुर	0.20200
5			सिवरा	0.00840
योगः-				17.969105

उक्त भूमि के अर्जन से पूर्व "भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013" की धारा-4 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण (Social impact Assessment) एवं सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना तैयार करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी/अन्य संस्थान/गैर सरकारी संस्थान/ विश्वविद्यालयों आदि से अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अध्ययन करने के लिये तकनीकी एवं वित्तीय आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। आवेदन पत्र का प्रारूप नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अम्बेडकरनगर के कार्यालय में देखा जा सकता हैः-

1- पात्रता :-

अ- सामाजिक समाघात निर्धारण (Social impact Assessment) एवं सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना तैयार करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थान/ विश्वविद्यालयों द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

ब- इच्छुक गैर सरकारी संस्थान प्रश्नगत अधिनियम में कम्पनी/सोसायटी के रूप में पंजीकृत हो अथवा कम से कम पिछले पॉच वर्ष से किसी अन्य सुसंगत अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हो।

स- संस्थान के पास पर्याप्त मानव संसाधन जिसमें योग्य स्तर के अध्ययन/प्रबंधन के लिए उपयुक्त व्यक्ति, जो शीर्ष और मध्यम स्तर के प्रबंधन स्तर पर कुशल कार्य कर रहे हों।

द- संस्थान के पास पेशेवर प्रबंधन, अर्थशास्त्री, समाज शास्त्री/मानव वैज्ञानिक आदि होने चाहिए, जिसका विवरण आवेदन पत्र के साथ देना अनिवार्य होगा।

य- पूर्व में सामाजिक समाघात अध्ययन का अनुभव रखने वाले संस्थान को वरीयता दी जायेगी।

2- आवेदन का प्रारूपः-

अ- संस्थान द्वारा किये गये आवेदन में संस्थान की संरचना का विवरण शामिल होना चाहिए। सामाजिक प्रभाव अध्ययन/मूल्यांकन करने में त्रुटि के लिए संस्थान जिम्मेदार होगा।

ब- आवेदन के साथ सामाजिक प्रभाव अध्ययन या इसी तरह के जुडे पूर्व में किय गये अध्ययनों का विवरण दिया जाय, जिसमें परियोजना के सम्बन्घ में अध्ययन किये जाने सम्बन्धी समय और स्वरूप का विवरण विस्तार से हो।

3- पात्रता का चयनः-

निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त कुल आवदन पत्रों का मूल्यांकन, संस्थान द्वारा दिये गये विवरण के आधार पर किया जायेगा। इस कार्य हेतु उपलब्ध स्टाफ, कार्यरत विशेषज्ञों तथा प्रस्तावित कार्यक्षेत्र अथवा अन्य प्रकार की परियोजनाओं हेतु किये गये पूर्व अध्ययन को शामिल किया जायेगा। अतः संस्था द्वारा इसका विवरण अवश्य अंकित किया जाय।

4- संस्थान के चयन को निरस्त करने के लिये किसी भी कारण का बताया जाना अनिवार्य नहीं होगा।

5- इच्छुक संस्थानों के आवेदन पूर्ण विवरण के साथ कार्यालय में अथवा पंजीकृत डाक से दिनांक 27.11.2025 तक कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, कलेक्ट्रेट, अम्बेडकरनगर कक्ष संख्या 33 में स्वीकार किये जायेगें।

6- सामाजिक समाघात निर्धारण (Social impact Assessment) अध्ययन किये जाने के लिए संस्थान द्वारा लिये जाने वाले शुल्क का विवरण (कर सहित) अलग सीलबन्द लिफाफे में दिया जाना होगा। इसके अभाव में आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः-प्रस्तावित भूमि का पूर्ण विवरण कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, कलेक्ट्रेट, अम्बेडकरनगर कक्ष संख्या 33 में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। आवेदन का प्रारूप जनपद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जिला कलेक्टर,
अम्बेड़करनगर।

UP-240852 दिनांक 18.11.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

न्यूज ब्रीफ

जूडो के कोच बने सांडी के सौरभ पाल

हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक सांडी के चंद्रमपुर निवासी सौरभ पाल पुत्र भैया लाल को यूपी के सिद्धार्थनगर जिले में स्पोर्ट्स स्टेडियम में जूडो के कोच के पद पर नियुक्त मिली है। वह जूडो के नेशनल प्लेयर हैं। जूडो प्लेयर के रूप में भी मेडल हासिल कर उन्होंने जिले का नाम प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक गौरवान्वित कर चुके हैं। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच अनिमेष सक्सेना को दिया है। उनके जूडो कोच बनने पर जिले के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

दंपति को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम मंसूर नगर में एक महिला को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रामदेवी पत्नी रामप्रताप के अनुसार परिवार के रामचंद्र ने बबलू, सोनू और रत्नेश के साथ मिलकर बंटवारे की रंजिश में उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पति उसे बचाने आया तो विपक्षियों ने पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज

अतरौली, हरदोई। बीईओ कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विकास खंड भरावन के समस्त परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता गुरुवार को बीवीएम इंटर कॉलेज भरावन के प्रांगण में संपन्न होंगी। जिसमें एथलेटिक्स ,कबड्डी, खो खो, वालीबाल, क्रिकेट, कुश्ती तैराकी, योग, बैडमिंटन आदि सभी विधाओं में अंडर 14 के बच्चों का चयन किया जाएगा। जल्द ही चयनित बच्चे जनपद स्तर में प्रतिभा करेंगे।

किसान दिवस आज

हरदोई, अमृत विचार। उप निदेशक कृषि सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया है कि किसान दिवस का आयोजन गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में होगा।

डिवाइडर से टकराई निजी बस अधेड़ की मौत व 15 लोग घायल

हाईवे पर अचानक सामने ट्रैक्टर आ जाने से बेकाबू हुई बस

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। लखनऊ-पलिया हाईवे पर लखनऊ जा रही निजी बस बेकाबू हो कर डिवाइडर से टकराते हुए खेत में जा घुसी। बुधवार की दोपहर बघौली थाने के बम्हनाखेड़ा के पास हुए हादसे में अधेड़ की मौत हो गई और 15 सवारियां घायल हो गई। 7 घायलों को एम्बुलेंस-108 से 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि कुछ घायलों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा है।

मंगलवार की दोपहर एक निजी बस सवारियां लेकर लखनऊ जा रही थी। बम्हनाखेड़ा के पास बस के सामने अचानक ट्रैक्टर आ गया। उसे बचाने में बस बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराते हुए सड़क के किनारे खेत में जा घुसी। सवारियों की चीखते-चिल्लाते की आवाज़ सुन कर आस-पड़ोस क लोग दौड़ पड़े। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बस निकालकर एंबुलेंस से 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया। वहां पहुंचते ही एक घायल अधेड़ की मौत हो गई, जबकि हादसे की चपेट में आए 40 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र लालता प्रसाद निवासी सुंदरिया बाग सण्डीला, सुशील की 65 वर्षीय मां सुषमा देवी, टड़ियावां थाने के उमरी निवासी राम आसरे की 45 वर्षीय पत्नी चमेली, बघौली थाने के अदिलापुर निवासी राजेश की 45 वर्षीय पत्नी सुषमा, बघौली थाने के बर्रा डालसिंह निवासी पंकज की 35 वर्षीय पत्नी छोटी बिटिया और कछौना कोतवाली के पूर्वी बाज़ार बालामऊ के बशीर की 30 वर्षीय पुत्री रोशना है। खबर लिखे जाने तक अधेड़ के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई बस। अमृत विचार

घायलों के इलाज में तत्पर रहे डॉक्टर

हाईवे पर बम्हनाखेड़ा के पास हुए हादसे की खबर आते ही 100 बेड हास्पिटल पूरी तरह से अलर्ट हो गया। सीएमएस डा. एके शुक्ला सीधे इमरजेंसी पहुंचे। वहां उन्होने खुद घायलों का हाल-चाल लिया। साथ ही डाक्टरों की टीम हर घायल का हाल लेते रहे। सीएमएस डा.शुक्ला ने बताया कि भर्ती हुए मरीजों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। उधर शव की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

बारातियों से भरी बस टॉवर से टकराई, चार की हालत गंभीर

संवाददाता सवायजपुर, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। कटरा-बिल्हौर मार्ग पर स्थित बरसोहिया गांव के पास बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे टावर से टकरा गई। हादसे में कुल 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बारात देवरान गढ़िया (फर्रुखाबाद) से हरपालपुर के पास सूरापुर जा रही थी। रात करीब नौ बजे बरसोहिया के पास अचानक चालक का नियंत्रण बस से हट गया, जिसके बाद तेज रफ्तार बस सीधे टावर से जा भिड़ी। बस से हट गया, बस मे सवार लोगों ने बताया की चालक शराब के नशे मे था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में बैठे बारातियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में घायल होने वालों में शिवम (27), राज बहादुर शर्मा (62), सुशील (21), बबलू (30), आनंद (16), विमलेश (15), पंकज (20), रामसिंह (60), रामलाल (60), रामवीर (30), केशव (17), नीलू (30), कृष्णानंद (65) समेत कुल 16 लोग शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल शिवम, सुशील, कृष्णानंद और राजबहादुर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद शराबी बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और चालक की तलाश जारी है।

टावर से टकराई बस।

- हादसे में कुल 16 लोग घायल, अस्पतालों में कराया गया भर्ती, नशे में था बस चालक

मायके जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

हरदोई, अमृत विचार। भाई के साथ बाइक से मायके आ रही बहन रास्ते में अचानक नीचे गिर गई। उसके सिर में गहरी चोट पहुंची। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी उसकी मौत हो गई। सीतापुर जिले के मूड़ा खुर्द थाना पिसावां निवासी

शीलू की पत्नी सुनीता (35) का मायका पिहानी कोतवाली के बहादुर नगर में था। मंगलवार को उसका छोटा भाई गोविंद अपनी बेटी के जन्म होने पर उसे विदा कराने मूड़ा खुर्द गया था, वहां से शाम को बाइक से लौट रहा था। बाइक उसके रिश्ते के चाचा कल्लू चला रहा था। गोविंद ने बताया कि जहानीखड़ा रोड पर बहादुर नगर से कुछ पहले मढ़िया रसूलपुर के पास सुनीता अचानक बाइक से नीचे गिर पड़ी। मेडिकल कालेज में कुछ देर चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुनीता के दो बच्चों में बड़ी बेटी रीतिका और उससे छोटा बेटा विनय है। कोतवाली शहर पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

लोकार्पण कार्यक्रम में बोलते मंत्री नितिन अग्रवाल।

आबकारी मंत्री ने पार्क का किया लोकार्पण

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने आवास विकास कॉलोनी स्थित सी ब्लाक सत्संग भवन नघेटा रोड के पास में पार्क का सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। उन्होंने आवास विकास वासियो से अपील की पार्क मे टहलने के साथ-साथ बच्चों के खेलने की भी व्यवस्था की गई है। पार्क मे साफ सफाई की व्यवस्था रखी जायेंगी, जिससे आम जन मानस को राहत मिले। श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर मे जितने पार्क है उनको बेहतर बनाने के लिए। हमेशा प्रयासरत है जल्द सभी का निर्माण कराया जायेगा जिससे शहर के लोगों को अच्छी सुविधा मिल सकें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मधुर मिश्रा, प्रियम मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, मोनू सिंह, चन्द्रहास मिश्रा, राजेश सिंह, रामकिशोर गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

साइबर ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रंजीत कुमार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर साइबर ठगी का आरोप है। रंजीत कुमार ने लोगों को फर्जी लिंक भेजकर उनके खातों से पैसे निकाले हैं।

पुलिस के अनुसार, रंजीत कुमार ने तीन लोगों के साथ ठगी की, जिसमें किशोर सिंह निवासी हैदराबाद सिटी तेलंगाना 50 हजार रुपये, रेशमा निवासी हैदराबाद सिटी तेलंगाना 85,789 रुपये, रश्मी निवासी हैदराबाद सिटी तेलंगाना 60 हजार रुपये पुलिस ने रंजीत कुमार के मोबाइल नंबर और आईएमईआई नंबर को ब्लॉक कर दिया है।

सामाजिक जीवन में नारी की भूमिका महत्त्वपूर्ण

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर छात्रा सम्मान समारोह ब्लाक सभागार शाहाबाद मे संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने भाग लिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आज के समय में सामाजिक जीवन में नारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि नारी सशक्त हैं वो अपनी समस्त जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती हैं। नारी सम्मान के लिए सरकार मिशन शक्ति के तहत तमाम कार्यक्रम चला रही है। कार्यक्रम में एसडी जनता इंटर कॉलेज, बिलक़ीश गर्ल्स इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, किरणेश सिंह इंटर कॉलेज, टीएम पब्लिक स्कूल, रामकुमार इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को अतिथि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला चिकित्सक पारुल गुप्ता, गन्ना समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अध्यक्ष रिफा खान और संयोजक प्रांशु बाजपेई, विभाग प्रमुख इखलाक खान, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

छात्रा को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। मिशन शक्ति के तहत वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती के अवसर पर लाला भभूती जूनियर हाई स्कूल में छात्राओं को पुलिस ने जागरूक किया। कहा कि डरें नहीं, अगर कोई दिक्कत है तो अपनी बात खुल कर कहें। महिला उपनिरीक्षक समीक्षा कटियार ने कहा कि किसी भी समय कहीं पर भी अगर कोई परेशान करता है तो चुप न रहें बल्कि हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि उसको उसके द्वारा किए गए अपराध की सजा दिलाई जा सके।

बाहर से बंद कमरे में लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। प्रेम-प्रसंग में पकड़े जा चुके युवक का शव घर में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। कमरे में बाहर से ताला भी लगा हुआ था, जिसके चलते हत्या का भी संदेह जाहिर किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम घटना की जांच कर रही है।

टड़ियावां थाने के परसनी गांव निवासी सिद्दीक उर्फ पप्पू की दो बेटियों रिंकी व चंदा के अलावा 22 वर्षीय इकलौता बेटा यूसुफ था। यूसुफ का कोतवाली देहात के प्रगति नगर से एक लड़की से निकाह हुआ था। लेकिन करीब एक साल बाद ही दोनों में तलाक हो गया। यूसुफ बर्तन की दुकान पर नौकरी करता था। उसके बहनोई अकील निवासी हेतमपुरवा मजरा इटौली ने बताया कि यूसुफ ने इटौली पावर हाउस के बगल में मकान बनाया था, जिसमें एक कमरा है। दुकान से आने के बाद वह उसके घर हेतमपुरवा से खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला जाता था। मंगलवार की रात अकील एक बारात में टड़ियावां गया था। उसने रात में यूसुफ को फोन किया, लेकिन वह उठा नहीं, उसके एक के बाद एक कर उसने 18-20 बार काल की, सुबह भी बार-बार फोन किया। लेकिन जब उसका फोन नहीं उठा तो वह कमरे पर पहुंचा,जहां बाहर से ताला लटक रहा था। फोन न उठने और कमरें में ताला लटका होने से वह उलझन में पड़ गया, उसी बीच किसी ने दरवाज़े से अंदर झांका, जहां उसके पैर दिखाई दिए। सूचना देने पर पुलिस पहुंची और कमरे का ताला तोड़ा गया। अंदर यूसुफ का शव प्लास्टिक की रस्सी से फांसी पर लटक रहा था।

इधर बताया गया है कि यूसुफ का पड़ोस के गांव की एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह उसे लेकर भाग भी चुका था। लेकिन पकड़ लिया गया था, इतना सब होने के बाद दोनों के बीच मिलना-जुलना बंद नहीं हुआ। यूसुफ की मां नाज़िया ने पुलिस को दी तहरीर में युवती और उसके गांव का नाम देते हुए प्रेम-प्रसंग वाली बात का खुलासा किया है।

गाय से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। बुधवार को दोपहर के समय बिलग्राम कन्नौज मार्ग पर थाना क्षेत्र के जरसेनामऊ गांव के निकट एक बाइक गाय से टकरा गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, घायल बाइक सवार की पहचान सुभाष 18 वर्ष पुत्र सुशील के रूप में हुई है। वह बिलग्राम थाना क्षेत्र के म्योरा गांव का निवासी है।

पुलिस विभाग के फॉलोवर का शव बस अड्डे पर पड़ा मिला

हरदोई, अमृत विचार। परिवहन निगम के रोडवेज बस अड्डे पर अधेड़ का शव पड़ा मिला। उसके पास से बरामद उ.प्र. पुलिस विभाग के पहचान पत्र से उसकी शिनाख्त कन्नौज के कुंवरपुर बनवारी कोतवाली छिबरामऊ निवासी शिवपाल सिंह के रूप में हुई। वह सीतापुर पुलिस पीएमटी (पुलिस मोटर ट्रांसपोर्ट) में फालोवर के पद पर तैनात था।

पुलिस के मुताबिक बुधवार की दोपहर सूचना मिली कि रोडवेज़ बस अड्डे पर एक शव पड़ा है, उसकी जामा तलाशी में जैकेट की जेब में एक पर्स, मोबाइल और परिचय पत्र मिला। उसके मोबाइल से बात करने पर बड़े बेटे हरिदेश ने बात की। उसने बताया कि पिता से सुबह फोन पर बात की थी। उन्हो ने स्वास्थ्य ठीक बताया था। लेकिन घर आने के बारे में कुछ भी नहीं बताया था। समझ में नहीं आ रहा है कि पिता क्यों और किसके सा थ हरदोई पहुंचे। परिवार में पत्नी सुषमा के अलावा तीन बेटे व दो बेटियां है।

पराली जलाने से खत्म होती है खेतों की शक्ति

हरदोई, अमृत विचार। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने किसानों से गोबर की खाद प्रयोग करने को कहा। किसानों से पराली न जलाने की अपील की। कृषि प्रदर्शन केंद्र सभागार पर बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने किसानों को पराली प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को पराली प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी। किसानों से अपील की कि कृषक फसल अवशेष को खेत में न जलाये, उसे गौशाला में देकर गोबर की खाद प्राप्त कर लें।

अतरौली में पांच अस्पताल सीज न्यू बालाजी अस्पताल को नोटिस

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। अतरौली क्षेत्र में बुधवार को हरदोई डिप्टी सीएमओ नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह की टीम ने अवैध अस्पतालों पर मारा छापा। टीम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविन्द मिश्र भी शामिल रहे।

जांच में बिना रजिस्ट्रेशन मिलने पर चन्दन हॉस्पिटल ढ़िकुन्नी, एसएस हॉस्पिटल ढ़िकुन्नी, डाक्टर संगीता हॉस्पिटल पवाया समेत 5 अस्पतालों को सीज कर दिया गया। न्यू बाला जी हॉस्पिटल अतरौली के संचालक को नोटिस देते हुए तीन दिन में रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए। डॉ. अरविन्द मिश्रा ने बताया की न्यू बालाजी हॉस्पिटल समेत कई हॉस्पिटल की गड़बड़ियों की लिखित लगातार आ रही थी। जिसके चलते जांच के बाद कार्रवाई की गई है। नोडल ने कहा कि अवैध हॉस्पिटल के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

युवक की पिटाई करने के आरोपियों पर रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम पारा निवासी युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामसिंह कुशवाहा के अनुसार 12 नवंबर की शाम 7 बजे वह अपने खेत से वापस आ रहा था। रास्ते में गांव निवासी देवेश ने अभिषेक सिंह के साथ मिलकर उसे रोक लिया। विपक्षियों ने तमंचे दिखा कर उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

गांव के तीन घरों से लाखों की चोरी

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़वा में मंगलवार की रात तीन घरों से चोरों ने नगदी जेवर और कीमती बर्तन चोरी कर लिया। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस मौके पहुंच।

गांव निवासी बृजेश शुक्ला उर्फ पिंटू परिवार के साथ लखनऊ में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। गोड़वा में उसका घर गांव के किनारे बना है। यहां हफ्ते 10 दिन में आना जाना बना रहता है। मंगलवार की रात चोर पीछे से दीवार फांदकर घर में घुस गये। ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, बर्तन व 40 हजार नगद रुपये चोरी कर ले गये हैं। बुधवार की सुबह भतीजी महिमा ने घर में टूटे पड़े ताला देखकर जानकारी दिया तो आकर देखा। इसके बाद चोरों ने गोड़वा में ही सरवन और राजेश के घरों में फांदकर जेवर और बर्तन पार कर दिया। सरवन ने बताया कि सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, कसकुट के बर्तन चोरी कर ले गये हैं। वहीं पड़ोसी राजेश ने बताया कि कसकुट के बर्तन चोरी चोरी कर ले गये हैं। राजेश और सरवन दोनों सगे भाई अपने परिवार सहित दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। यहां घर में किराये पर झांसी का बताशा बेचने वाला दीपक रहता था। वह भी एक माह पहले अपने गांव खेती बाड़ी के काम से गया था। बुधवार ही सुबह यहां आया था। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

किराना दुकान से किशोर ने चुराए हजारों रुपये, सीसीटीवी में कैद

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के जामा मस्जिद के निकट किराना व्यापारी रमाशंकर मिश्रा की दुकान से एक किशोर ने 24,,500 रुपए की नगदी पार कर दी। किराना व्यापारी पेशाब करने के लिए गया था। किशोर की चोरी करने की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर किशोर की तलाश कर रही है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज निवासी रमाशंकर मिश्र की जामा मस्जिद के निकट किराना की दुकान है। मंगलवार को दोपहर 3:30 बजे वह पेशाब करने के लिए चले गए। इसी बीच एक किशोर ने उनकी दुकान में एक थैली में रखी 24, 500 की नगदी चोरी कर ली। किशोर की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तत्काल उन्होंने सीसीटीवी फुटेज निकाले फुटेज में एक किशोर दुकान में घुसकर नगदी की थैली चोरी करते हुए दिख रहा है।

देश सेवा | परिजनों व जनपदवासियों ने कहा, यह गर्व की बात

दिल्ली बम ब्लास्ट की जांच में हरदोई के दो सगे भाई भी निभा रहे जिम्मेदारी

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

अमृत विचार। जनपद के पचदेवरा थाना क्षेत्र के गांव लखनौर में दो सगे भाइयों की जोड़ी जो इस समय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पचदेवरा के ग्राम लखनौर निवासी शिवओम शुक्ला (बमबम) जिनके चार बेटे हैं उनमें से सबसे छोटे दोनों बेटे मोहन शुक्ला व सोहन शुक्ला जो दिल्ली फायर पुलिस में तैनात है, जिनकी ज्यादातर ड्यूटी भारत मंडपम में रहती हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में लगाई जाती है। दरअसल यह दोनों भाइयों की जोड़ी दिल्ली में हुए आतंकी हमले को लेकर काफी चर्चा में है। दिल्ली लालकिला पर हुए बम ब्लास्ट की इस दौरान जांच चल रही है, जिसमें लखनौर के दो सगे भाई मोहन व सोहन की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है अक्सर मां-बाप अपने बेटों को ऐसी वैसी जगह भेजने से मना करते हैं लेकिन इन दोनों भाइयों के माता-पिता ने बेटों को ऐसी जगह ड्यूटी पर जाने से रोका नहीं। जब मीडिया ने मोहन व सोहन के बड़े भाई आदेश शुक्ला से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यदि आतंकवादी हमारी भारत माता के सीने में बम दागने का काम करेंगे, तो हम अपने भाइयों को छुपा कर नहीं रखेंगे, हमारे भाई शेर हैं, देश की रक्षा की खातिर हरदम आगे रहेंगे।

लखनौर निवासी मोहन व सोहन।

दो पक्षों में हुई फायरिंग पुलिस ने किया इंकार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के माहीबाग मोहल्ले में मंगलवार को रात दो पक्षों के बीच मामूली विवाद के चलते फायरिंग हुई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लाई। पुलिस ने फायरिंग की बात को इनकार किया है। दोनों युवकों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला माही बाग निवासी सानू और शनब्बर के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज हुआ। बात ज्यादा बढ़ने पर दोनों ने एक दूसरे पर फायरिंग कर दी। मोहल्ला वासियों ने फायरिंग की पुष्टि की है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया फायरिंग की बात पूरी तरह से अफवाह है।

20 फिट गहरे बोरबेल की मिट्टी धंसी किसान की दबकर मौत, शव बरामद

हरदोई, साण्डी, अमृत विचार। खेत की सिंचाई के लिए किसान बोरबेल में उतर कर पाइप लगा रहा था,उसी बीच उसकी मिट्टी धंसने से वह नीचे दब गया। साण्डी थाने के भीखपुर गांव में बुधवार की सुबह हुए हादसे से हड़कंप मच गया। आनन-फ़ानन में दो-दो जेसीबी बुला कर मिट्टी हटाई गई,तब कही काफी देर बाद शव बाहर निकाला गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। साण्डी थाने के भीखपुर निवासी 45 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र इन्द्रपाल खेती-किसानी करता था। बुधवार की सुबह वह अपने खेत की सिंचाई के लिए वहीं बने बोरबेल में पाइप लगा रहा था। उसी बीच 20 फिट गहरे बोरबेल की मिट्टी धंसने से वह उसके नीचे दब गया। हादसा होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस के पहुंचते ही पहले एक,फिर दूसरी जेसीबी बुलाई गई,करीब एक घंटे तक उसकी मिट्टी निकाल कर शव बाहर निकाला गया। राकेश खेती-किसानी कर अपने 7 बच्चों का पेट पाल रहा था। इसका पता होते ही नायब तहसीलदार राकेश सिंह भीखपुर पहुंचे और हादसा होने के बारे में पूछताछ की,पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

हादसे के बाद मिट्टी हटाकर चलाया गया बचाव अभियान।

मजिस्ट्रेट लिखी गाड़ी पर हूटर लगाकर घूम रहे एसीओ चकबंदी

हरदोई, अमृत विचार। पिहानी बस स्टैंड स्थित चकबंदी ऑफिस पर एसीओ अनिल वर्मा मजिस्ट्रेट,उत्तर प्रदेश सरकार व हूटर लगी गाड़ी पर रौब गटते नजर आए, जब अनिल वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में वह नायब तहसीलदार पंडरवा थे। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में वह एसीओ चकबंदी है। उन्हें न तो मजिस्ट्रेट लिखने का अधिकार है न ही गाड़ी में हूटर लगाने का,लेकिन अपना जलवा बुलेट करने के लिए अनिल वर्मा अपनी निजी गाड़ी में मजिस्ट्रेट व हूटर लगाए हुए घूम रहे हैं। एसीओ चकबंदी पिहानी अब्दुल्ला नगर अनिल वर्मा के लिए न तो कोई कानून है ना ही कोई सरकार का आदेश।

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 20 नवंबर 2025

भोजपुरी लोकगीत व रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मोहा

महादेवा महोत्सव के मंच पर कलाकारों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोगों ने तालियों से बढ़ाया उत्साह

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकीः

कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : महादेवा महोत्सव में बुधवार को सांस्कृतिक मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों और लोकगीतों की भरमार रही। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश भी दिया। सूचना विभाग के कलाकार निर्मल और उनकी टीम ने कार्यक्रम की शुरुआत भोले बाबा की भक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों से की। भोले बाबा तेरा सबको सहारा है, खुशियों का अब छाया नजारा है और बाबा भक्तन का उबारव जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा महादेवा मंदिर बड़ा निराला है, बाबा भक्तों का सहारा है और भक्तन पे फेरी के बाबा सगरी नजरिया, बेड़ा पार लगाना है जैसे गीतों ने तालियों की गड़गड़ाहट से मंच गूंज उठाया। निर्मल की टीम के कलाकार राम सागर, साहब दीन, रामअधार, रामेश्वर, बरसाती, दिनेश, रमेश चंद्र, राजेश कुमार, रमेश, उदय राज और इंदल कुमार ने धोबिया नृत्य प्रस्तुत कर प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित किया। मुख्य अतिथि गौरीकांत दीक्षित ने कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अजय तिवारी, संतोष, नूर मोहम्मद, विनीत और चंदन रावत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके बाद सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने भोजपुरी बिरहा लोकगीत के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का महत्व बताया।

महादेवा महोत्सव में आज

● दोपहर 12 बजे वालीबाल प्रतियोगिता। ● दोपहर 3 बजे जमुना कनौजिया द्वारा लोक नाटक व अवधी गीत। ● शाम 4 बजे ह्रदेश तिवारी द्वारा जादू कार्यक्रम। ● शाम 4 :15 बजे देविका द्वारा कार्यक्रम। ● शाम 4 :30 बजे अजय बिष्ट, म्यूजीफायर ग्रुप द्वारा नृत्य। ● शाम 5 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन।

अजीत पांडेय के भजनों पर झूमे श्रोता

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर लखनऊ के भोजपुरी लोकगीत एवं भजन गायक अजीत पांडेय ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने देवी गीत "सृष्टि जब असुरन से लाचार हो गइल, दुर्गा माई का तब अवतार हो गइल" से की, जिसने पूरे मंच पर भक्तिमय माहौल पैदा कर दिया। इसके बाद उन्होंने शिव भजन सबके स्वामी है, ए अंतर्यामी है, मैं महादेव का लाडला, मैं महाकाल का लाल रे प्रस्तुत किया। खेले मसाने में होली दिगंबर और हरे रामा हरे कृष्णा की प्रस्तुति ने कार्यक्रम का रोमांच और बढ़ा दिया। तबला पर माधवेंद्र, ढोलक पर देवानंद, कीबोर्ड पर गौरव मिश्रा और पैड पर दीपक श्रीवास्तव थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख। ● अमृत विचार

कबड्डी टूर्नामेंट में निजामपुर ने जीता खिताब

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : महादेवा परिसर में कबड्डी प्रेमियों द्वारा अपने खर्च पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में शिव प्रताप यादव और अतुल यादव के विशेष प्रयास की सराहना की गई। भाजपा नेता गौरी कांत दीक्षित ने खेलों का उद्घाटन किया। उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख के साथ कुंवर आशीष सिंह, शेखर हयारण और ग्राम प्रधान अजय तिवारी ने भी समारोह में भाग लिया। प्रतियोगिता में पहले मैच में बिलखिया ने शाहपुर को हराया। दूसरे मैच में बिलखिया ने जनता इंटर कॉलेज को मात दी। तीसरे मैच में गेम चेंजर ने रायपुर को पराजित किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला निजामपुर और गेम चेंजर फतेहपुर के बीच हुआ, जिसमें निजामपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

न्यूज ब्रीफ

शराब ठेके के निकट मिला अधेड़ का शव

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को एक शराब ठेके के निकट युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की शिनाख्त हो गई लेकिन मौत के कारणों पर रहस्य बना हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना लोनीकटरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंझार स्थित शराब ठेके के पास बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने एक युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान सतीश वर्मा (40) निवासी ग्राम मौलाबाद के रूप में की। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वजह सामने आ सकेगी।

घर से हजारों के जेवरात व नकदी पार

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर थाना क्षेत्र के बघौली गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक महिला के घर में पीछे से दीवार काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर हजारों के जेवर व नकदी साथ ले गए। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। गांव की महिला गुलाबकला पत्नी स्व. रामदेव रावत ने बताया कि वह रात में खाना-पीना खाकर सो गई थीं। इसी दौरान चोरों ने घर के पीछे की दीवार काटकर चोरी की। चोरों ने अंदर रखी अलमारी और बक्सों का ताला तोड़कर मंगलसूत्र, तीन ठप्पा, एक जोड़ी पायल, नथुनी, एक जोड़ी झुमकी, मांग बेंदी, तीन ठप्पा माला, हाफ पेटी, पायजेब, हाथफूल सहित जेवरात और करीब 11 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। सुबह लगभग 6 बजे जब पीड़िता की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा मिला और पीछे की दीवार कटी हुई थी। उसने तत्काल 112 नंबर पुलिस को घटना की सूचना दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ब्लॉक स्तरीय ट्रायल आयोजित

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरौली में ब्लॉक स्तरीय ट्रायल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ आराधना अवस्थी ने की। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तर की कबड्डी और खो-खो टीमों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग के कबड्डी में बालक वर्ग में शरीफाबाद और बालिका वर्ग में बहरामपुर टीम विजेता रहीं। खो-खो में बालक व बालिका दोनों वर्ग में नरौली टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग में भी कबड्डी और खो-खो में विभिन्न टीमों ने विजेता का खिताब जीता। कार्यक्रम में शिक्षक संघ और विद्यालय प्रधानाध्यापक मोहम्मद इस्माइल ने सहयोग दिया।

रात में बनी दुल्हन, विदाई के वक्त घर छोड़कर चली गयी

बाराबंकी: अमृत विचार : मंगलवार रात दूल्हे ने जिस दुल्हन के साथ सात फेरे लिए, वह बुधवार की सुबह लापता हो गयी। पता चला कि युवती घर छोड़कर चली गई है। अपमान से आहत वर पक्ष हुए खर्च की वापस को लेकर अड़ा रहा। पुलिस मौके पर गई लेकिन फिलहाल मामले की शिकायत नहीं की गई है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में बंकी कस्बा की है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी का विवाह घुंघटेर थाना क्षेत्र के एक युवक से तय हुआ था। मंगलवार को बारात वधू पक्ष के दरवाजे पहुंची, हंसी खुशी भरे माहौल के बीच विवाह की सारी रस्में पूरी हुईं। बुधवार की सुबह विदाई का समय करीब आया तो वर पक्ष दुल्हन का इंतजार करने लगा लेकिन यह पता लगते ही कि दुल्हन घर में है ही नहीं, वर पक्ष में सन्नाटा पसर गया। काफी तलाश के बावजूद दुल्हन का कुछ पता नहीं लगा तो वर पक्ष आग बबूला हो गया। दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई, इस बीच बाराती वहां से गुपचुप निकल गए लेकिन दुल्हन के साथ जाने की उम्मीद खो चुके दूल्हे व उसके परिजन अब तक हुए खर्च की वापसी पर अड़ गए।

हंगामे की सूचना पाकर बंकी चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए। हालांकि चौकी प्रभारी ने किसी शिकायत से इंकार किया है।

पौधरोपण प्रशिक्षण का आयोजन

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में वन रेंजर रानी बाजार और खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता के नेतृत्व में वृहद पौधरोपण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वनरेंजर अल्पना पांडेय ने बरगद, पीपल, आंवला, महुआ, शीशम और सागौन जैसे पौधों की अधिकतम रोपाई पर जोर देते हुए ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम रोजगार सेवक और ग्राम प्रधानों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। डिप्टी वन रेंजर मनोज कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण से पहले उर्वरक डालना आवश्यक है। एडीओ मनोज मिश्रा ने नियमित पेड़ संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर बल दिया।

कवियों ने रचनाओं से लूटी वाहवाही

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार को स्थानीय कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रख्यात अवधी कवि स्व. गुरु प्रसाद मृगेश को उनकी कविताओं के माध्यम से याद किया गया।

अपनी रचना सुनाते कवि। ● अमृत विचार

कवि श्रमेश शर्मा के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कवि प्रमोद पंकज ने अपनी रचनाओं में ग्रामीण जीवन की झलक पेश की। मनोज मिश्रा ने महादेवा महोत्सव का बखान किकया। सुधाकर मृदुल ने राजनीतिक व्यंग्य प्रस्तुत किया गर्दा उड़ा रे गठबंधन का बिहार में। कवि नागेंद्र सिंह, हरिहर दत्त पांडे, जगन्नाथ निर्दोष, विशाल मिश्रा, जाह्नवी ओझा, सुनील झंझट्टी, कवि शिवाजी, सुधा सिंह, अयोध्या प्रसाद, हर्ष सिंह, शिवेश, राजा शिवम त्रिवेदी, प्रद्युम्न मिश्रा, लता, गोपाल त्रिपाठी ने भी अपनी रचनाओं से मंच को सजाया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, चौकी इंचार्ज अभिनंदन पांडेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, सपा नेता शीतल बक्श सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर निकलीं शोभायात्राएं

बाराबंकी, अमृत विचार : वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की 197वीं जयंती पर बुधवार को शोभायात्राएं निकाली गयीं। नारी शक्ति ने लक्ष्मीबाई के परिधान धारण कर शोभायात्राओं में हिस्सा लिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से नगर में भव्य शोभायात्रा जीआईसी ऑडिटोरियम से प्रारंभ होकर नाका चौराहा, धनोखर चौराहा, नेबलेट चौराहा, लखपेड़ाबाग होते हुए वापस जीआईसी पहुंचकर सम्पन्न हुई। 101 मीटर लंबे तिरंगे के साथ कतारबद्ध सैकड़ों छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। हजारों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से पूरा शहर देशभक्ति के नारों और गीतों से गूंज उठा। शोभायात्रा का नेतृत्व विभाग छात्रा प्रमुख प्रियांशी बाजपेई, कार्य समिति सदस्य आकाश त्रिवेदी, जिला संयोजक योगेश सिंह, रचना वर्मा, डाली सैनी, मानसी, सौम्या, वंदना, आस्था, दिव्यांशी, नगर मंत्री कार्तिकेय मिश्रा, विभाग कार्यालय मंत्री अभय राम त्रिपाठी, अभय शुक्ला, विशाल और कामिल आदि उपस्थित रहे। तहसील फतेहपुर क्षेत्र में भी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई। घोड़े पर सवार रानी का रूप धारण किए छात्रा शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण बनीं। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में भी भव्य शोभायात्रा और झांकी का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण के दौरान लोगों ने वीरांगना के साहस और राष्ट्रगौरव का संदेश प्राप्त किया। अधिवक्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। बुधवार सुबह सभागार में रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद दोपहर में कक्षा 5 से इंटरमीडिएट तक की लगभग 50 छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई का स्वरूप धारण कर शोभायात्रा में भाग लिया।

शहर में शोभायात्रा निकालते एबीवीपी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सास ने बहू को पीटा, जेठ ने दिखाया चाकू

बाराबंकी, अमृत विचार : शहर में काम के बाद घर लौटी बहू को सास ने एक कमरे में बंदकर जमकर पीटा। यही नहीं जेठ ने चाकू दिखाते हुए गला काटने की धमकी दी। बहू ने ससुरालियों पर लगातार प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। शहर कोतवाली क्षेत्र में पटेल नगर दशहराबाग की रहने वाली साक्षी अवस्थी पत्नी सूरज मिश्रा ने तहरीर देकर बताया कि वह धनोखर चौराहा के निकट एक डेंटल क्लीनिक में कार्य करती है। गत 10 नवंबर को काम से घर लौटने के बाद वह रोज की तरह घरेलू कार्य कर रही थी, तभी उसकी सास अनीता मिश्रा ने घर का मुख्य दरवाजा बन्द कर उसे कमरे में ले जाकर जमकर मारपीट की। यह क्रम करीब दो घंटे तक चलता रहा, इस दौरान उसका मोबाइल ऊपर कमरे में होने से वह मदद के लिए किसी को काल नहीं कर पाई। बाद में उसके जेठ प्रशांत मिश्रा ने भी उसे चाकू से गला काटने की धमकी दी तथा उसके मायके वालों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साक्षी ने आरोप लगाया कि सास और जेठ द्वारा आए दिन प्रताड़ित किया जाता है।

सिटी डायरी

बैठक की अध्यक्षता करते डीएम शशांक त्रिपाठी।

नियमित कक्षाएं और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करें : डीएम

बाराबंकी, अमृत विचार : जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज बाराबंकी में प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी एवं समिति के अध्यक्ष शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कॉलेज परिसर हुई। बैठक में छात्रों की शैक्षणिक उन्नति, शिक्षकों के बेहतर कार्य वातावरण और कॉलेज के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नियमित कक्षाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं को और मजबूत किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल मिल सके। उन्होंने छात्र परामर्श प्रणाली को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। कॉलेज को से उन्नत करने हेतु स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, डिजिटल संसाधन और प्रयोगशालाओं के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

नए न्यायालय भवनों का मॉडल देखते उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली। अमृत विचार

न्यायालय भवनों का लोकार्पण

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला दीवानी न्यायालय परिसर में बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने नवनिर्मित रिकॉर्ड रूम एवं 13 नए न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति मनीष कुमार लखनऊ पीठ एवं प्रशासनिक न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल मनजीत सिंह शेओरण, वरिष्ठ रजिस्ट्रार राकेश त्रिपाठी, प्रमुख सचिव विधि दिनेश सिंह, जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, पीओ एमएसीटी अल्पना सक्सैना, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट वंदना सिंह सहित कई न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन पदाधिकारी, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अधिवक्ता उपस्थित रहे।

इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

इंदिरा गांधी को किया याद

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को ब्लॉक बनीकोडर के कोटवा सड़क स्थित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके हुई। कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री और राजनीति में अदम्य साहस व दूरदर्शिता की प्रतीक बताया। उन्होंने उनके जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला सचिव मनीष रावत, ब्लॉक अध्यक्ष भानू वर्मा, अकील अहमद, राम नरेश गौतम, लवकुश रावत,अमित रावत, अजय कुमार आदि थे।

गेट खुलवाते सीएमएस डॉ. बृजेश कुमार व संगठन के जिलाध्यक्ष इं. जयदीप सिंह।

एक दशक बाद खुला जिला अस्पताल का मुख्य गेट

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला अस्पताल पुरुष का दस साल से बंद पड़ा मुख्य द्वार आपात स्थिति में मरीजों व एंबुलेंस के लिए खोल दिया गया है। बस बाध्यता यह कि दिन भर बंद रहने के बाद गेट रात दस बजे से सुबह छह बजे तक ही खुलेगा। बुधवार को सीएमएस की मौजूदगी में यह द्वार खोलने की कवायद पूरी की गई। श उद्योग व्यापार संगठन के प्रयासों और लगातार उठाई जा रही मांगों के बाद आखिरकार गेट खुल ही गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार और संगठन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से गेट खुलवाकर इसे आम जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला व अन्य लोग मौजूद रहे।

एक साल से आरोपी फरार, कुर्की की नोटिस

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फरार चल रहे एक अभियुक्त के घर कुर्की की नोटिस चस्पा करवाई है। थाना क्षेत्र में साल भर पहले एक युवती ने गौड़ा गांव निवासी जावेद पुत्र जहीर अंसारी पर शादी के झूठे वादे कर यौन संबंध बनाएं जाने और धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा अंकित कराया था लेकिन पुलिस की दबिश के बाद भी युवक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। न्यायालय ने चेतावनी नोटिस जारी कर अंतिम तारीख तक कोर्ट में हाजिर न होने पर संपूर्ण संपत्ति कुर्क किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

नहरों से सिल्ट के बहाने हो रहा अवैध खनन

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र में नहरों की सिल्ट नीलामी और सफाई का कार्य शुरू होते ही अनियमितताओं के आरोप सामने आने लगे हैं। महोलिया माइनर, मीरपुर माइनर, पटना माइनर और उमरी माइनर के ठेके जारी किए जा चुके हैं। इनमें से महोलिया व पटना माइनर में नीलामी लेने वाले ठेकेदारों ने काम भी शुरू कर दिया है, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार सिल्ट निकासी के नाम पर नहरों के अंदर तक अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि नहरों पर सिंचाई विभाग के मेट तैनात रहते हैं। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के जेई संतोष से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संभव है कि सिल्ट उठाने और नहर सफाई दोनों के ठेके एक ही ठेकेदार के पास हैं, जिसके चलते ऐसा हो रहा है। ठेकेदार को नहर के अंदर की सिल्ट उठाने से मना किया गया है।

नहर में होता अवैध खनन।

कार्यक्रम रबी उत्पादकता गोष्ठी व मिलेट्स मेले का हुआ आयोजन

किसानों के हित में नीतियां बना रही सरकार : शर्मा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शहर स्थित जीआईसी ऑडिटोरियम में मंगलवार को कृषि नवाचार और किसान उन्नति को समर्पित एक भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की उपस्थिति में रबी उत्पादकता गोष्ठी व मिलेट्स प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर हर माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस का भी आयोजन किया गया तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किसानों ने देखा। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना विभागों के साथ-साथ निजी उर्वरक, बीज, पेस्टीसाइड प्रतिष्ठानों एवं कृषि यंत्रों के स्टॉल भी लगाए गए। मुख्य अतिथि ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

उप कृषि निदेशक ने कार्यक्रम में मौजूद लगभग 1200 किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सुविधाओं और विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किसानों को सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं और सभी नीतियां किसान हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। कार्यक्रम में स्थानीय लोकगायक जमुना प्रसाद की टीम ने नुक्कड़ नाटक और लोकगीतों के माध्यम से किसानों को पराली प्रबंधन और मिलेट्स फसलों के महत्व के प्रति जागरूक किया। मेले एवं संगोष्ठी ने कृषकों को नई तकनीकों, योजनाओं और फसलों के महत्व की सामूहिक जानकारी देकर उन्हें उन्नत कृषि की दिशा में प्रेरित किया।

मेले का शुभारंभ करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी। अमृत विचार

मेला आयोजित

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : अगहन मास की अमावस्या तिथि पर विकासखंड बनीकोडर के देवीगंज चौराहे पर वार्षिक मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने किया। मेले में क्षेत्रीय लोगों ने अपनी जरूरत के सामान की खरीददारी की और बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। इस अवसर पर स्थानीय रामलीला कलाकारों ने भगवान श्रीराम की विभिन्न लीलाओं का नाट्य मंचन किया, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी।

न्यूज ब्रीफ

कोर्ट के 18 साल पुराने आदेश का पुलिस ने कराया अनुपालन

रानीगंज (प्रतापगढ़) : रानीगंज तहसील के नौबस्ता गांव में जमीन के बंटवारा का केस कोर्ट में विचाराधीन था। अप्रैल 1987 में कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर जमीलुद्दीन के पक्ष में डिक्री जारी की थी। इसके बाद दूसरे पक्ष मिनहाजुद्दीन ने अगली अदालतों में अपना पक्ष रखने का प्रयास किया, लेकिन मामला खारिज हो गया। वादी पक्ष की ओर से पूर्व के आदेश को जिले की दूसरी अदालत से अनुपालन कराने की मांग की गई। अदालत ने करीब 18 साल पुराने आदेश का अनुपालन कराने का नया आदेश दिया। अब विवाद होने की आशंका को देख कोर्ट के अमीन की मांग पर बुधवार को देल्हुपुर थाने की पुलिस ने बुलडोजर की मदद से वादी पक्ष की जमीन का अंश निर्धारण कराया।

संविधान दिवस की बनाई गई रूपरेखा

रानीगंज (प्रतापगढ़) : रानीगंज तहसील में बुधवार को अधिवक्ता परिषद अवध तहसील इकाई की बैठक हुई। अध्यक्षता जिले के अवध इकाई के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने की। तहसील में 21 नवंबर को आयोजित संविधान दिवस की रूपरेखा बनाई गई। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश, प्रांतीय महामंत्री मीनाक्षी परिहार, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल दुबे और उपजिलाधिकारी विमल कुमार रहेंगे। बैठक में मंत्री विनीत शुक्ल, सदस्य विनोद गुप्ता, उदित गिरी और कार्यक्रम के संयोजक अजय ओझा, सह संयोजक आरजू गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसके बाद परिषद के अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश प्रताप सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार मिश्र पप्पू, प्रमोद मिश्र, रविन्द्र मिश्र सहित अन्य से संपर्क करके कार्यक्रम की जानकारी दी।

बंद पड़ा आधार कार्ड सेंटर, ग्रामीण परेशान

शिवगढ़, (रायबरेली) : ग्रामीणों को नया आधार कार्ड बनवाने और संशोधन की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से शिवगढ़ ब्लॉक कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया सीएससी आधार सेंटर पिछले दो दिनों से बंद पड़ा है। इससे आधार सेवाओं के लिए आने वाले ग्रामीण मायूस होकर लौटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आधार बनवाने और संशोधन कराने के लिए उन्हें कई किलोमीटर दूर अन्य क्षेत्रों में जाना पड़ रहा है।

बदमाशों ने व्यापारी से 10 लाख के आभूषण लूटे

▶ बाइक सवार छह लुटेरों ने वारदात को दिया अंजाम, विरोध करने पर बदमाशों ने किया हमला

संवाददाता, संग्रामपुर (अमेठी)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई, जहां बाइक सवार छह बदमाशों ने सर्राफा व्यवसायी से करीब 10 लाख रुपये मूल्य के आभूषण लूटकर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब व्यापारी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। विरोध करने पर लुटेरों ने उन्हें तमंचे की बट से गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वारदात की जांच करती पुलिस व मौजूद सीओ मनोज मिश्रा। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार बड़गांव निवासी जेपी सोनी पिछले 14 वर्षों से विशेश्वरगंज बाजार में ज्वेलरी की दुकान चला रहे हैं। मंगलवार शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। घर से करीब आधा किलोमीटर पहले पहुंचते ही तीन बाइकों पर सवार छह अज्ञात बदमाशों ने उनकी राह रोक ली। बदमाशों ने व्यापारी के पास मौजूद आभूषणों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। व्यापारी ने साहस जुटाकर विरोध किया तो लुटेरों ने उन पर तमंचे की बट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। हमले के बाद बदमाश बैग लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग घायल व्यापारी को तुरंत इलाज के लिए ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद वह थाने पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई।बैग में लगभग चार किलो चांदी और करीब 50 ग्राम सोने के आभूषण थे, जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को अस्पताल भिजवाया। इलाज के बाद व्यापारी ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस टीम लुटेरों की तलाश में क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

वहीं सीओ मनोज मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस टीमों को बदमाशों की तलाश में लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

चार गोकशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस के गिरफ्त में चार आरोपी।

तिलोई (अमेठी) अमृत विचार। बुधवार को गोवंश को बंधक बनाकर गौकशी के लिए ले जा रहे चार गोकशो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गोकशों के पास से एक गोवंश और गोकशी के उपकरण बरामद हुए। फिलहाल पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए चारों गोकशों को जेल भेज दिया है। चारों गोकश मोहनगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। यह पूरा मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के भावापुर गांव स्थित बाग का है। जहां देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव के बाग में कुछ लोग एक गोवंश को बंधक बनाकर ले जा रहे हैं, जिसका मुंह पर क्रूरता पूर्वक रस्सी से बंधा हुआ है। मुखबिर से सूचना मिलते हरकत में आई मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से चार अभियुक्तों ईबरार पुत्र मोईन निवासी भावापुर, इशियाक पुत्र मोइन निवासी भावापुर, इमरान पुत्र अबरार निवासी भावापुर और सिरताज उर्फ गुड्डू पुत्र मुमताज को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने एक गोवंश, एक लकड़ी का ठीया, दो चापड़, चार चाकू एक रस्सी तीन बोरी और 50 पन्नी को बरामद किया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह गोकशी करने के लिए गाय को बंधक बनाकर ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए चारों गोकशो को जेल भेज दिया है।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। अज्ञात वाहन ने बाइक को मंगलवार की देर रात टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक हादसा गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बासुपुर टॉवर के पास हुआ था। जहां देर रात एक टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल यूपी 36 एक्स 4683 को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार 20 वर्षीय फूलचंद पुत्र रामखेलावन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि राजकुमार पुत्र रामलाल उम्र 42 वर्ष निवासी पूरे मिस्र का पुरवा मऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जबकि सड़क पर क्षत विक्षत स्थिति में पड़े फूलचंद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वहीं इलाज के दौरान राजकुमार की भी जिला अस्पताल में मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। पुलिस हादसा करने वाली गाड़ी की भी तलाश कर रही है।

वहीं गौरीगंज कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि देर रात एक्सीडेंट हुआ था जिसमें दो लोगों की मौत हुई है परिजनों को सूचना दे दी गई है और युवकों के दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सियार व कुत्तों के हमले से सात लोग घायल

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह अलग-अलग स्थानों पर सियार और आवारा कुत्तों के हमले से चार महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सभी घायल शुकुल बाजार और आसपास के गांवों के रहने वाले हैं। वहीं कुत्तों व सियार के हमलों से लोगों में दहशत का माहौल है।

जाल बिछाकर सियार को ढूंढ़ती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

- **हमलों से गांव के लोगों में दहशत दो लोग किए गए रेफर**

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह दक्खिनगांव क्यार निवासी शिवलली देवी (65) पत्नी सत्यप्रकाश खेत जा रही थी। तभी झाड़ियों से निकले सियार ने अचानक उनके पैर में काट लिया। उनकी चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और सियार को खदेड़ा। वहीं कुछ ही देर बाद इसी गांव की राजपति (50) पत्नी सत्यदेव पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गईं। वहीं खेत में घास काटने गई पूरे भवनी निवासी शिवप्यारी और कृष्णावती पर सियार ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। इसी प्रकार कुत्तों के हमले से कूटी गांव निवासी गुट्टू पुत्र हरिश्चंद्र, शुकुल बाजार निवासी विकास गिरी पुत्र महादेव गिरी और पाली निवासी दुर्गेश भी घायल हो गए। परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई। वहीं शिवप्यारी और कृष्णावती को डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों और सियार को पकड़वाने की मांग की है। इस संबंध में रेंजर ज्योतिर्मय शुक्ला ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर भेजा गया है। जल्द ही जंगली जानवर को पकड़ लिया जाएगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

शुकुल बाजार (अमेठी)। थाना क्षेत्र के पूरे थानी (रास्तामऊ ग्रामसभा) में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव से थोड़ी दूरी पर स्थित बगीचे में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान 22 वर्षीय सुमित कुमार पुत्र दिनेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर लगभग एक बजे कुछ ग्रामीण बगीचे की ओर गए थे, तभी उन्होंने पेड़ से लटकता एक शव देखा। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। घटना स्थल पर सुमित के परिजन भी पहुंचे और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग के एक मामले में कुछ दिन पहले अहमदाबाद से पुलिस ने सुमित को साथ लाई थी। फिलहाल युवक की मौत से चर्चाएं जारी हैं।

सर्राफा कारोबारी से ठगी करने वालों पर केस दर्ज, जांच के लिए टीम गठित

कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार। नगर पंचायत कुंडा के मेन चौराहा निवासी अखिलेश केसरवानी सर्राफा कारोबारी हैं। वह 18 नवंबर को अपनी दुकान पर बैठे थे तभी करीब एक बजे एक व्यक्ति दुकान पर पहुंचा। चांदी के चार गिलास दिखाने को लिया, फिर अज्ञात युवक को देकर अपने परिचित शोएब के पास ले जाने को कहा। गिलास देखने के बाद चांदी के पांच जोड़ी पायल भी उसी दुकान पर ले गए, थोड़ी देर में पायल वापस कर सोने की अंगूठी, चेन आदि दिखाने को कहा। उसने सोने की चेन, अंगूठी, आदि सामान डिब्बे में रखकर अपने सेल्समैन राम किशोर पाल के साथ भेजा। उन लोगों ने दो अंगूठी पसंद करने की बात कहकर उसकी तौल करा कीमत पूछकर आने को कहा, बाकी जेवरात अपने पास रख लिए। सराफा सेल्समैन के जाते ही आरोपी अपने पास रखे जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित अखिलेश केसरवानी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तार करने को टीम गठित किया। इंस्पेक्टर अवन कुमार दीक्षित ने कहा कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। खुलासे के लिए टीम गठित की गई है।

मंडलीय कबड्डी टीम में तीन खिलाड़ियों का चयन

प्रतापगढ़। सीतापुर में 19 से 21 नवंबर तक होने वाली प्रदेश स्तरीय सीनियर समन्वय पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के राज सरोज, अभिषेक सरोज और सागर सरोज मंडलीय टीम से प्रतिभाग करेंगे। उनके चयन पर क्रीड़ाधिकारी पूनमलता राज, रंजीत यादव, पूर्व रणजी खिलाड़ी आदित्य शुक्ल, सचिन शुक्ल, आशुतोष सिंह, अरविंद कुमार, शोभनाथ यादव, जेपी यादव, बुद्ध प्रकाश, लवली मिश्रा, विक्रम सिंह आदि ने शुभकामनाएं दीं।

इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 4 दिसंबर से होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

अमेठी। इंदिरा गांधी स्कूल और कॉलेज ऑफ नर्सिंग मुंशीगंज में 4 से 6 दिसंबर को "नर्सिंग अनुसंधान की सीमाओं से परे सार्वभौमिक कल्याण के लिए अनुसंधान पद्धतिगत एकीकरण" पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विषय "नर्सिंग अनुसंधान और अभ्यास में मिश्रित विधियों के अभिनव अनुप्रयोग पर सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, पेशेवरों और छात्रों को एक मंच पर लाना है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश शनमुगम, एवं उप्राचार्य गोमती एम ने सभी प्रतिभागियों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को इस विश्वव्यापी आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

पत्नी की नाक काटने का आरोपी पति गिरफ्तार

शुकुल बाजार (अमेठी), अमृत विचार। पत्नी के कृत्यों से ऊबकर पति ने बीते दिन पत्नी की नाक काटी थी। आरोपी पति को पुलिस ने बुधवार को पकड़कर जेल भेज दिया है। परिवारजन के साथ आस-पास के लोगों का कहना है कि पत्नी खुद विवाद कर पुलिस बुलाती थी। इतना ही नहीं कई बार वह गले में रस्सी का फंदा डाल कर खुदकुशी का प्रयास भी कर चुकी है। सोमवार की शाम करीब चार बजे क्षेत्र के पूरे लदई गांव निवासी राजेंद्र साहू खेत में काम कर रहे थे, तभी उनके पिता परशुराम ने फोन से जानकारी दी कि उसकी पत्नी सुनीता अपनी तीन पुत्रियों को छोड़कर घर में रखे जेवरात लेकर मायके जा रही है। इतना सुनते ही वह खेत से भागकर आया और गांव के बाहर स्थित अरही नाले पर पत्नी को पकड़ लिया।बताते हैं कि उसने पत्नी को खूब समझाया, लेकिन वह एक न मानी। पति जब उसे घर ले जाने की जिद करने लगा तो पत्नी हाथापाई करने लगी। फिर क्या था दोनों में जमकर विवाद हुआ। अंत में पति ने क्रोध में आकर पत्नी की नाक ही दांत से काट ली। रायबरेली के एम्स अस्पताल में सुनीता का इलाज चल रहा है। बता दें कि गांव निवासी राजेंद्र व सुनीता के बीच दांत से नाक काटने तक पहुंचा विवाद नया नहीं है। पिता के अनुसार 10 वर्ष पहले दोनों का विवाह हुआ था। दो वर्ष भी नहीं बीते थे कि सुनीता ने पति से विवाद करना शुरू कर दिया। वह बगैर किसी को बताए मायके चली जाती और जब उसकी इच्छा होती वापस आ जाती थी।

किसानों को दिसंबर के पहले सप्ताह से नहरों से मिलेगा पानी

अमेठी, अमृत विचार। रवी सीजन में किसानों को सिंचाई की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। सिंचाई विभाग ने नहरों की सफाई का काम तेज कर दिया है। वहीं अधिकारियों का दावा है कि दिसंबर के पहले सप्ताह तक सभी नहरों में पानी पहुंचा दिया जाएगा। इससे किसानों को गेहूं की पहली सिंचाई समय पर करने में मदद मिलेगी। इस बार नहरों की सिल्ट (गाद) की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले स्तर से लेकर उच्चाधिकारी भी लगातार काम का जायजा ले रहे हैं। वहीं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी हेड से टेल (शुरुआत से अंत) तक पानी पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए हैं। ज्यादातर किसान 14 नवंबर से गेहूं की बोआई शुरू कर देते हैं। गेहूं की फसल को 21 से 25 दिन के अंदर पहली सिंचाई की जरूरत होती है। इसी को देखते हुए सिंचाई विभाग ने 30 नवंबर तक नहरों की सफाई पूरी करने का लक्ष्य रखा है। वहीं नोडल अधिकारी मनीष रंजन ने बताया कि सफाई का काम अंतिम चरण में है और दिसंबर के पहले सप्ताह से नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा।

भरभरा कर गिरा छत का प्लास्टर बाल-बाल बचे बीडीओ

संवाददाता, खीरों (रायबरेली)

- **लाखों की लागत से एक वर्ष के अंतराल में हुई मरम्मत की खुली कलई**

अमृत विचार। विकास क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय खीरों में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय की छत का प्लास्टर सोमवार की रात अचानक भरभराकर गिर गया। रात होने के कारण खंड विकास अधिकारी बाल बाल बच गए और बड़ा हादसा टल गया। सुबह घटना की जानकारी होते ही सभी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। एक वर्ष के अंतराल में क्षेत्र पंचायत के कोटे से लाखों रुपये की लागत से ब्लाक मुख्यालय के पूरे भवन की मरम्मत कराई गई थी। जिसमें जमकर सरकारी धन का निजी हित में दुरुपयोग किया गया। इस कमी को छिपाने के लिए खुलकर बीडीओ खीरों सामने आ गए। उल्टी सीधी बयानबाजी करते हुए आनन फानन में बुधवार को छत की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया।

उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष के अंतराल में ब्लाक मुख्यालय के पूरे भवन की मरम्मत के लिए क्षेत्र पंचायत के कोटे से कुल 34.175 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। अक्टूबर 2024 में खंड विकास अधिकारी कार्यालय की मरम्मत, रंगाई पुताई, बिजली फिटिंग, पीएमएवाईजी माडल आवास के सुदृढ़ीकरण के लिए नौ लाख रुपये और मीटिंग हाल प्रथम रंगाई पुताई और मरम्मत के लिए 4.86 लाख स्वीकृत हुए थे। फरवरी 2025 में मीटिंग हाल द्वितीय की मरम्मत और रंगाई पुताई के लिए 4.325 लाख और बीडीओ आवास की मरम्मत, रंगाई पुताई और बिजली फिटिंग के लिए 7.32 लाख और प्रमुख कक्ष की मरम्मत के लिए 1.41लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। इसके बाद अप्रैल 2025 में बाउंड्रीवाल, गेट की मरम्मत, रंगाई पुताई के लिए 7.8 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। इस तरह एक वर्ष में मरम्मत और रंगाई पुताई बिजली फिटिंग आदि के नाम पर 34.175 लाख रुपये खर्च किए गए। लेकिन सोमवार की रात छत का प्लास्टर गिरने लगा था।

सिटी डायरी

बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

जागरुकता रैली निकालते रघुवीर इंस्टीट्यूट के बच्चे।

लालगंज, (रायबरेली)। नशा उन्मूलन को लेकर रघुवीर पैरामेडिकल साइंसेस के पैरामेडिकल स्टाफ और एएनएम जीएनएम के बच्चों के द्वारा लालगंज नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया और नशा उन्मूलन के संबंध पंपलेट भी बांटे गए। प्रबंध निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा ने यूपी सरकार के नशा उन्मूलन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने होंगे। इस मौके पर डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. फैसल खान, विवेक सिंह, बनवारी लाल, बुद्धि प्रकाश, अंशिका शुक्ला, सिम्मी सिंह, पूजा आदि लोग मौजूद रहे।

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कर्मी।

एम्बुलेंस कर्मियों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

प्रतापगढ़, अमृत विचार। एंबुलेंस 108 और 102 के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. शैलेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को निरीक्षण किया। प्रशिक्षण ले चुके एंबुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) से पूछा कि वयस्कों और बच्चों में सीपीआर कैसे किया जाए। अलग-अलग मरीजों पर अम्बु बैग का इस्तेमाल किस प्रकार से किया जाता है। इसके बाद ईएमटी को सीएमएस ने कुछ टिप्स अलग से दिए। इस दौरान जिले के प्रोग्राम मैनेजर पवन कुमार मिश्र, ईएलसी ट्रेनर सत्येंद्र सिंह और क्वालिटी ऑडिटर अनुज यादव आदि मौजूद रहे।

रैली निकालते कर्मचारी।

रैली निकालकर किया जागरूक

मुसाफिरखाना (अमेठी)। विकासखंड मुसाफिरखाना में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय शौचालय दिवस पर स्वच्छता रैली निकाली गई। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में रैली का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बीडीओ विनय कुमार ने उपस्थित सफाई-कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। रैली में शामिल लोगों के द्वारा स्वच्छता से जुड़े संदेश लिखे पोस्टर और तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विकासखंड अधिकारी विनय कुमार वर्मा, एडीओ पंचायत साधु सरन तथा ब्लॉक के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

आयोजन | किसानों को पराली प्रबंधन, किसान पंजीकरण व फसलों के कीट रोग नियंत्रण आदि के बारे में दी गई जानकारी

खातों में सम्मान निधि पहुंचने पर किसानों के खिले चेहरे

संवाददाता, खीरों (रायबरेली)

ब्लॉक मुख्यालय सभागार में आयोजित किसान गोष्ठी में मौजूद अधिकारी गण।

सम्मान निधि की किस्त आने के बाद लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि।

अमृत विचार। विकास क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में बुधवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी करने का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन, किसान पंजीकरण, फसलों के कीट रोग नियंत्रण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं खातों में किस्त पहुंचते ही किसानों के चेहरे खिल गए।

बीडीओ शिव कुमार, कृषि रक्षा इकाई प्रभारी शिवप्रकाश ने बताया कि कोई भी किसान फसलों के अवशेष को जलाने के बजाय उसे खेत की मिट्टी की जोताई के साथ मिलाकर पानी भर दें। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और खेत में उर्वरक का उपयोग भी कम करना पड़ेगा। किसान पंजीकरण के बारे में बताया कि उन्हीं किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलेगा, जो विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा लेंगे। किसान रामबहादुर, राम आसरे, कुलदीप कुमार, रामकरन, देवीदयाल को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष संतोष पासवान, शिवराज वर्मा, शिवराम सिंह, रामकुमार मिश्रा, गांधी सहाय, अरविंद सिंह, एडीओ पंचायत कमलेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

किसानों को योजनाओं की दी जानकारी, शिवगढ़: बुधवार को किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त हस्तांतरित की गई। इससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में राजकीय कृषि बीज भण्डार प्रभारी शिव शंकर वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी ने किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम उपस्थित उपस्थित एडीओ एजी दिलीप सोनी, बीज भण्डार प्रभारी शिव शंकर वर्मा, भाजपा नेता दिनेश सिंह भदौरिया, श्रवण पाण्डेय ने भी किसानों को संबोधित किया। इस पर प्राविधिक सहायक विवेक यादव, एटीएम अंशू वर्मा सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

मेले में आकर्षण का केंद्र रही रामलीला

रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

शिवगढ़ (रायबरेली)। शिवगढ़ नगर पंचायत के सिंहपुर वार्ड नम्बर 12-13 में बाबा ब्रह्मदेव के स्थल पर दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला सम्पन्न हुआ। मेले का शुभारम्भ शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह ने बाबा ब्रह्म देव के मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना की। मेले में रामलीला का भव्य एवं जीवन्त मंचन किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी, हरेंद्र नाथ श्रीवास्तव, शिवकांत मिश्रा, सनी गोस्वामी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव रहे।

विकसित भारत विकसित अन्नदाता

उत्तर प्रदेश आज कृषि, दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राज्य की कृषि विकास दर 2016-17 के 8.6% से बढ़कर 2024-25 में 17.7% तक पहुँच गई है, जिससे किसानों की आय और समृद्धि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता दी गई है। महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से फूलों की खेती और सीडलिंग उत्पादन को बढ़ावा मिला है। राज्य में चीनी मिलों, डेयरी इकाइयों, फिशरीज और "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" जैसी योजनाओं से रोजगार और उत्पादन में तेजी आई है। साथ ही, गोवंश संरक्षण, जैविक खेती, मत्स्य पालन और औद्योगिक फसलों के प्रोत्साहन से उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर कृषि राज्य के रूप में उभर रहा है।

अन्नदाता का उत्थान

- कृषि विकास दर वर्ष 2016-17 में 8.6% से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 17.7% हो गयी है
- प्रति वर्ष 400 लाख टन फल एवं सब्जियों का उत्पादन करते हुए देश में प्रथम स्थान पर है उत्तर प्रदेश
- पी.एम. किसान सम्मान निधि के माध्यम से 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को ₹80,000 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तान्तरित
- पी.एम. कुसुम योजना से किसानों को 93062 से अधिक सोलर पम्पों का आवंटन

मण्डल मुख्यालयों पर जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के आउटलेट स्थापित

प्रदेश में 20 नये कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की गयी है। प्रदेश में कुल 89 कृषि विज्ञान केन्द्र हैं संचालित

मिर्जापुर में ड्रैगन फ्रूट्स एवं डेट पॉम (खजूर), जालौन में ड्राई लैण्ड हार्टिकल्चर, बरुआसागर झाँसी में सिट्रस के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की हो रही स्थापना

सोनभद्र में कैक्ट्स के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना को लेकर जारी है कार्य

2017-18 से अब तक 31 से अधिक सिंचाई परियोजनायें पूर्ण की गयीं जिससे 22 लाख 75 हजार हेक्टेयर से अधिक सिंचन क्षमता सृजित हुई, जिसका लाभ 46 लाख 69 हजार कृषकों को प्राप्त हुआ

विभिन्न जनपदों में 6,600 राजकीय नलकूपों के आधुनिकीकरण तथा डार्क जोन में स्थित 569 असफल राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण का कार्य है प्रगति पर

राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण से लगभग 1.33 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता की बढ़ोतरी होगी तथा लगभग 1.10 लाख कृषक परिवार होंगे लाभान्वित

कृषकों के हित के लिए एंड्रायड मोबाइल एप यू.पी. मण्डी भाव का शुभारम्भ किया गया है

कृषि बाजारों के बाजार भाव एवं मौसम की जानकारी ऐप के माध्यम से प्रतिदिन निशुल्क करायी जा रही उपलब्ध

फार्मर रजिस्ट्रेशन करते हुए अब तक कुल 1.45 करोड़ फार्मर कार्ड आईडी की गई है निर्गत

महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सीडलिंग का उत्पादन किया जा रहा है

60 हजार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का माध्यम बना सीडलिंग उत्पादन

लखनऊ में ₹251 करोड़ की लागत से भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर एक सीड पार्क की स्थापना का किया गया है निर्णय

मार्च, 2017 से अब तक 03 नई चीनी मिलों की हुई स्थापना, 06 चीनी मिलों का पुर्नसंचालन तथा 38 चीनी मिलों की क्षमता का हुआ है विस्तार

1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करने का माध्यम बना चीनी मिलों का संचालन

प्रदेश में वर्ष 2017 तक एथेनॉल का कुल उत्पादन 42 करोड़ लीटर था, जो सत्र 2024-25 में बढ़कर 177 करोड़ हो गया है। देश में प्रथम स्थान पर है उत्तर प्रदेश

किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का संकल्प पूर्ण। 14 लाख से अधिक किसान लाभान्वित

निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 7727 गोआश्रय स्थलों की स्थापना तथा 16,35,251 लाख गोवंश संरक्षित

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के जरिए 2,46,426 गोवंश इच्छुक कृषक/पशुपालक परिवारों को किए गए सुपुर्द

प्रदेश में पहली बार डी.बी.टी. के माध्यम से प्रति गोवंश भरण-पोषण हेतु ₹50 प्रतिदिन की दर से गौ-आश्रय स्थलों को धनराशि का हस्तानांतरण

नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत दुग्ध उत्पादन तथा डेयरी की स्थापना के लिए लगभग 50 प्रतिशत का दिया जा रहा है अनुदान

दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण हेतु 220 समितियों का गठन एवं 450 समितियों का पुनर्गठन

ई-कॉमर्स पोर्टल से 1,27,018 उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पराग मित्रों को जोड़ा गया

प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उ.प्र. दुग्धशाला विकास एवं उत्पाद प्रोत्साहन नीति का प्रख्यापन

मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना लागू

निषादराज बोट सब्सिडी योजनान्तर्गत नाव क्रय करने के लिए अनुदान की व्यवस्था

किसान क्रेडिट कार्ड योजना (पशुपालन घटक) के अन्तर्गत मार्च 2025 तक 06 लाख 68 हजार से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वितरित

औद्यानिक फसलों तथा उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित किये जाने हेतु उ.प्र. राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की गई है

कौशाम्बी में 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्रूट्स' व चंदौली में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स' की स्थापना की कार्यवाही जारी

सहारनपुर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्रूट्स, वेजीटेबल्स, लखनऊ में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ऑर्नामेंटल प्लांट्स का निर्माण

हापुड़ और कुशीनगर में आलू के लिए 02 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस निर्माणाधीन

ADVERTORIAL

न्यूज ब्रीफ

ओआरएस खाता के संचालन में बरते सावधानी: डीपीआरओ

रायबरेली : दरीबा स्थित डीपीआरसी में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार ओएसआर विषय पर ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को ग्राम पंचायतों में निर्मित रिसोर्स रिकवरी सेन्टर (आरआरसी), डिजिटल लाईब्रेरी, अमृत सरोवर, पंचायत भवन के माध्यम से दी जा रही सेवाओं आदि से होने वाली आय को ग्राम पंचायत के ओएसआर खाते में जमा कराने के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। कहा कि खाते के संचालन में सभी लोग सावधानी बरते। साथ ही योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाए।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

महराजगंज : क्षेत्र के सलेथू स्थित सूरदास कुटी के निकट मंगलवार को बरहुआं गांव निवासी 70 वर्षीय पूरवी उर्फ़ छैला बाबा महराजगंज से घर वापस जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज़ रफ़्तार अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

गश खाकर बस से गिरा युवक, मौत

महराजगंज : बुधवार की सुबह महराजगंज ब्लाक कार्यालय के सामने प्राइवेट बस से उतरते समय दिल्ली से आए महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हलोर बाजार निवासी सिब्बू (40) पुत्र नियाज़ अहमद गश खाकर गिर गया। बस ड्राइवर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

सप्तशक्ती संगम का हुआ आयोजन

लालगंज : सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सप्तशक्ती संगम आयोजित हुआ। मुख्य संयोजिका गीता अवस्थी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एक ऐसा विषय है जो हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को सशक्त बनाने से न केवल उनका विकास होता है, बल्कि पूरे समाज का विकास होता है। मुख्य अतिथि डिग्री कॉलेज की डॉ. पुष्पा बरनवाल ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक अवसर प्रदान करने से वे अपने अधिकारों के लिए लड़ सकती हैं और अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं। विशिष्ट अतिथि डा. शालिनी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं लेकिन महिला सशक्तिकरण के लिए हमें और कई कदम उठाने होंगे। आयोजक कॉलेज प्रधानाचार्य ममता सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सभी सफल होगा जब महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। बालिका विद्या मंदिर की अध्यक्ष इंदू बाजपेई और अनीता पांडे ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आवश्यक कदम है जो हमारे समाज को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इस मौके पर मीना कंचन, रीना बाजपेई, माया अवस्थी, दिव्या मिश्रा, दीपिका, शिखा आदि मौजूद रहीं।

अधूरा रह गया हर घर जल का सपना, कैसे बुझे लोगों की प्यास

संवाददाता, छतोह (रायबरेली)

समस्या

- **छतोह ब्लाक में जल जीवन मिशन बेपटरी, पाइप लाइन खोदकर भूल गए ठेकेदार**

अमृत विचार। सरकार की जल जीवन मिशन योजना छतोह ब्लॉक में फ्लॉप होकर रह गई है। हर घर जल का सरकारी सपना सपना बनकर ही रह गया है। गांव-गांव में बनने वाली ओवरहेड पानी की टंकियां, उनकी बोरिंग, पाइप लाइन बिछाने और उसके बाद खोदे गए रास्ते में मिट्टी भराव का काम आधा अधूरा छोड़ दिया गया। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। हाल यह है कि पेयजल समस्या पहले की ही तरह बरकरार है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

छतोह ब्लॉक की अधिकांश ग्राम पंचायतों जगतपुर, पदुमपुर, गोपालीपुर, घरई भुवालपुर, मेदापुर, चंदा, बहिपुर, कनकपुर, बरवा, महानंदपुर, बारा, निनावा आदि में काम आधा अधूरा है। हर घर तक पेयजल उपलब्ध कराना सरकार के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। आधे अधूरे कराए गए निर्माण कार्य कई महीने से ठप पड़े हैं। वर्तमान में यह योजना सफेद हाथी बनकर रह गई है। गांव-गांव में बनाए गए ओवरहेड टैंक सूखे पड़े हैं। यह भी अनुमान नहीं लग पा रहा है कि कब तक यह कार्य पूरा हो सकेगा। ग्राम पंचायत बभनपुर में कई महीनो से निर्माणाधीन जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा पड़ा है और इसका कोई पुरसाहाल नहीं है। इस मिशन के जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद किए पड़े हैं और उनकी उदासीनता सरकार को मुंह चिढ़ा रही है।

शोपीस बनी पानी की टंकी। अमृत विचार

सड़क पर बाहर निकली पाइप लाइन।

करोड़ों की लागत से चलाई जा रही यह योजना अधूरा सपना बन कर रह गई है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। देखना यह है कि कब तक यह मिशन पूरा होता है और हर घर तक जल पहुंचाने में सरकार कामयाब होती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कराने की मांग की है।

लोग बोले-पेयजल की समस्या बरकरार

चंचल सिंह।

रामलाल।

जगदेव।

दूधनाथ।

ग्रामीण नागेंद्र बहादुर सिंह, जगन्नाथ सरोज, आशा, चित्तई, पप्पू, हरिलाल, नारायण मोहन, पुत्ती कुमार, सज्जन, बबन, अनिल कुमार, सुरेश व दूधनाथ आदि ने कहा कि पाइप लाइन बिछाने में 2011 में लगा खड़जा उखाड़ दिया गया। आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। बरावा गांव के रामलाल और जगदेव ने बताया कि सरकार की यह योजना तो अच्छी थी लेकिन सफल नहीं हुई। बारा गांव के चंचल सिंह ने बताया कि पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मनाई गई पुण्यतिथि

रायबरेली। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शीतलदीन यादव की पुण्यतिथि बेहीखोर दीनशाह गौरा आवास पर धूमधाम से मनाई गई। मुख्य बीमा सलाहकार संगठन के अध्यक्ष बाल किशोर त्रिपाठी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादों को हमें सजोकर रखना चाहिए। पुरानी संस्मरणों को उन्होंने बताते हुए कहा कि वे वीरता के किस्से सुनाया करते थे। उनके पुत्र सुरेश कुमार ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दर्जनों लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नरेंद्र बहादुर यादव, मुकुल यादव, राजेंद्र बहादुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

मेडई खेड़ा गांव के पास बाइक में टक्कर लगने से हुआ हादसा, वाहन समेत चालक फरार

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा-पश्चिमगांव बाईपास मार्ग पर मेडई खेड़ा गांव के पास बीते मंगलवार की रात लगभग नौ बजे के करीब मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों का प्राथमिक परीक्षण किया और मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद अज्ञात चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

चुरूवा गांव के रहने वाले अमित सिंह पुत्र अजीत सिंह और सुनील कुमार मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। वह जैसे ही चुरूवा-पश्चिम गांव मार्ग पर स्थित मेंडई खेड़ा मजरे इसिया गांव के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवको को गंभीर चोटें आ गई और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

इस बारे में थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। चालक व उसके वाहन की तलाश की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाते कर्मचारी। अमृत विचार

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज मजरे यूसुफपुर गांव निवासी इरशाद (22) पुत्र नबी मोहम्मद और सलमान (18) पुत्र उस्मान अली मोटरसाइकिल से लालगंज बाजार से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी बड़े नहर के पास लोडर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने इरशाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सलमान को जिला अस्पताल रेफर करदिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि इरशाद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कुसुढी सागर पुर गांव निवासी विनोद कुमार (30) पुत्र राम बहादुर मंगलवार की रात अपने घर के सामने टहल रहे थे। तभी कुसुढी सागर पुर गांव से बसकटा गांव की तरफ़ जा रही तेज़ रफ़्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। घायल को परिजनों ने तुरंत सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

दंगल प्रतियोगिता में दांव-पेच आजमाते पहलवान।

खो-खो में खेलतीं छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

आयोजन

अमृत विचार। क्षेत्र के ख़्वाजापुर गांव स्थित रोशन बाबा-बस्ती बाबा उर्स मेले में तीन दिनों से चल रही दंगल प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दंगल में देशभर से आए पहलवानों के साथ ही नेपाल के भी पहलवानों ने दांव-पेच आजमाए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश केसरी पहलवान लाडी बाबा ने पंजाब के जग्गा पहलवान को हराकर दंगल केसरी का खिताब जीता है। दंगल विजेता लाडी बाबा को 51 और उपविजेता जग्गा पहलवान को 11हजार देकर सम्मानित किया है। दंगल प्रतियोगिता की शुरुआत अयोध्या के बाबा नरेंद्र दास और हरियाणा के राकेश कुमार की कुश्ती से हुई। इसमें बाबा नरेंद्र दास विजेता घोषित हुए। इसके बाद नेपाल के थापा को अयोध्या के संजय दास ने पराजित किया। हरिद्वार के राहुल पांडे ने हरियाणा के राकेश को हराया। इसी के साथ बरेली के सुरेंद्र ने राजस्थान के राजा सिंह, ख़्वाजापुर के फाजिल ने राजस्थान के सोनू सिंह, दिल्ली के संजू ने पंजाब के बग्गा ,दिल्ली के ही पहलवान अशोक ने हरियाणा के वीरेंद्र को पटखनी देकर जीत दर्ज की है। इस मौके पर आयोजक सरवर शेख, रेफरी काली घटा, घनघोर घटा रहे।

महराजगंज प्राथमिक खो-खो की टीम ने जीता गोल्ड, महराजगंज: बुधवार से रायबरेली के पुलिस लाइन मैदान में शुरू हुई दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन सम्मिलित टीम इवेंट की खो खो प्रतियोगिता में महराजगंज विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय कोटवा मदनिया की प्राथमिक बालक वर्ग ने बाजी मारी है। फाइनल में सतांव ब्लाक की टीम को हराया। विजेता खिलाड़ियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव और शिक्षकों ने गोल्ड मेडल मिलने पर खुशी जाहिर की है। आरएसएम के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, मधुकर सिंह, स्वाती यादव, दिलीप कुमार, धर्मेश यादव,राकेश गौतम, वारिस अली, पीरु लाल, संदीप कुमार आदि रहे।

पुलिसकर्मी भी दौड़ा रहे बिना हेलमेट के बाइक

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। खुद सारे नियमों और कानून को ताक पर रखकर बिना हेलमेट के वर्दीधारी बाइक से फर्राटा भरते नजर आते है। कहना गलत नही होगा कि यातायात नियमों को लेकर मातहत ही पुलिस कप्तान के फरमान को पलीता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन इस समय यातायात जागरुकता कार्यक्रम मना रहे हैं। इस दौरान विभाग के जिम्मेदार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर वाहन चालकों व स्कूली बच्चों को यातायात नियमों को पाठ पढ़ाते हुए नियमों के तहत ही वाहन चलाने का संदेश दे रहे हैं, तो वही सलोन क्षेत्र में कदम-कदम पर ट्रैफिक नियम तोड़े जा रहे हैं। आम हो या खास हर कोई नियमों की धज्जियां उड़ाने में महारत हासिल कर रखा है। हैरानी इस बात की है कि कानून के जानकार वर्दीधारी भी पीछे नहीं हैं।

बिना हेलमेट के चलते पुलिस कर्मी।

नशा न करने की दिलाई गई शपथ

रायबरेली, अमृत विचार। छतोह विकास खण्ड में एडीओ समाज कल्याण विश्वेंद्र सिंह द्वारा विकास खण्ड के कर्मचारियों व अधिकारियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बताया गया कि शराब, पुड़िया, पान, तम्बाकू आदि के आदी लोगों के परिवारीजनों में आये दिन लड़ाई झगड़े होते रहते हैं जिससे परिवारिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। शराब आदि नशे के आदी लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं और नशे की हालत में दुर्घटना ग्रस्त होकर काल के गाल में समा जाते हैं। उनका परिवार दुर्दशा का शिकार हो जाता है। इससे अच्छा है कि आप लोग नशेड़ी न बनें, सेहत के साथ साथ परिवार का ख्याल रखें। इस अवसर पर एडीओ सी प्रकाश सिंह, राजेश त्रिपाठी, महादेव, कुलदीप, राम कुमार, शिव प्रसाद उर्फ तिलंगा, राकेश कुमार, सोनू आदि लोग उपस्थित थे।

शपथ दिलाते एडीओ समाज कल्याण विश्वेंद्र सिंह।

रानी लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी की मनाई जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आज़ादी के इतिहास और राष्ट्रनिर्माण में अहम् योगदान देने वाली रानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ दोनों महान हस्तियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। छात्रा मन्नत मिश्रा ने इंदिरा गांधी तथा नंदिनी निर्मल ने रानी लक्ष्मीबाई के रूप में ध्यान आकर्षित किया और छात्र अभिराज ने ष्खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी ष् गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रा काव्यांशी ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई मराठा शासित राज्य झाँसी की रानी और 1857 की राज्य क्रांति की द्वितीय शहीद वीरांगना थी। उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुईं। इस अवसर पर फैजान खान, संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अजयराज सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

रन फॉर यूनिटी पर दिया सशक्त राष्ट्र का संदेश

पटेल जी की जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में शामिल लोग। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

- **राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द का दिया संदेश**

अमृत विचार। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर सदर विधानसभा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। सदर विधायक अदिति सिंह के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ राधा श्याम मंदिर से हुआ, जिसके बाद विशाल एकता यात्रा हरदासपुर गढ़ी पहुँची। वहाँ आयोजित जनसभा में अतिथियों ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया और सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका रावत, प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं पूर्व सांसद, ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, आरबी सिंह, दिलीप यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाल, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष मंजेश सिंह, नवजीत सलूजा, आशुतोष पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, महिला मंडल तथा पार्टी पदाधिकारियों ने अत्यंत जोश और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के राष्ट्र-एकीकरण और लौह पुरुष के रूप में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। दौड़ के समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

बोगस मतदाताओं को लेकर भाजपा बरत रही सतर्कता

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान का स्वागत करते भाजपा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा के नेताओं के साथ स्थानीय राजनीति पर गुफ्तगू की। वही योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार सबको लेकर के विकास के रास्ते पर चल रही है। सबका साथ सबका विकास हमारा लक्ष्य है। बोगस मतदाताओं को हटाकर हमने बिहार में बंपर जीत हासिल किया है। 2027 में उत्तर प्रदेश में भी हम भारी बहुमत से सरकार में तीसरी बार वापस आएंगे। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भी उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंच रहे हैं।श्री राम मंदिर मे ध्वजारोहण होगा। उसके लिए भी भाजपा जोरदारी से लगी हुई है। इस मौके पर सदर विधायक अदिति सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, डायरेक्टर राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

औचक निरीक्षण | प्राथमिक विद्यालय बलईमऊ में बिना अवकाश के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार अनुपस्थित मिले

विद्यालय और गौशाला में अव्यवस्थाओं पर सीडीओ ने लगाई फटकार

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। बुधवार को सीडीओ अंजूलता और जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार चौधरी ने विकासखंड क्षेत्र के सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, सहकारी समिति एवं कूड़ा निस्तारण केंद्र के साथ ही अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ही वह प्राथमिक विद्यालय बलईमऊ पहुंची, जहां पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार बिना अवकाश के अनुपस्थित मिले, वहीं उपस्थिति रजिस्टर में बच्चों की हाजिरी न अंकित होने से नाराज सीडीओ ने उपस्थित रजिस्टर को सील कर दिया। इसके बाद उन्होंने कक्षा पांच के बच्चों से 12 का पहाड़ा सुनाने को कहा तो बच्चे पहाड़ा नहीं सुना पाए जिससे सीडीओ अंजूलता पढ़ाई को लेकर असंतुष्ट दिखी।

सहकारी समिति का निरीक्षण करते सीडीओ अंजूलता और डीडीओ अरुण कुमार चौधरी।

इसके बाद सीडीओ असनी ग्राम पंचायत में बने अस्थाई गौशाला पहुंची, जहां अव्यवस्थाओं व पशुओं की संख्या और गौशाला के रखरखाव एवं चारे के बारे जानकारी ली। दर्जनों गोवंशों पर टैग न लगे होने से वहां मौजूद पशु चिकित्सक उमेश चन्द्र से पशुओं के टैग रजिस्टर दिखाने के लिए कहा तो वह टैग रजिस्टर नहीं दिखा पाए। जिस पर उन्होंने पशु चिकित्सक को फटकार भी लगाई। वहीं असनी ग्राम प्रधान दिलीप चौधरी से गौशाला के बगल स्थित खाली पड़ी भूमि पर हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर डीसी मनरेगा प्रमोद कुमार सिंह, चंद्रौल, खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, एपीओ राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

एएसपी और सीओ ने खीरों थाने का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

खीरों थाने का निरीक्षण करते एएसपी संजीव कुमार सिन्हा और सीओ अमित सिंह। अमृत विचार

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली संजीव कुमार सिन्हा और क्षेत्राधिकारी लालगंज अमित सिंह ने खीरों थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, शस्त्रागार, अभिलेखों का रखरखाव, मिशन शक्ति कक्ष में आने वाली शिकायतों व उनके निस्तारण के साथ ही रजिस्टर में अंकित सभी बिंदुओं की जांच कर उनके रखरखाव व शिकायतों के निस्तारण आदि व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत अभिलेखीय त्रुटि के संदर्भ में नाराजगी जताते हुए एएसपी संजीव कुमार सिन्हा प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह को निर्देशित किया कि क्षेत्र के होमगार्डों और चौकीदारों के साथ नियमित बैठक कर क्षेत्र की आपराधिक गतिविधियों व अपराधियों की स्थित पर नजर रखने से घटनाओं पर अंकुश लगाने में सहयोग लें।

किसान के बेटे ने लोको पायलट बन नाम किया रोशन

संवाददाता, जगतपु (रायबरेली

मिली सफलता

अमृत विचार। अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर, तो कोई भी मंज़िल असंभव नहीं। विपिन की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि सीमित साधनों में भी अगर संकल्प मजबूत हो तो सफलता दूर नहीं रहती। उन्होंने इसे सच करके दिखाया है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामसभा नवाबगंज के पूरा बनिया पुरवा गांव के विपिन सिंह ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और अथक परिश्रम के बल पर पश्चिम बंगाल से लोको पायलट पद पर चयन पाकर न सिर्फ अपने माता पिता व परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र सहित जिले का नाम रोशन किया है।

विपिन सिंह।

जिले के अति प्राचीन शिक्षा मंदिर जगतपुर क्षेत्र में अमर सेनानी राणा बेनी माधव सिंह की जन्मभूमि कर्मभूमि में 1964 से संचालित इंटर कॉलेज शंकरपुर के संस्थापक रहे स्व. ठाकुर शिव बक्श सिंह के सुपौत्र विपिन सिंह ने अपने परिवार का नाम रोशन किया है। प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय पूरे बनिया में हुई। आगे चलकर उन्होंने राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, शंकरपुर (जगतपुर) से इंटरमीडिएट की परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। पिता भानु प्रताप सिंह ने इसे ईश्वर की कृपा और बेटे की अनवरत मेहनत का श्रेष्ठ परिणाम बताया।

अमृत विचार

गुरुवार, 20 नवंबर 2025

देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाए गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगा।
–लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री

चेतावनी देती गड़बड़ी

इंटरनेट अवसंरचना प्रदान करने वाली दिग्गज कंपनी क्लाउडफ्लेयर में आई हालिया तकनीकी गड़बड़ी को केवल एक सामान्य तकनीकी व्यवधान मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह कंटेट डिलीवरी नेटवर्क दुनिया की 20 प्रतिशत वेबसाइट से सामग्री लेती और यूजर को देती है। वेबसाइट और यूजर के बीच ऐसे मध्यस्थ का काम करने वाले ऐसे प्लेटफार्म में, जिस पर दुनिया की हर पांचवी वेबसाइट आश्रित हो, इसी साल तीसरी बार बड़ी खराबी का होना, उसे घंटों बने रहना बताता है कि दुनिया का डिजिटल ढांचा कितनी नाजुक रीढ़ पर टिका हुआ है। क्लाउडफ्लेयर की लगातार गड़बड़ियों के दो प्रमुख कारण हो सकते हैं। पहला, अत्यधिक जटिलता, कंपनी की सेवाएं वैश्विक स्तर पर हजारों सर्वरों, डेटा-सेंटरों और नेटवर्क पॉइंट्स में फैली हैं, जिनका समन्वय किसी भी समय अत्यधिक संवेदनशील स्थिति में रहता है। दूसरा, तेजी से बढ़ते लोड और बदलती सुरक्षा चुनौतियों के चलते बैकएंड इंफ्रास्ट्रक्चर में लगातार बदलाव के चलते यह वैश्विक बाधा आई हो।

विडंबना ही कहेंगे कि दुनिया को तेज और सुरक्षित इंटरनेट देने का दावा करने वाली कंपनी को उसी की तकनीकी असुरक्षा या चूक, इंटरनेट की गति और सुरक्षा दोनों को प्रभावित कर देती है। इस व्यवधान का असर दुनिया भर में महसूस किया गया। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। कई डिजिटल भुगतान सेवाएं, समाचार वेबसाइटें, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, शिक्षा पोर्टल और ऐप कुछ समय के लिए बंद हो गए। भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में ऐसे झटके केवल असुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवधान भी पैदा करते हैं। यदि इस तरह की गड़बड़ियां बार-बार और लंबे समय के लिए होती रहीं, तो न सिर्फ डिजिटल भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी, बल्कि साथ ही क्लाउड-आधारित स्टार्टअप और आईटी सेवाएं असुरक्षित महसूस करेंगी, तो एआई आधारित सेवाओं पर निर्भर उद्योगों में उत्पादकता का संकट भी उत्पन्न होगा।

इस प्रकार की तकनीकी खराबी सिर्फ एआई प्लेटफॉर्म को ही प्रभावित नहीं करती, इंटरनेट की यह 'रीढ़' लड़खड़ाती है, तो डिजिटल भारत का पूरा ढांचा हिल जाता है, क्योंकि स्वास्थ्य सेवा, एयरलाइन रिजर्वेशन सिस्टम, ऑनलाइन शिक्षा, आपदा प्रबंधन प्लेटफॉर्म और सरकारी ई-सेवाएं भी ऐसे ही नेटवर्क संरचना पर निर्भर हैं। यूजर्स के पास इससे बचने के विकल्प अत्यंत सीमित हैं। सामान्य उपयोगकर्ता के लिए वैकल्पिक डिलीवरी नेटवर्क सिस्टम या फिर वीपीएन अस्थायी राहत दे सकते हैं, पर वास्तविक समाधान केवल कंपनियों के स्तर पर ही संभव है। व्यवसायों को भी 'सिंगल प्वाइंट ऑफ फेलियर' से बचने के लिए मल्टी-कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क की रणनीति अपनानी होगी, जिसमें क्लाउडफ्लेयर के साथ अन्य नेटवर्क प्रदाताओं का बैकअप हमेशा मौजूद रहे। क्लाउडफ्लेयर को प्रतिष्ठा बचाने और आगे से ऐसा न हो, इसके लिए नेटवर्क आर्किटेक्चर की रेडंडेंसी बढ़ानी होगी, स्वचालित लोड-शिफ्टिंग और फेल्योर सिस्टम को अधिक सक्षम बनाना होगा।

अमेरिका: नफरत की सियासत के शिकार भारतीय

अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

मिसीसिपी यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में एक भारतीय मूल की छात्रा ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से एक सवाल पूछ लिया- आपकी पत्नी ऊषा हिंदू हैं, क्या उन्हें अमेरिका से अपना लगाव साबित करने के लिए ईसाई बन जाना चाहिए? उसने इसी के साथ दूसरा सवाल हथकड़ी लगाकर वापस भारत भेजे गए लोगों के बारे में पूछा- आपने हमें सपना दिखाया कि आओ अमेरिका में पढ़ो, यहां की तरक्की में अपना योगदान दो, लेकिन अब अचानक कहने लगे कि यहां बहुत ज्यादा प्रवासी हो गए हैं। जिन लोगों ने कानूनी तरीके से यहां आकर मेहनत की, अपना भविष्य सुधारना चाहा उनके साथ छल क्यों किया जा रहा है?

सभी जानते हैं कि जेडी वेंस की महत्वाकांक्षा राष्ट्रपति बनने की है। रिपब्लिकन पार्टी में अपने राजनीतिक करियर को समयानुकूल मजबूती देने के लिए पिछले दिनों उन्होंने बयान दिया था, हालांकि मैं दबाव नहीं डालूंगा फिर भी मैं चाहता हूं कि मेरी पत्नी ऊषा भी मेरी तरह कैथोलिक ईसाई बन जाएं। वेंस भी नए-नए छह साल पहले कैथोलिक बने हैं। इससे पहले वे नास्तिक हुआ करते थे और बचपन में उनका परिवार इवेंजलेकिल क्रिश्चियन हुआ करता था। ईसाई धर्म की यह शाखा पोप, संतों और चमत्कारों को मान्यता नहीं देती।

उस छात्रा ने वाजिब सवाल उठाया था कि खुद को लोकतंत्र का रक्षक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अग्रणी देश मानने वाले अमेरिका के प्रति अपना लगाव साबित करने के लिए किसी का कैथोलिक ईसाई होना कब से जरूरी हो गया है? इस घटना का एक खास संदर्भ है। हाल के वर्षों में अमेरिका में अल्पसंख्यकों खास तौर पर भारतीय मूल के लोगों या हिंदुओं के प्रति नफरता का खुला प्रदर्शन किया जा रहा है और उनके प्रतीकों पर हमले बढ़े हैं। खुद जेडी वेंस अंतरधार्मिक विवाह के कारण इस नफरत के उभार का कोप झेल रहे हैं। अभी जब उन्होंने अपनी पत्नी के कैथोलिक बनने की इच्छा वाला बयान दिया तो मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थकों और श्वेत राष्ट्रवादियों ने ट्रोलिंग करके उनकी शादी को गलत या गैरअमेरिकी बताते हुए कहा, ऊषा हिंदू ही रहेंगी और अमेरिका के लोग उन्हें कभी अपने देश की फर्स्ट लेडी के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

मुख्यतः धार्मिक आधार पर नफरत फैलाकर (अन्य उप कारकों को जोड़ते हुए) जनमत बनाना, लोगों को संगठित करना, तेज ध्रुवीकरण करना और सत्ता हासिल करना दुनिया भर में राजनीति के नए सफल मॉडल के रूप में उभर चुका है। डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति के रूप में दूसरी जीत के पीछे इमिग्रेशन डिबेट की बड़ी भूमिका है, जिसने मुस्लिमों, अश्वेतों और भारतीय मूल के लोगों खासकर हिंदुओं के खिलाफ नफरत को हवा दी है। बाइडेन के कार्यकाल में दक्षिण एशिया के लोगों के प्रति नफरत इंटरनेट तक सीमित थी, लेकिन ट्रंप के कार्यकाल में सड़क पर दिखाई देने लगी है। ट्रंप-एलन मस्क-रामास्वामी के बीच इमिग्रेंट मामले को लेकर जो बड़ी बहस हुई, उसके बाद भारतीयों की नौकरी छीनने की धमकियों में पहले की तुलना में 75 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

ट्रंप के एच-वन वीजा की फीस बढ़ाने और 104 भारतीयों को जबरन जहाज में भरकर वापस भेजने से उत्तेजना बढ़ी है। सेंटर फार द स्टडी ऑफ आर्गेनाइज्ड हेट के अध्ययन का निष्कर्ष है कि सिर्फ नस्लभेदी पोस्ट्स ही नहीं बल्कि टेक्सास, वर्जीनिया और कैलिफोर्निया में मंदिरों पर हमले के मामले भी बढ़े हैं। कुछ समय पहले केंटकी के स्वामीनारायण मंदिर पर भड़काऊ ढंग से 'जीसस इज द ओनली गॉड' लिख दिया गया था। अमेरिका में रहने वाले भारतीय अपने देश में चल रही राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखते हैं और उनमें एक बड़ा तबका अल्पसंख्यकों के घरों पर बुल्डोजर चलाने जैसी घटनाओं पर खुशी को छिपाता नहीं है।

इंडियन बिजनेस एसोसिएशन ने पिछली बार अमेरिका में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए जो परेड निकाली थी, उसमें बुल्डोजर को भी शामिल किया गया था। ऐसा करते हुए यह भुला दिया जाता है कि वे खुद अमेरिका में अल्पसंख्यक हैं और इस तरह के प्रदर्शन खुद उनके खिलाफ नफरत की राजनीति के उत्प्रेरक बन जाते हैं। भारतीय मूल के लोगों के प्रति नफरत को इतनी हवा दी गई है कि अक्सर त्योहारों पर माहौल खराब होने लगा है। अमेरिका में तीस लाख के आसपास हिंदू हैं। अब यह परंपरा बन चुकी है कि दीवाली पर कैलीफोर्निया प्रांत में सार्वजनिक अवकाश होता है, व्हाइट हाउस में रोशनी होती है, लेकिन इस बार दीवाली पर ट्रंप प्रशासन में उच्च पदों पर बैठे कुछ भारतीय मूल के लोगों को ट्रोल किया गया। डाइरेक्टर आफ नेशनल इंडेलिजेंस तुलसी गाबर्ड और एफबीआई के प्रमुख काश पटेल ने जब दीवाली पर शुभकामनाएं दीं, तो कट्टरपंथियों ने उन्हें गालियां दीं और अमेरिका छोड़कर चले जाने को कहा।

भारतीय मूल के लोग नफरत की राजनीति के इस विस्तार को अपने अस्तित्व पर खतरे के रूप में देखना शुरू कर चुके हैं, जो सोशल मीडिया और दूसरे मंचों पर जाहिर उनकी चिंताओं में दिखाई देने लगा है। अगर वे अमेरिका में दक्षिण एशियाई, अफ्रीकी या अन्य मूल के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और अत्याचार की घटनाओं के विरोध में बोलते हैं, तो अपने आप एक ऐसे मोर्चे का निर्माण होगा, जो बहुसंख्यकों की मनमानी पर रोक लगाने की दिशा में सक्रिय हो सकता है। अभी तक ऐसा नही हो पाया है। वे दूसरे पीड़ितों के प्रति सहानुभूति रखेंगे, तो उन्हें भी समर्थन मिलेगा जो उनका सुरक्षा कवच बन सकता है। यहां भारत में अल्पसंख्यक सिख समुदाय से भी सीखा जा सकता है, जिन्होंने आपदा के समय सेवाभाव और परोपकार के कामों से प्रतिष्ठा पाई है और समाज में एक खास जगह बना ली है।

> इंडियन बिजनेस एसोसिएशन ने अमेरिका में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए जो परेड निकाली थी, उसमें बुल्डोजर को भी शामिल किया गया था। ऐसा करते हुए यह भुला दिया जाता है कि वे खुद अमेरिका में अल्पसंख्यक हैं।

सोशल फोरम

किस्सा मलबे में दबी एक साहसी लड़की का

13 नवंबर 1985 को, कोलंबिया में नेवाडो डेल रुइज ज्वालामुखी फट पड़ा। उसके विस्फोट से मिट्टी, बर्फ और चट्टानों की एक विशाल लहर नीचे की ओर बहती हुई आर्मेरो नामक शहर पर टूट पड़ी। कुछ ही मिनटों में लगभग 23,000 लोगों की जान चली गई। एक 13 साल की बच्ची Omayra Sanchez भी मलबे में दब गई, जिसकी कहानी पूरी दुनिया को झकझोर गई।

शोएब गाजी
ब्लॉगर

जब राहतकर्मी मलबे तक पहुंचे, तो उन्होंने ओमायरा को ठंडे पानी और कंक्रीट के टुकड़ों में कमर तक फंसा हुआ पाया। उसकी टांगें उसके ही घर के मलबे के नीचे दब चुकी थीं और उसके पैरों के नीचे उसकी चाची का शव था, बेहद दर्द में होने के बावजूद, वह अद्भुत शांति के साथ सब कुछ झेल रही थी।

पूरी दुनिया ने 60 घंटे तक रिपोर्टरों के कैमरों के जरिए इस बच्ची की अकल्पनीय हिम्मत को देखा। ओमायरा आसपास के लोगों से प्यार से बात करती, खाने या पानी के लिए पूछती, यहां तक कि यह चिंता करती कि वह स्कूल के लिए देर न कर दे। कभी वह धीरे-धीरे गाना गाती, तो कभी प्रार्थना करती। उसकी काली आंखों में डर भी था और एक अद्भुत साहस भी।

राहतकर्मियों ने हर संभव कोशिश की। पानी निकालने के लिए पंप लाए। उसे सान्त्वना दी। टांगें छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन मलबा बहुत भारी था। डॉक्टरों को पता था कि बिना सही उपकरण के उसे निकालना खून बहने से मौत का कारण बन सकता है। इन घंटों में पत्रकार फ्रैंक फोर्नियर ने ओमायरा की तस्वीरें खींचीं। वे तस्वीरें जिन्होंने पूरी मानवता की अंतरात्मा को हिला दिया।

उसकी एक तस्वीर, जिसमें उसकी आंखें खुली थीं, चेहरा फीका और उंगलियां सूजी हुईं। बाद में World Press Photo of the Year का पुरस्कार जीती। यह कला के लिए नहीं, बल्कि उसकी सच्चाई और पीड़ा के लिए सम्मानित हुई।

ओमायरा के आखिरी शब्द प्यार से भरे थे। उसने बचावकर्मियों को धन्यवाद कहा। उसने अपनी मां से कहा- "मत रोना, मैं आराम करने के लिए तैयार हूं।" और 16 नवंबर की सुबह, 60 घंटे से अधिक संघर्ष करने के बाद, उस बहादुर लड़की ने हमेशा के लिए अपनी आंखें बंद कर लीं।

–फेसबुक वाल से

प्रसंगवश

तहजीब के शहर को यूनेस्को की मान्यता

हाल में विश्व नगर दिवस के अवसर पर यूनेस्को ने अपने रचनात्मक शहरों की सूची में 58 नए शहरों को शामिल किया है। इस सूची में लखनऊ का होना भारत के लिए गर्व का विषय है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को 'पाक-कला के सृजनशील शहर' का दर्जा मिलना न केवल लखनऊ की समृद्ध नवाबी विरासत का प्रतीक है, बल्कि इससे हमारे देश की खान-पान की खास परंपराओं पर वैश्विक मुहर भी लगी है।

लखनऊ की पाक परंपरा केवल भोजन नहीं, बल्कि समृद्ध खान-पान संस्कृति, इतिहास और भावनाओं का संगम है। वहां की गलियों में महकने वाला स्वाद सदियों पुरानी नवाबी तहजीब की निशानी है। वहां के रसदार कबाब, खास बिरयानी और अन्य

अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

खान-पान केवल व्यंजन नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही पाक कला के स्थापित प्रतीक हैं। लखनऊ साबित करता है कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि एक रचनात्मक अभिव्यक्ति भी है, जो समुदायों को जोड़ती है और इतिहास को जीवित रखती है। लखनऊ का यूनेस्को की रचनात्मक शहरों की सूची में शामिल होना, केवल एक सम्मान नहीं बल्कि एक अवसर है। इससे जहां शहर को न केवल वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी, वहीं पाक-कला के संरक्षण, नवाचार और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। यह दर्जा इस शहर को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रशिक्षण के अवसरों से जोड़ेगा। इससे स्थानीय रसोइयों, छोटे खानपान व्यवसायों और पारंपरिक खाद्य निर्माताओं को भी नई आर्थिक संभावनाएं मिलेंगी।

2019 में हैदराबाद को यह दर्जा मिला था। इसके बाद लखनऊ भारत का दूसरा शहर है, जिसे पाक-कला श्रेणी में यह सम्मान मिला है। इससे दुनिया में यह संदेश गया है कि हमारे देश का खानपान केवल विविध नहीं बल्कि नवाचार और परंपरा के संतुलन का एक अद्भुत उदाहरण भी है। लखनऊ की यह उपलब्धि भारत के हजारों गांवों, कस्बों और छोटे शहरों के लिए प्रेरणा बन सकती है। देश के हर क्षेत्र की अपनी कोई न कोई खाद्य पहचान है। आगरा का पेठा, मथुरा के पेड़े, जैसलमेर के घोटिया लड्डू, रेवाड़ी की बर्फी, बीकानेर का भुजिया और रसगुल्ले, जोधपुर की कचौरी समेत तमाम स्थानों की खान-पान संबंधी कोई न कोई पहचान है, जिसमें स्थानीय मिट्टी, जलवायु, संस्कृति और श्रम की मिठास मिली है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि ज्यादातर इलाकों के स्वाद की कहानी इन इलाकों तक ही सिमट कर रह गई है। लखनऊ की तरह यदि ऐसे सभी स्थानों की विशेषता को पहचान दिलाने के लिए संगठित प्रयास हों, तो ये भी देश और दुनिया के खानपान नक्शे पर जगह बना सकते हैं।

यह सही है कि यूनेस्को का दर्जा हर शहर को नहीं मिल सकता, लेकिन उस स्तर तक पहुंचने के लिए प्रयास जरूर किए जा सकते हैं। स्थानीय ब्रांडिंग और संरक्षण के तहत हर जिले के विशिष्ट व्यंजन की कहानी और परंपराओं का दस्तावेजीकरण और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन डिश' जैसे अभियानों का आगाज इसमें योगदान दे सकता है। पर्यटन विभाग यदि स्थानीय व्यंजनों पर आधारित फूड फेस्टिवल आयोजित करे, तो न केवल पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार भी सृजित होंगे। अगर छोटे होटल, स्ट्रीट फूड विक्रेता, गृहिणी उद्यमी और रसोइए मिलकर स्थानीय स्तर पर ब्रांड बनाएं, तो इससे 'मेक इन इंडिया' का स्वादिष्ट रूप भी सामने आ सकता है। छोटे शहरों के युवा अपने क्षेत्रीय व्यंजनों को डिजिटल माध्यमों पर प्रस्तुत करें, तो बड़ी पहचान मिल सकती है।

आमने

भाजपा निष्पक्ष चुनाव लड़ती है। अगर हम चुनाव को नियंत्रित करना चाहते, तो अंता चुनाव का नतीजा हमारे पक्ष में होता। अगर हम चुनाव को प्रभावित करते, प्रशासन की मदद लेते या वोटर लिस्ट में हेर-फेर करते तो आज चुनाव हमारी जेब में होता।

–राधा मोहन अग्रवाल
भाजपा प्रदेश प्रभारी, राजस्थान

सामने

अंता-उपचुनाव में बीजेपी के कई नेता प्रदेश भाजपा प्रभारी की शह पर अंदरखाने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के साथ खड़े थे। राज्य सभा सांसद @AgrawalRMD द्वारा यह कहना कि हम चाहते, इसका अर्थ उन्होंने सीधे निर्वाचन आयोग को अप्रत्यक्ष रूप से अपनी पार्टी के अधीन बताया है।

–हनुमान बेनीवाल
सांसद आरएलपी, राजस्थान

मेगा मर्जर नहीं, नए ग्लोबल बैंकों की जरूरत

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में तीसरे स्थान तक पहुंचने की क्षमता रखता है। ऐसे समय में बैंकिंग ढांचे का मजबूत और स्थिर होना बहुत जरूरी है। फिलहाल देश में 12 सरकारी बैंक हैं, जो 2017 से 2020 के बीच 27 बैंकों को मिलाकर बनाए गए हैं। सरकार अब इन 12 बैंकों में भी 'मेगा मर्जर' की बात कर रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या बार-बार बैंकों को मिलाना सच में देश के लिए अच्छा कदम है? क्या इससे भारत को दुनिया के बड़े बैंकों के मुकाबले खड़ा किया जा सकेगा? इसका सीधा जवाब है- नहीं। भारत को मर्जर नहीं, बल्कि नई सोच की जरूरत है। ऐसे नए ग्लोबल बैंक बनाने की, जिनकी नींव शुरू से ही आधुनिक तकनीक, बड़ी पूंजी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सोच पर रखी जाए।

पिछले कुछ वर्षों में सरकारी बैंकों की हालत बेहतर हुई है। पहले जहां बैंक भारी घाटों और बढ़ते एनपीए से जूझ रहे थे, वहीं 2023–24 में सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड 1.41 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया और 2024–25 में यह बढ़कर लगभग 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह दिखाता है कि बिना किसी नए मर्जर के भी बैंक अपनी स्थिति सुधार सकते हैं। 2018 में सरकारी बैंकों का खराब ऋण (एनपीए) करीब 14 प्रतिशत था, जो अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत के आसपास आ गया है। इससे साफ है कि बैंकों ने खुद को ठीक किया है। ऐसे में यदि फिर से बड़े पैमाने पर मर्जर की योजना लाई जाती है, तो यह पहले से सुधरते सिस्टम में अनावश्यक दबाव डालेगा।

मर्जर का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि दो या तीन बैंकों को जोड़ने में बहुत पैसा खर्च होता है। कंप्यूटर सिस्टम बदलना, आईटी प्लेटफॉर्म जोड़ना, शाखाएं मिलाना, कर्मचारियों की पोस्टिंग बदलना, पुराने लोगों और ब्रांडिंग हटाना आदि। इस पर हजारों करोड़ रुपये लग जाते हैं, जो ग्राहकों के हित में नहीं होते। यह खर्च सीधे आर्थिक विकास में योगदान नहीं देता, जबकि वही पैसा नए डिजिटल बैंक, आधुनिक तकनीक और ग्लोबल विस्तार पर खर्च किया जाए, तो उसका फायदा अधिक होगा।

दूसरी बड़ी समस्या यह है कि मर्जर के बाद बैंक बहुत बड़े हो जाते हैं, जिससे उनका काम 'तेज़' होने के बजाय 'धीमा' हो जाता है। निर्णय लेने में ज्यादा समय लगता है। शाखाओं में भीड़ बढ़ती है और स्थानीय ग्राहकों के लिए सेवाएं सुचारु नहीं रह पातीं। भारत जैसे देश में, जहां आधी से ज्यादा आबादी गांवों और छोटे कस्बों में रहती है, वहां बैंकों का स्थानीय स्तर पर मजबूत होना ज्यादा जरूरी है। अगर शाखाएं बंद होती हैं या बहुत दूर चली जाती हैं, तो ग्रामीण और छोटे व्यवसाय सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

जब हम अंतर्राष्ट्रीय बैंकों को देखते हैं- जैसे JP Morgan Chase, HSBC, ICBC, तो पता चलता है कि उनकी ताकत सिर्फ उनके आकार में नहीं है, बल्कि उनकी शुरुआत ही ग्लोबल विजन के साथ हुई थी। वे तकनीक पर खड़े हुए, अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन में विशेषज्ञ बने और दुनिया भर के बाजारों में फैले। भारत अगर सिर्फ पुराने ढांचे को जोड़कर 'बड़ा बैंक' बनाएगा, तो वह इन दिग्गजों की बराबरी नहीं कर पाएगा। भारत को चाहिए कि वह शुरुआत से ही 2–3 नए 'वैश्विक बैंक' बनाए, जिनकी संरचना डिजिटल हो। जोखिम प्रबंधन आधुनिक हो और पूंजी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुटाई जाए। ऐसे बैंक भारत को वैश्विक वित्तीय जगत में वह पहचान दिला सकते हैं, जिसकी हमें जरूरत है।

आज भारत की अर्थव्यवस्था 4.1 ट्रिलियन डॉलर के करीब है और अगले पांच साल में सात ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। इस तेज विकास के लिए ऐसे बैंक चाहिए, जो दुनिया भर में काम कर सकें, न कि केवल घरेलू बाजार तक सीमित रह जाएं। भारत में 2025 तक बैंकिंग क्रेडिट लगभग 220 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने का अनुमान है। इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सिर्फ मर्जर से बने 'भारी-भरकम' बैंक पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए आधुनिक, तेज़ और वैश्विक सोच वाले बैंक चाहिए।

नीति के स्तर पर सरकार को दो समानांतर रास्ते अपनाने चाहिए। पहला, मौजूदा 12 बैंकों को उनकी क्षेत्रीय ताकत के साथ स्वतंत्र और स्थिर काम करने देना। दूसरा, 2–3 नए ग्लोबल बैंक बनाना, जिनका टारगेट 2035 तक दुनिया के टॉप 50 बैंकों में शामिल होना हो। इन नए बैंकों में बोर्ड पूरी तरह पेशेवर हो, टेक्नोलॉजी आधुनिक हो और पूंजी जुटाने की क्षमता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो। ऐसे बैंक भारत की आउटबाउंड निवेश, ग्लोबल प्रोजेक्ट फाइनेंस, विदेशी मुद्रा कारोबार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

भारत को यह समझना चाहिए कि मेगा मर्जर से बैंक 'बड़े' तो हो सकते हैं, लेकिन 'वैश्विक' नहीं। भारत की असल जरूरत है, नई नींव पर बने नए ग्लोबल बैंक की। मौजूदा बैंकों को मजबूत रहने दिया जाए और उनके ऊपर अनावश्यक मर्जर का दबाव न डाला जाए। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में बैंकिंग का नया ढांचा चाहिए, जो आधुनिक, तेज, सुरक्षित और वैश्विक हो, इसलिए भारत को मेगा मर्जर नहीं, बल्कि मेगा विजन अपनाना चाहिए और यह विजन नए वैश्विक बैंकों के निर्माण से ही पूरा होगा।

> 2023–24 में सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड 1.41 लाख करोड़ रुपये मुनाफा कमाया, जो 2024–25 में बढ़कर लगभग 1.78 लाख करोड़ तक पहुंच गया। यह दिखाता है कि बिना नए मर्जर के भी बैंक अपनी स्थिति सुधार सकते हैं।

सामयिकी

पीहर की विरासत और बेटियों का दर्द

हर बेटी का अपने मायके से खास लगाव होता है। बेटी माता-पिता के शरीर का अंग होती हैं, पर ये कहानी एक ऐसी बेटी की है, जिसके जिस्म का एक अंग उसके पिता में समाहित हो गया था। नईहर (मायके) में जब ऐसी बेटी के ऊपर चप्पल उठ गई हो, तो उसके दिल को इतनी तकलीफ हुई होगी, जितनी तकलीफ उसे अपने पिता का जीवन बचाने के लिए अपने शरीर को चाक करके किडनी निकालने में भी नहीं हुई होगी।

राजद संस्थापक लालू प्रसाद यादव को अपनी किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य का दर्द जब छलका तो मीडिया की सुर्खियां बन गया। देश के एक बड़े सियासी घराने की ये बात जब घर की दीवारें पार कर देश-दुनिया तक पहुंचीं, तो ये घटना सबको अखर रही है। बात बड़े सियासी घराने की थी, तो दुनिया तक पहुंच गई।

सीमा चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सच तो ये है कि रोहिणी जैसी लाखों आम बेटियों का ऐसा दर्द, घर की चाहारदीवारों में सिसक कर खामोश हो जाता है। देश के घर-घर में न जाने ऐसी कितनी कहानियां होंगी, जो मीडिया के जरिए हमारे-आप तक नहीं पहुंच पातीं। ससुराल में तो आम बात है, औरत मायके में भी जुल्म का शिकार होती है। सड़क पर भी और संस्थान में भी।

बेटियां विदा होने के बाद भी मायके में अपनी जिम्मेदारियां निभाने के अवसर तलाश लेती हैं। ससुराल में छोटों को प्यार, बड़ों को सम्मान, पति को दिल और पिता को किडनी तक दे देती हैं। हर बुरे वक्त पर ससुराल से मायके दौड़ कर आ जाने वाली बेटी, विवाह उपरांत पीहर छोड़ती हैं, तो मां-बाप की विरासत को भी उनसे छीन लिया जाता है। सेवा संस्कार का हक तो बचा होता है, पर विरासत और जायदाद का हक उससे छीन लिया जाता है। लालू की पुत्री की कहानी में उससे उसके पिता की सियासत की विरासत का हक नहीं मिल रहा।

घर-घर की यही कहानी है। पुत्र घर का मालिक बन जाता है और पुत्री मेहमान। भाई राखी के बंधन की भी लाज न रखने वाला हो, तो बहन को अपने पिता के घर अपमानित होना पड़ता है। हमारे समाज के सुसंस्कारों में कुछ कुसंस्कार हैं। अन्यायपूर्ण न्याय है। रस्में और रवायतें ऐसी हैं कि हम अपनी बेटियों को पराया बना देते हैं। शायद इसी को पुरुष प्रधान समाज कहते हैं, जहां हम नारी को शक्ति मानते हैं। देवी का दर्जा देते हैं। नौ कन्याओं के पैर धोकर धार्मिक परंपराओं का पालन करते हैं, वहीं प्रयोगात्मक जीवन में बेटी, मां, बहन के साथ अक्सर अमानवीयता कर पुरुष प्रधानता के सुबूत देते हैं।

परवरिश से लेकर शिक्षा तक में पुत्र की अपेक्षा पुत्री से भेदभाव करते हैं। लड़की पराया धन है... मर्द हो तो ये करके दिखाओ... हमने चूड़ियां नहीं पहनी हैं... जैसे मुहावरों से लेकर, सारी गालियां महिलाओं पर घात करती हैं। हम नारी को देवी भी मानते हैं और नारी का तिरस्कार करने का हर मौका ढूंढते रहते हैं, लेकिन ये सत्य है कि लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का सम्मान न हो तो घर से शक्ति, धन, यश, कीर्ति, समृद्धि, उन्नति, ज्ञान... सबकुछ रूठ कर चला जाता है।

अपने पिता लालू यादव को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य को पीहर के घर अपमानित होना पड़ा। उन पर चप्पल उठाई गई, तो एक बहन और बेटी क्या करती! अपनी वेदना व्यक्त की और मायके का घर और भाई से नाता तोड़कर रोती हुई अपनी ससुराल उलटे पैरों वापस हो गईं, जिसके मां-बाप दोनों पूर्व मुख्यमंत्री हों, ऐसी बेटी अपने छोटे भाई के व्यवहार से दुखी होकर मीडिया के सामने अपनी वेदना व्यक्त कर रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

कुछ लोगों की लेखनी में ऐसा दम होता है कि उनके शब्द पाठक को बांध लेते हैं। अगर आपको लिखना पसंद है और टेक्नोलॉजी की दुनिया में भी दिलचस्पी है, तो आपके लिए टेक्निकल राइटर के क्षेत्र में सबसे सही करियर विकल्प हो सकता है। यह ऐसा पेशा है, जहां शब्द और मशीन दोनों की भाषा एक साथ चलती है। अमेरिका के यूएस डिपार्टमेंट ऑफ लेबर की रिपोर्ट के मुताबिक, यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। आज आपको बताते हैं कि Technical Writing में अपना भविष्य कैसे बनाएं।

-ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

टेक्निकल राइटिंग
कलम और की बोर्ड का शानदार संगम

क्या होता है टेक्निकल राइटर

टेक्निकल राइटर वह होता है, जो किसी मशीन, सॉफ्टवेयर या ऐप को इस्तेमाल करने के तरीके को आसान शब्दों में समझाता है। जैसे मोबाइल का यूजर मैनुअल, किसी वेबसाइट का Help सेक्शन या किसी ऐप का गाइड या FAQ पेज-इन सबके पीछे टेक्निकल राइटर की मेहनत होती है। इस पेशे का उद्देश्य यही है कि टेक्नोलॉजी को आम लोगों के लिए समझना आसान बनाया जाए।

कैसे बनें टेक्निकल राइटर

टेक्निकल राइटर बनने के लिए किसी एक खास डिग्री की जरूरत नहीं होती, लेकिन अगर आपने इंग्लिश, मॉस कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म या कंप्यूटर साइंस से पढ़ाई की है, तो फायदा जरूर होगा। साथ ही कई ऑनलाइन कोर्स भी उपलब्ध हैं, जो शुरुआती लोगों के लिए मददगार हैं, जैसे- Google Technical Writing Course, Coursera Technical Writing Specialization, इन कोर्सेस से आप सीख सकते हैं कि किसी तकनीकी जानकारी को किस तरह सरल, स्पष्ट और प्रोफेशनल अंदाज में लिखा जाए।

इन क्षेत्रों में अवसर

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में टेक्निकल राइटर्स की मांग लगातार बढ़ रही है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), इंफोसिस, इंफोटेक और अन्य बड़ी आईटी कंपनियों में इनकी डिमांड हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा विज्ञापन एजेंसियों, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फर्म्स, मीडिया संस्थानों और यहां तक कि सरकारी विभागों में भी इनकी मांग बढ़ी है। अगर आप स्वतंत्र रूप से काम करना पसंद करते हैं, तो बतौर फ्रीलांसर टेक्निकल राइटर भी अच्छा करियर बना सकते हैं। आज कई वेबसाइट्स और स्टार्टअप्स प्रोजेक्ट-बेस्ड काम देती हैं, जिससे आप घर बैठे अच्छी कमाई कर सकते हैं।

जरूरी स्किल्स

एक सफल टेक्निकल राइटर बनने के लिए केवल लिखने की क्षमता ही नहीं, बल्कि रिसर्च और तकनीकी समझ भी जरूरी है। इस क्षेत्र में सफलता के लिए आपके पास ये कौशल होने चाहिए-

- साफ और सरल भाषा में लिखने की कला
- रिसर्च करने और जानकारी को संक्षेप में प्रस्तुत करने की क्षमता
- ग्रामर और एडिटिंग की अच्छी समझ
- तकनीकी जानकारी और कंप्यूटर टूल्स की पकड़

कम्युनिकेशन स्किल्स

- डॉक्यूमेंटेशन टूल्स जैसे-MS Word, FrameMaker, Markdown आदि का ज्ञान
- चार्ट, स्क्रीनशॉट या डायग्राम के जरिए चीजों को दिखाने की क्षमता
- टाइम मैनेजमेंट और डेडलाइन पर काम करने की दक्षता

प्रमुख संस्थान

- डॉक्यूमेंटेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर, बेंगलुरू
- फॉर सी कंटेंट एक्सपर्ट्स, बेंगलुरू
- टी. डब्ल्यू.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल कम्युनिकेशन, बेंगलुरू
- टेक्नोप्वॉइंट, बेंगलुरू
- टेक्नोराइटर्स एकेडमी, पुणे
- एक्स.आई.सी, मुंबई
- यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट, केरल

सैलरी एंड करियर ग्रोथ

टेक्निकल राइटिंग के साथ विकास के कई रास्ते भी खुलते हैं। एक प्रवेश-स्तर के तकनीकी लेखक के रूप में शुरुआत करके, आप वरिष्ठ या प्रमुख पदों पर पहुंच सकते हैं या सामग्री रणनीति या सूचना वास्तुकला जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता भी प्राप्त कर सकते हैं। अनुभव के साथ, अपने करियर के दौरान दिशाएं बदलना संभव है। शुरुआती महीनों में 25,000 से 40,000 रुपये तक कमा सकते हैं। अनुभव और विशेषज्ञता बढ़ने के साथ आप सीनियर टेक्निकल राइटर, कंटेंट स्ट्रैटेजिस्ट या इन्फॉर्मेशन आर्किटेक्ट जैसे पदों तक पहुंच सकते हैं, जहां सैलरी 80,000 रुपये या उससे अधिक हो सकती है। आप चाहे तो फ्रीलांसिंग करके घर से भी अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

जॉब अलर्ट

बैंक ऑफ बड़ौदा

- पद का नाम : प्राप्य प्रबंधन पद (कॉन्ट्रैक्ट बेस)
- पदों की संख्या : 82
- वेतन : योग्यता या अनुभव के आधार पर
- योग्यता : स्नातक (वरीयता : एमबीए / पीजी डिप्लोमा)
- आयु सीमा : 25 से 52 वर्ष (पदानुसार)
- अंतिम तिथि : 09-12-2025
- वेबसाइट : bankofbaroda.in

ईएसआईसी

- पद का नाम : प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं शैक्षणिक पद
- पदों की संख्या : 256
- योग्यता : पदानुसार
- वेतन : 67,100-1,23,100 रुपये
- वॉक-इन इंटरव्यू तिथि- 24 -25नवंबर, 2025
- वेबसाइट : esic.gov.in

एमपीएमकेवीवीसीएल

- पद का नाम : ट्रेड अप्रेंटिसशिप
- पदों की संख्या : 309
- योग्यता : आईटीआई
- आयु सीमा : 18-25 वर्ष
- अंतिम तिथि : 07 दिसंबर,2025
- वेबसाइट : mpcz.in

ओडिशा हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लि.

- पद का नाम : इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, वेल्डर ट्रेनी एवं स्टोर कीपर ट्रेनी
- पदों की संख्या : 125
- वेतनमान : 22,500 - 81,100 रुपये (ट्रेनिंग के दौरान 22,700 रुपये स्टाइपेंड मिलेगा)
- आयु सीमा : 18 से 32 वर्ष
- अंतिम तिथि : 11 दिसंबर, 2025
- वेबसाइट : admin.ohpcltd.com

कैंपस में पहला दिन
उत्साह के साथ चिंता भी थी मन में

उस दिन उत्साह, घबराहट और सपनों का एक अद्भुत संगम मेरे मन में उमड़ रहा था। वह दिन था, जब मैं इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम बी.फार्मा. में प्रवेश लेने शहर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में पहुंची थी। यह दिन मेरे करियर की नई यात्रा का पहला पड़ाव था, इसलिए मन में उत्सुकता कुछ ज्यादा ही थी। मैं समय से पहले कॉलेज पहुंच गई और जैसे ही गेट के अंदर कदम रखा, लगा मानो किसी बिल्कुल नई दुनिया में प्रवेश कर रही हूं। विशाल इमारतें, प्रयोगशाला से आने वाली हल्की-सी महक, सफेद कोट पहने वरिष्ठ विद्यार्थी, यह सब कुछ मुझे बरबस ही आकर्षित कर रहा था।

इंटर की मेरिट अच्छी होने के कारण मुझे आसानी से प्रवेश मिल गया। अपनी कक्षा तक पहुंचते हुए रास्ते भर दिमाग में कई सवाल उठ रहे थे। क्या मैं सबके बीच तालमेल बिठा पाऊंगी? क्या पढ़ाई बहुत कठिन होगी? क्या नए माहौल में मैं खुद को समायोजित कर पाऊंगी? यह सोच ही रही थी कि तभी दो-तीन नई छात्राओं से बात हुई और कुछ ही मिनटों में हम एक-दूसरे के साथ सहज हो गए। यह छोटी-सी बातचीत मेरे लिए आत्मविश्वास का पहला कदम बन गई।

कक्षा शुरू हुई, तो प्रोफेसर ने बी फार्मा की पढ़ाई, दवाओं के विज्ञान और इस क्षेत्र की जिम्मेदारियों को बड़े सरल, लेकिन प्रभावी अंदाज में समझाया। उनका कहना था कि यह केवल एक डिग्री नहीं, अपितु मानवीय सेवा से जुड़ा हुआ एक संवेदनशील पेशा है। उनकी बातें सुनकर मेरे मन में गर्व और उत्साह का संचार हुआ। जब उन्होंने हमें बताया कि आने वाले दिनों में हमें प्रयोगशालाओं में काम करना होगा, विभिन्न रसायनों से परिचित होना होगा और औषधि निर्माण के छोटे-छोटे प्रयोग करने होंगे, तो मेरे भीतर की जिज्ञासा फिर से जाग उठी। दोपहर में हम कैंटीन गए, जहां माहौल पूरी तरह अलग था। वहां हंसी-मजाक, बातचीत और नए संबंधों की शुरुआत का सुंदर मिश्रण था। हमने अपने-अपने स्कूल के अनुभव, घर की बातें और भविष्य के सपने साझा किए। कुछ ही घंटों में जो लोग अजनबी थे, वे अब दोस्त जैसा महसूस होने लगे।

प्रथम दिन का सबसे रोमांचक हिस्सा था-फार्मेसी लैब का पहला दौरा। पारदर्शी बोतलों में रखे रंग-बिरंगे रसायन, व्यवस्थित उपकरण, बड़े-बड़े मापयंत्र यह सब कुछ मैंने बड़ी उत्सुकता से देखा। मुझे महसूस होने लगा कि यही वह जगह है, जहां आने वाले चार वर्षों में मैं अपने सपनों को आकार दूंगी। जब शाम को कॉलेज से बाहर निकली, तो सुबह की घबराहट मानो कहीं गायब हो चुकी थी। उसकी जगह नई ऊर्जा और आत्मविश्वास ने ले ली थी। यह सिर्फ कॉलेज का पहला दिन ही नहीं था, बल्कि यह मेरी पेशेवर यात्रा की नींव रखने वाला दिन था, जो मुझे हमेशा याद रहेगा और आगे बढ़ने की मुझे हमेशा ही प्रेरणा देता रहेगा।

-प्रेरणा अवस्थी
लखीमपुर खीरी

नोटिस बोर्ड

- बरेली कॉलेज एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त प्रयास से 21 नवंबर (शुक्रवार) को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन नए परीक्षा भवन में सुबह 9 बजे से होगा। मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 25 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो लगभग 2000 रिक्तियों पर चयन करेंगी।
- 26 नवंबर से एचबीटीयू में बायोगैस पर विशेष कार्यशाला आयोजित होगी। यह कार्यशाला चार दिन तक चलेगी। बायो कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में उद्यमी भी शामिल होंगे।

डिग्री के बिना सफलता की राह करें आसान

कई बार हालात ऐसे बन जाते हैं कि हम चाहकर भी अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। कोई कॉलेज तक नहीं पहुंच पाता, तो कोई बीच में ही पढ़ाई छोड़ देता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि करियर रुक गया। आज का समय स्किल का है और अगर आपके पास सही स्किल है, तो डिग्री न होने के बावजूद भी आप शानदार कमाई कर सकते हैं। आज हम ऐसे ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में बात करेंगे, जो आने वाले समय में सबसे ज्यादा मांग वाले स्किल बनेंगे और जिनके जरिए आप आसानी से अच्छी नौकरी भी पा सकते हैं। -फीचर डेस्क

ये कोर्स काफी डिमांड में होंगे

साल 2026 तक कई ऐसे ऑनलाइन सर्टिफिकेशन मौजूद होंगे, जो टेक्नोलॉजी और बिजनेस के फील्ड में इंडस्ट्री द्वारा मान्यता प्राप्त होंगे और डिग्री की जगह ले सकेंगे। जी हां, डिग्री की जगह। मतलब अब आपको डिग्री लेने की जरूरत नहीं है। आप बस ये ऑनलाइन कोर्स भी कर सकते हैं।

AWS सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट

अमेजन वेब सर्विसेज का यह कोर्स क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन करने की ट्रेनिंग देता है। इस कोर्स के बाद छात्रों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह कोर्स मुख्य AWS सेवा जैसे कि कंप्यूट, स्टोरेज, नेटवर्किंग और सुरक्षा के बारे में छात्रों को बताता है। साथ ही AWS के Well-Architected Framework के बारे में छात्रों को जानकारी देता है।

सर्टिफाइड स्क्रम मास्टर

स्क्रम मास्टर प्रमाणन (सीएसएम) एजाइल मैनेजमेंट के बारे में बताता है। सॉफ्टवेयर के फील्ड में डेवलेपमंट के लिए ये कोर्स काफी महत्वपूर्ण है। इस कोर्स में भी सर्टिफिकेट दिया जाता है।

हबस्पॉट कंटेंट मार्केटिंग सर्टिफिकेशन

डिजिटल मार्केटिंग में करियर बनाना है, तो ये कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स में कॉन्टेंट स्ट्रैटजी और इनबाउंड मार्केटिंग के बारे में बताया जाता है। ये आम मार्केटिंग कोर्स से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

प्रोजेक्ट मैनमेंट प्रोफेशनल (PMP)

किसी भी छोटे-बड़े प्रोजेक्ट को हैंडल करने के लिए एक्सपर्ट की जरूरत पड़ती है। ऐसे में ये कोर्स काफी महत्वपूर्ण है। कई जगहों पर इस सर्टिफिकेट कोर्स को डिग्री के बदले स्वीकार भी किया जाता है। इन्हें 12-22 लाख रुपये प्रति वर्ष सैलरी मिलती है।

माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफाइड फंडामेंटल्स

क्लाउड कंप्यूटिंग और माइक्रोसॉफ्ट के बारे में इस कोर्स के बताया जाता है। इस कोर्स की मदद से आप क्लाउट कंप्यूटिंग से जुड़े स्किल्स सीख पाएंगे। यह एक सर्टिफिकेट कोर्स है।

सर्टिफाइड डाटा प्रोफेशनल (CDP)

डेटा से जुड़े स्किल्स की मार्केट में काफी मांग है। इस कोर्स में सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस कोर्स में नौकरी के काफी अवसर मिलते हैं। अनुभव के साथ ही सैलरी लाखों में मिलती है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	85,186.47	26,052.65
बढ़त	513.45	142.60
प्रतिशत में	0.61	0.55

सोना 1,27,300
प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,60,000
प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 20 नवंबर 2025
www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

सैमसंग की बढ़कर हुई 1.11 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स की वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन आय 11% से अधिक वृद्धि के साथ 1.11 लाख करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की 2023-24 में परिचालन आय 99,541.6 करोड़ रुपये रही थी। आरओसी (कंपनी रजिस्ट्रार) को दी जानकारी के अनुसार, सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स ने परिचालन आय में वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया। अन्य आय सहित इसकी कुल एकीकृत आय एक साल पहले ही इस आंकड़े को पार कर गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1,06,283 करोड़ दर्ज हुई थी। सैमसंग इंडिया की कुल आय में मोबाइल फोन व्यवसाय का बड़ा योगदान है।

ऑयल इंडिया ने किया टोटल से समझौता

नई दिल्ली। देश में सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल खोज कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने टोटल एनर्जीज के साथ समझौता किया है। इसके तहत फ्रांस की दिग्गज ऊर्जा कंपनी गहरे पानी वाले क्षेत्रों में तेल और प्राकृतिक गैस भंडार खोजने के लिए तकनीकी सहायता देगी। ऑयल इंडिया ने बुधवार को कहा कि ऑयल इंडिया और टोटल एनर्जीज ने 19 नवंबर, 2025 को नयी दिल्ली में एक प्रौद्योगिकी सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद गहरे और अति-गहरे पानी वाले अपतटीय सीमाओं में खोज गतिविधियों के लिए रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना है। इस समझौते से ऑयल इंडिया को टोटल एनर्जीज की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

सर्वोटेक को मिली 74 करोड़ की परियोजना

नई दिल्ली। सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम ने बुधवार को कहा कि उसे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 74 करोड़ की रूफटॉप (छत पर लगाई जाने वाली) सौर परियोजना प्राप्त हुई है। सर्वोटेक ने कहा कि यह परियोजना आंध्र प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एनआरईडीसीएपी) द्वारा प्रदान की गई है। सर्वोटेक रिन्यूएबल 5,886 एससी/एसटी के परिवारों के लिए विभिन्न क्षमताओं के रूफटॉप सौर संयंत्रों का डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और उन्हें चालू करने का कार्य करेगी।

आयातकों-निर्यातकों को नई सूचना देगा टीआईए

केंद्रीय उद्योग मंत्री बोले- ये मंच भारत की ओर से क्रियान्वित एफटीए की बेहतर समझ प्रदान करेगा

- वाणिज्य विभाग के तैयार टीआईए मंच वैश्विक एवं राष्ट्रीय डेटाबेस को करता है एकीकृत

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ट्रेड इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (टीआईए) मंच देश के आयातकों, निर्यातकों, स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नई जानकारियां उपलब्ध कराएगा।

केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा कि यह मंच निर्यातकों को भारत द्वारा अब तक क्रियान्वित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की बेहतर समझ प्रदान करेगा। वाणिज्य विभाग द्वारा तैयार 'टीआईए' मंच छोटे व्यवसायों के साथ-साथ कई वैश्विक एवं राष्ट्रीय 'डेटाबेस' को एकीकृत विश्लेषणात्मक मॉडल में एकीकृत करता है। यह 270 से अधिक विश्लेषण प्रदान करता है। यह मंच भारत और वैश्विक व्यापार, वस्तुओं व क्षेत्रीय विश्लेषण, निर्यात अवसरों सहित बाजार आसूचना एवं प्रतिस्पर्धी विश्लेषण पर वास्तविक समय, 'इंटरैक्टिव' अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इसमें पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) और महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित विनिर्माण क्षेत्रों के लिए स्वचालित व्यापार रिपोर्ट और व्यापार प्रवृत्तियों पर नजर रखना भी शामिल है।

जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है मंच

वित्त विभाग के आर्थिक सलाहकार वनलालराम सांगा ने कहा कि मंच को हितधारकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके सुझावों के आधार पर इसे आगे और विकसित किया जाएगा। यह मंच एक केंद्रीकृत 'डिजिटल हब' के रूप में भी काम करेगा जो विविध व्यापार डेटाबेस (वैश्विक (यूएन कॉमट्रेड) एवं द्विपक्षीय) को एक एकीकृत प्रणाली में समेकित करेगा।

तेल अवीव की यात्रा के दौरान भारत-इजराइल एफटीए की समीक्षा करेंगे केंद्रीय उद्योग मंत्री

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इस सप्ताह तेल अवीव की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, गोयल, इजराइल में 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वहां वे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसाय जगत के लोगों के साथ चर्चा करेंगे। यह यात्रा 22 नवंबर को संपन्न होगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रगति की भी समीक्षा की जा सकती है। भारत और इजराइल मई 2010 से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक आठ दौर की बातचीत हो चुकी है। दोनों देशों ने अक्टूबर 2021 में बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उस देश को भारत का निर्यात 2023-24 के 4.52 अरब डॉलर से 52 प्रतिशत घटकर 2.14 अरब डॉलर और आयात भी 26.2 प्रतिशत घटकर 1.48 अरब डॉलर रह गया। भारत, एशिया में इजराइल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार में मुख्य रूप से हीरे, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायन शामिल हैं, लेकिन हाल के वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों, संचार प्रणालियों एवं चिकित्सकीय उपकरणों जैसे क्षेत्रों में भी व्यापार में वृद्धि देखी गई है।

सेवा संबंधी कॉल शृंखला 1600 को जल्द अपनाएं वित्तीय संस्थान : ट्राई

नई दिल्ली, एजेंसी

- शृंखला को चरणबद्ध अपनाने के लिए निर्धारित की समयसीमा

ट्राई ने बुधवार को बैंकों, एनबीएफसी, म्यूचुअल फंड और अन्य विनियमित संस्थाओं के सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए 1600 नंबरिंग शृंखला को चरणबद्ध तरीके से अपनाने के लिए समयसीमा तय की। यह कदम वॉयस कॉल से होने वाले धोखाधड़ी पर रोक को उठाया गया है।

ट्राई ने कहा कि सार्वजनिक और निजी के साथ विदेशी तथा वाणिज्यिक बैंकों को 1 जनवरी, 2026 तक इसे अपनाना होगा। दूरसंचार नियामक ने कहा कि ट्राई से जारी निर्देश में आरबीआई, सेबी और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा 1600 नंबरिंग शृंखला को अपनाने की अंतिम तिथियां बताई गई हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अनुसार, सभी म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) इसे 15 फरवरी 2026 तक अपनाए। पात्र स्टॉक ब्रोकर (क्यूएसबी) 15 मार्च तक इसे लागू करें। बड़े आकार के एनबीएफसी, भुगतान बैंक और लघु वित्त बैंकों को 1 फरवरी तक इसमें शामिल होने को कहा गया है और एनबीएफसी, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक और छोटी संस्थाओं के लिए एक मार्च तय किया है।

आरबीआई ने अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंच की चेतावनी सूची में सात नए नाम जोड़े

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंच की अपनी 'चेतावनी सूची' में सात नए नाम जोड़े और इनकी कुल संख्या 95 हो गई है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि चेतावनी सूची में उन इकाइयों के नाम शामिल हैं जो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के तहत विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने के लिए अधिकृत नहीं हैं और जो विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (ईटीपी) संचालित करने को भी अधिकृत नहीं हैं। सूची में शामिल किए नए नामों में स्टारनेट एफएक्स, कैपप्लेस, मिररॉक्स, फ्यूजन मार्केट्स, ट्राइव, एनएक्सजी मार्केट्स और नॉर्ड एफएक्स है। आरबीआई ने कहा कि सूची में उन संस्थाओं, मंचों, वेबसाइट के नाम भी हैं, जो अनधिकृत इकाइयों या ईटीपी को बढ़ावा दे रही हैं। यह सूची संपूर्ण नहीं है।

गैर-पंजीकृत ऑनलाइन बॉण्ड मंच को लेकर बरतें सावधानी : सेबी

नई दिल्ली। सेबी ने बुधवार को निवेशकों से गैर-पंजीकृत ऑनलाइन बॉण्ड मंच को लेकर सावधानी बरतने और लेनदेन से बचने का आग्रह किया। नियामक ने कहा कि इन मंचों पर नियामकीय निगरानी का अभाव है और निवेशकों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे लेनदेन से पहले ऑनलाइन बॉण्ड मंच प्रदाताओं (ओबीपीपी) की पंजीकरण स्थिति का जांच कर लें और अपने हितों की रक्षा के लिए केवल सेबी-पंजीकृत इकाइयों के साथ ही लेनदेन करें। इसके अलावा, सभी बाजार सहभागियों को ओबीपीपी के रूप में कोई भी सेवा प्रदान करने से पहले लागू नियामक ढांचे का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आगाह किया गया है। यह कदम तब उठाया गया जब सेबी ने पाया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों और शेयर ब्रोकर सहित कुछ संस्थाएं, शेयर बाजारों से अनिवार्य पंजीकरण प्राप्त किए बिना ऑनलाइन बॉण्ड मंच प्रदाताओं के रूप में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इसमें कहा गया, ऐसे गैर-पंजीकृत मंच पर नियामक या पर्यवेक्षी निगरानी का अभाव है और ये निवेशक सुरक्षा या शिकायत निवारण के लिए कोई व्यवस्था प्रदान नहीं करते हैं।

आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 26,000 के पार

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयर में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई।

बीएसई का सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी 142.60 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन लाभ में रहीं। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस नुकसान में रहे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मंगलवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 'आप अच्छी खबर सुनेंगे' जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित होगा। इस बयान से भी बाजारों को थोड़ा समर्थन मिला। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि मंगलवार की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी। बाजार को मुख्य रूप से आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से समर्थन मिला। उन्होंने कहा, इस तेजी की अगुवाई इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी आईटी कंपनियों ने किया। इन्फोसिस की 18,000 करोड़ रुपये के शेयर पुनर्खरीद की घोषणा के बाद धारणा में सुधार हुआ। संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने भी धारणा को मजबूत किया... । जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने के चलते आईटी क्षेत्र में तेजी आई।

सोना 1,500 और चांदी 4,000 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.5% शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा।

राष्ट्रीय

उच्च न्यायिक सेवा में पदोन्नत जजों के लिए आरक्षण देने से सुप्रीम इन्कार

सीजेआई गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने की सुनवाई



- कोर्ट ने कहा- देश में असमान प्रतिनिधित्व की कोई साझा व्याधि नहीं है जिसके लिए ऐसी व्यवस्था की जरूरत हो

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उच्चतर न्यायिक सेवा (एचजेएस) में पदोन्नत जजों के लिए आरक्षण देने से इन्कार कर दिया और कहा कि देश में असमान प्रतिनिधित्व की कोई साझा व्याधि नहीं है जिसके लिए ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि "कथित असंतोष" और "नाराजगी" के कारण किसी कैडर के सदस्यों का कृत्रिम वर्गीकरण नहीं किया जा सकता।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि एचजेएस के भीतर चयन ग्रेड और सुपर टाइम स्केल में निर्धारण कैडर के भीतर योग्यता-सह-वरिष्ठता पर आधारित है और यह न्यायपालिका के निचले स्तर पर सेवा की अवधि या प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हो सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, के. विनोद चंद्रन और जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने कहा कि सांख्यिकीय आंकड़े भिन्न हैं और एचजेएस में नियमित पदोन्नत व्यक्तियों (आरपी) के असंतोष और नाराजगी को उचित ठहराने के लिए कोई ठोस आधार प्रदान नहीं करते हैं। सेवारत न्यायिक अधिकारियों के पास जिला जजों के रूप में उन्नति के पर्याप्त अवसर हैं, जिससे उन्हें जिला जज के रूप में सीधी भर्ती के लिए दावेदारी की अनुमति मिलती है। पीठ ने कहा कि एचजेएस के अंतर्गत चयन ग्रेड और सुपर टाइम स्केल में नियुक्ति, संवर्ग के भीतर योग्यता-सह-वरिष्ठता पर आधारित है और न्यायपालिका के निचले स्तरों पर सेवाकाल या प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हो सकती; आरपी और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षाएं (एलडीसीई) के एचजेएस में आने के बाद, यह अपना महत्व खो देता है।

न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम के अहम प्रावधानों को किया रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न न्यायाधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति, कार्यकाल और सेवा शर्तों से संबंधित 2021 के न्यायाधिकरण सुधार कानून के कई प्रावधानों को बुधवार को रद्द कर दिया और कहा कि इन्हें केंद्र द्वारा मामूली बदलावों के साथ फिर से लागू किया गया था। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि विवादित प्रावधान शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं और उन्हें वापस नहीं लाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि लंबित मामलों से निपटना केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी सरकार के अन्य अंगों को भी उठानी होगी। पीठ ने कहा कि संसद ने पहले से ही न्यायालय द्वारा रद्द किए गये प्रावधानों को पुनः लागू करके बाध्यकारी न्यायिक मिसालों की विधायी रूप से अवहेलना का प्रयास किया। सीजेआई ने फैसला पढ़ते हुए कहा, हमने अध्यादेश और 2021 के अधिनियम के प्रावधानों की तुलना की है और यह दर्शाता है कि पहले ही खारिज किए जा चुके सभी प्रावधानों को मामूली बदलाव के साथ फिर से लागू किया गया है। इस प्रकार हमारा मानना है कि 2021 अधिनियम के प्रावधानों को बरकरार नहीं रखा जा सकता क्योंकि यह शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। यह किसी भी खामी को दूर किए बिना और बाध्यकारी निर्णय के विपरीत जाकर विधायी अतिक्रमण के समान है यह संविधान के अनुरूप नहीं है। इसलिए, इसे असंवैधानिक घोषित करके रद्द किया जाता है।

प्रदूषण को ध्यान में रख खेल स्पर्धाएं कराए सीएक्यूएम

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा कि वह वायु प्रदूषण के स्तर को ध्यान में रखते हुए दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को नवंबर और दिसंबर में प्रस्तावित खेल स्पर्धाओं को सुरक्षित महीनों तक के लिए स्थगित करने पर विचार करे। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर वायु प्रदूषण संकट के मुद्दे पर सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है और शीर्ष अदालत को इस मामले की निगरानी के लिए मासिक आधार पर सुनवाई करनी चाहिए। सीएक्यूएम को यह निर्देश तब दिया गया जब वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायमित्र अपराजिता सिंह ने पीठ से कहा कि जब वयस्क लोग 'एयर प्यूरीफायर' चालू करके बंद जगहों पर बैठे हैं, तो ऐसे में बच्चे खुले गैस चैंबर में खेलकूद की तैयारी कर रहे हैं। बच्चे सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। अभी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करना उन्हें गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई ने कहा कि हम सीएक्यूएम से अनुरोध करते हैं कि वह इसे ध्यान में रखे और ऐसी खेल प्रतियोगिताओं को सुरक्षित महीनों में स्थानांतरित करने के लिए निर्देश जारी करे। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि मंगलवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई और वायु प्रदूषण से निपटने के दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों पर चर्चा की गई।

अंग प्रतिरोपण पर राष्ट्रीय नीति और समान नियम बनाए केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र को अंगदान और आवंटन के लिए पारदर्शी एवं सक्षम प्रणाली बनाने के लिए राज्यों के परामर्श से राष्ट्रीय नीति और समान नियम बनाने के संबंध में कई निर्देश जारी किए। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इंडियन सोसायटी ऑफ ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन की याचिका पर ये निर्देश पारित किए। सीजेआई ने अपने आदेश में केंद्र से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश को मानव अंग प्रतिरोपण अधिनियम, 1994 में 2011 के संशोधनों को अपनाने के लिए राजी करे। उन्होंने निर्देश दिया कि कर्नाटक, तमिलनाडु और मणिपुर जैसे राज्य, जिन्होंने अब तक मानव अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण नियम, 2014 को नहीं अपनाया है, इस मुद्दे के महत्व पर जोर देते हुए इसे शीघ्रता से अपनाएं। पीठ ने केंद्र से अंग प्रतिरोपण के लिए आदर्श आवंटन मानदंड वाली राष्ट्रीय नीति विकसित करने को कहा। पीठ ने कहा कि इस नीति में लिंग और जातिगत पूर्वाग्रह के मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए और राज्य-वार विसंगतियों को समाप्त करने के लिए देश भर के अंगदाताओं के लिए एक समान मानदंड स्थापित किए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया कि मणिपुर, नगालैंड, अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप जैसे राज्यों में राज्य अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन (एसओटीटो) का अभाव है। पीठ ने केंद्र से राज्यों से परामर्श के बाद अंग प्रतिरोपण कार्यक्रम के तहत निकायों का गठन करने को कहा। अंगदान करने वालों को शोषण से बचाने के मुद्दे पर, पीठ ने केंद्र से कहा कि ऐसे लोगों के लिए निर्देश विकसित करें।

निकाय चुनावों में वीवीपीएटी का उपयोग अनिवार्य नहीं : ईसी

नागपुर। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को मुंबई हाईकोर्ट को बताया कि निकाय चुनावों के लिए वीवीपीएटी मशीनों का उपयोग अनिवार्य नहीं है और यह तकनीकी रूप से भी व्यावहारिक नहीं है। आयोग ने नागपुर पीठ के समक्ष कांग्रेस नेता प्रफुल्ल गुडाधे की याचिका का विरोध करते हुए हलफनामा दायर किया। याचिका में महाराष्ट्र में निकाय चुनावों में वीवीपीएटी का उपयोग नहीं करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई थी।

- मुंबई हाईकोर्ट में आयोग याचिका का विरोध करते हुए दिया हलफनामा

गुडाधे ने याचिका में कहा कि पारदर्शी चुनाव के लिए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) प्रणाली जरूरी है। बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अनिल किलोर की पीठ ने वीवीपीएटी मशीनों का उपयोग न करने का कारण जानना चाहा, खासकर तब जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वीवीपीएटी का उपयोग अनिवार्य है। आयोग के वकील ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल आम चुनावों पर लागू होता है, निकाय चुनावों पर नहीं। आयोग ने हलफनामे में कहा कि नगरपालिका चुनावों को नियंत्रित करने वाले अधिनियमों में वीवीपीएटी के उपयोग को अनिवार्य नहीं किया गया है।

जीवनसाथी को बार-बार आत्महत्या की धमकी देना क्रूरता : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- कोर्ट ने कहा- ऐसा आचरण जब दोहराया जाता है, तो वैवाहिक संबंध रखना असंभव हो जाता है

मुंबई हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को तलाक देते हुए कहा कि जीवनसाथी द्वारा बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने आदेश में कहा कि जब ऐसा आचरण दोहराया जाता है, तो पति या पत्नी के लिए वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है।

यह आदेश उस व्यक्ति की दायर याचिका पर पारित हुआ, जिसने पारिवारिक अदालत के 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। पारिवारिक अदालत ने व्यक्ति की तलाक की अर्जी खारिज की थी। याचिका के मुताबिक व्यक्ति की शादी 2006 में हुई थी, लेकिन वैवाहिक विवाद के कारण वह 2012 से पत्नी से अलग रह रहा था। व्यक्ति ने दावा किया कि अलगाव और संदेह के साथ धमकी और आत्महत्या का प्रयास करना हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक देने के आधार हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि पति-पत्नी एक दशक से अधिक समय से अलग-अलग रह रहे हैं और उनके बीच न तो कोई सौहार्द्रपूर्ण समझौता हो पाया है और न ही मेल-मिलाप संभव हो पाया। व्यक्ति ने क्रूरता के कई उदाहरणों का उल्लेख किया था, लेकिन पारिवारिक अदालत ने उन पर विचार नहीं किया।

पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि जीवनसाथी द्वारा आत्महत्या की धमकी देना क्रूरता है। हाईकोर्ट ने कहा, जब ऐसा आचरण दोहराया जाता है, तो दंपती के लिए शांतिपूर्ण वातावरण में वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है।

प्रदूषण से नहीं मिली राहत एक्यूआई बेहद खराब

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया। इसी के साथ दिल्ली में लगातार छठे दिन वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप से यह भी पता चला है कि 38 में से 18 निगरानी केंद्रों ने एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया है। चांदनी चौक, डीटीयू, बवाना, आनंद विहार, मुंडका, नरेला और वजीरपुर स्थित केंद्रों ने एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया है। मौसम की बात करें तो न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रहा जो औसत से 2.1 डिग्री कम है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 97 प्रतिशत दर्ज की गई है।

एसआईआर से परेशान व्यक्ति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

कोलकाता, एजेंसी

- परिजनों का दावा, 2002 की मतदाता सूची में था मृतक का नाम अन्य सदस्यों के नहीं थे नाम

प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में 58 वर्षीय व्यक्ति की कीटनाशक पीने से मौत हो गई। परिजनों ने दावा किया है कि व्यक्ति मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मुद्दों को लेकर परेशान था।

पुलिस ने बताया कि मृतक बदुरिया पुलिस थाना क्षेत्र के जदुरहाटी पुरबा निवासी सफीकुल मंडल है। उसने एसआईआर शुरू होने के बाद 2002 की मतदाता सूची की जांच की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजनों का दावा है कि मंडल का नाम मतदाता सूची में था, लेकिन परिवार के कई अन्य सदस्यों के नाम नदारद थे। इससे बड़ी मुश्किल आने की आशंका से वह घबरा गया। मंडल ने मंगलवार को कीटनाशक पी लिया था और परिजन उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले गए थे।

अधिकारी ने बताया कि बाद में मंडल को कोलकाता के आरजीकर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टीएमसी के बदुरिया से विधायक काजी अब्दुर रहीम दिलू ने बुधवार सुबह परिवार से मुलाकात की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हाल के हफ्तों में, उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, बीरभूम और नादिया सहित कई जिलों से एसआईआर को लेकर चिंता से जुड़ी मौतों की खबरें आई हैं। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर अभियान शुरू किया है।

6th वार्षिकोत्सव विशेष फीचर

मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

प्रवेशांक 2019

धन्यवाद साथियों, आभारी हूं आपका

आज मैं सिर्फ कागज़ के पन्नों का एक पुलिंदा भर नहीं हूं। मैं बरेली की मिट्टी में जन्मी एक धड़कन हूं ... एक सांस हूं, जो हर सुबह आपके घर के बरामदे में ताज़ी हवा की तरह दस्तक देती है। छह साल... किसी सदियों पुरानी विरासत के सामने यह वक्त का एक छोटा-सा टुकड़ा हो सकता है, लेकिन मेरे लिए, यह जीवन का एक पूरा, सार्थक चक्र है।

मेरा जन्म किसी बड़े दावे के साथ नहीं हुआ था, न ही मैं किसी पूर्व-स्थापित विरासत को चुनौती देने चला था। मेरे पास अहंकार नहीं, सिर्फ एक खाली कैनवास था, जिसे ईमानदारी और सच्चाई की स्याही से भरा जाना था। जब मैंने पहली बार इस शहर की सुबह में आंखें खोलीं तो मेरी सांसों में यहाँ की गलियों की हलचल थी, यहां के लोगों की उम्मीदें थीं।

शुरुआत कभी आसान नहीं होती ... हर सुबह, जब मैं आपके दरवाज़े पर दस्तक देता, तो दिल में एक अजीब सी घबराहट होती थी, क्या मैं स्वीकार किया जाऊंगा? आपने मुझे परखा, मेरी खबरों की गहराई को मापा। कुछ पाठकों ने मुझे अपने स्नेह के आंचल में जगह दी, अपने जीवन का हिस्सा बनाया। उनके प्रोत्साहन ने मुझे हर दिन, हर पल बेहतर बनने की प्रेरणा दी। और फिर एक काला दौर आया ... कोरोना काल। जब पूरी दुनिया के साथ साथ बरेली में भी नकारात्मकता का स्याह बादल छा रहे थे। लोग घरों में सिमट गए थे, तब मैंने तय किया कि मैं सकारात्मकता की एक किरण बनूंगा। मैं डर और निराशा की खबरों के बी च उम्मीद की आवाज़ बना, बरेली के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा।

छह वर्षों के अपने सफर में अमृत विचार ने इन प्रमुख राष्ट्रीय घटनाओं पर अपनी समर्पित और विस्तृत कवरेज के माध्यम से पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को स्थापित किया है। इसने न केवल घटनाओं की रिपोर्टिंग की, बल्कि उनके पीछे के महत्व, भावना और प्रभाव को भी पाठकों तक पहुंचाया। यही कारण है कि बरेली ने इसे भरपूर प्यार दिया है।

उस मुश्किल वक्त में आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताक़त था।

लेकिन यात्रा पथरीली भी रही। कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने मुझे नकारा। उनकी आंखें मुझे देखकर फिर गईं, शायद मैं उनकी उम्मीदों के तराज़ू पर पूरा नहीं उतरा पाया... या शायद मेरे सच थोड़े कड़वे थे, जो हर किसी को रास नहीं आए। मैंने उन आलोचनाओं को भी अपने भीतर समेट लिया। मैं नाराज नहीं हुआ, बल्कि मैंने उन आवाजों को ध्यान से सुना और समझा। मैंने सीखा कि इस शहर का मिजाज़ क्या है, यहां के लोगों की ज़रूरतें क्या हैं और उनकी संवेदनशीलता कहां है।इन छह सालों में, मैंने सिर्फ खबरें छापना नहीं सीखा, मैंने खुद को आपके सांचे में ढाला है। यह केवल एक पेशेवर काम नहीं, एक रिश्ता बनाने की प्रक्रिया थी। मैंने यहां की तहजीब, यहां की भाषा, यहां के सुख दुख को समझा। जब शहर चैन की नींद सो रहा होता है, तब मेरे दफ्तर में आंखें खुली रहती हैं, सिर्फ़ इसलिए ताकि आपकी सुबह सच के उजाले और जागरूकता के साथ शुरू हो।

आज मैं सिर्फ़ बरेली की मिट्टी तक सीमित नहीं हूं। एक विशाल वटवृक्ष का रूप में बदल रहा हूं, जिसकी शाखाएं उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के महत्वपूर्ण शहरों तक फैली हुई हैं। बरेली की गलियों से, जहां मैंने आंखें खोलीं और जहां के पाठकों ने मुझे चलना सिखाया। वह एक रिश्ता था, एक संवाद था। बरेली के पाठकों के प्यार और विश्वास ने मुझे पंख दिए, और यह कारवां चल पड़ा। बरेली के बाद, मैंने लखनऊ की राजनैतिक धड़कन को महसूस किया, मुरादाबाद की औद्योगिक ऊर्जा को समझा और हल्द्वानी की शांत पहाड़ी सुबहों में अपनी खबरों की ताज़गी घोली। कानपुर के व्यस्त जीवन और अब अयोध्या की आध्यात्मिक भूमि तक मेरी पहुंच बन चुकी है। आज, जब मैं इन छह सालों के सफ़र पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो यह एक बच्चे के बड़े होने जैसा लगता है। हम गिरे, ठोकरें खाईं, फिर उठे, और आपके विश्वास के सहारे चलते रहे। आपके अटूट प्यार और समर्थन ने ही मुझे ...अमृत विचार को आपका प्यारा अमृत विचार बना दिया है। यह सफर भले ही छोटा हो, लेकिन मेरा संकल्प हिमालय जैसा अडिग है। मैं आपकी आवाज़ हूं, आपकी परछाई हूं, आपका पहरेदार हूं। आपकी खुशी में हंसता हूं, आपके गम में आपके साथ खड़ा होता हूं। जब तक आप हैं, तब तक मेरा वजूद है। यह रिश्ता अटूट है, और रहेगा।

आपका प्यारा अमृत विचार

2020

निर्भया मामले के दोषियों को फाँसी (20 मार्च 2020)

निर्भया मामले के चारों दोषियों, मुकेश सिंह, विनय शर्मा, पवन गुप्ता और अक्षय कुमार सिंह को 20 मार्च 2020 की सुबह तिहाड़ जेल में फाँसी दी गई। अमृत विचार ने इस खबर को न केवल एक समाचार घटना के रूप में बल्कि राष्ट्रीय महत्व के एक संवेदनशील मुद्दे के रूप में पेश किया। समाचार पत्र ने इस लंबे चले मामले की पूरी समय-सारणी, अदालती कार्यवाही के उतार-चढ़ाव, और पीड़ितों के परिवार के संघर्ष को विस्तार से शामिल किया।

गलवान झड़प (15-16 जून 2020)

पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प ने दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा कर दिया। इस घटना में कई भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मामले में अमृत विचार ने देश भर में फैले आक्रोश और भारतीय सेना के शौर्य को अपनी रिपोर्टिंग का केंद्र बनाया। समाचार पत्र ने इस घटना की भू-राजनीतिक प्रासंगिकता, शहीद सैनिकों की कहानियों और सरकार के बाद के कदमों (जैसे चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध) पर गहराई से नज़र रखी। रक्षा विशेषज्ञों के विचारों और भारत-चीन सीमा विवाद के इतिहास पर विशेष लेख भी प्रकाशित किए गए।

देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा (24 मार्च 2020)

अमृत विचार ने इस ऐतिहासिक घोषणा की तत्काल कवरेज की और इसके बाद के प्रभावों पर विस्तृत रिपोर्टिंग की। इसमें लॉकडाउन के नियमों, आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता, प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा, और आर्थिक चुनौतियों पर कई लेख प्रकाशित किए गए।

राम मंदिर शिलान्यास (5 अगस्त 2020)

दशकों पुराने अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर की आधारशिला रखी गई, जो एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण था। कवरेज: अमृत विचार ने इस को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और राजनीतिक मील के पत्थर के रूप में कवर किया। शिलान्यास समारोह की तैयारियों, धार्मिक अनुष्ठानों, और देश भर में मनाए उत्सव पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की गई। समाचार पत्र ने इस अवसर पर जारी किए गए बयानों, मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित दान, और अयोध्या में हुए परिवर्तनों को प्रमुखता से शामिल किया। कुल मिलाकर, "अमृत विचार" ने इन घटनाओं के दौरान सटीक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ इन मुद्दों से जुड़ी मानवीय कहानियों और सामाजिक प्रभावों को भी सामने लाने में उल्लेखनीय कार्य किया है।

2021

नीरज चोपड़ा का टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण

7 अगस्त, 2021 को नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। अमृत विचार ने नीरज की जीत को एक राष्ट्रीय गौरव के रूप में प्रस्तुत किया और भारतभर में मने जश्न को कवर किया। हमने नीरज के संघर्ष और सफलता की कहानी पर जोर दिया, जिससे यह जीत और भी प्रेरणादायक बन गई।

सीडीएस जनरल बिपिन रावत का हेलीकॉप्टर हादसा

8 दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु में हुए इस हादसे में भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत समेत 13 लोगों का निधन हो गया था। अखबार ने घटना की जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर हुए दुख को भी दर्शाया।

2023

यूपी बजट

उत्तर प्रदेश सरकार के वार्षिक बजट 2024-25 को 'अमृत विचार' ने स्थानीय और क्षेत्रीय विकास के दृष्टिकोण से प्रमुखता से छापा। बजट के प्रावधानों का बरेली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के विकास, बुनियादी ढाँचे, कृषि और रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण किया गया।

भारत का चंद्रयान-3 मिशन (लॉन्च: 14 जुलाई 2023, लैंडिंग: 23 अगस्त 2023)

भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता एक राष्ट्रीय गौरव का क्षण थी, जिसे अमृत विचार ने बड़े उत्साह के साथ कवर किया। लॉन्च से लेकर चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग तक, मिशन के हर चरण को वैज्ञानिक तथ्यों और राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। सरल भाषा में विश्लेषण: जटिल वैज्ञानिक प्रक्रियाओं और 'लैंडिंग' के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया।

2022

रूस-यूक्रेन युद्ध

'अमृत विचार' ने इस युद्ध को अंतरराष्ट्रीय स्तर की घटना के रूप में कवर किया, जिसके वैश्विक परिणाम थे। अमृत विचार ने युद्ध के विश्व स्तर पर, विशेषकर खाद्य सुरक्षा और तेल की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया। युद्धग्रस्त क्षेत्रों की स्थिति, हवाई हमलों की चेतावनी और मानवीय संकट पर लगातार अपडेट दिए गए।

यूपी विधानसभा चुनाव परिणाम

2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम हमारी सबसे महत्वपूर्ण कवरेज में से एक रहे। चुनाव परिणामों के दिन, रुझानों से लेकर अंतिम परिणामों तक की लाइव और विस्तृत कवरेज की गई। अपने संस्करणों के क्षेत्रों में प्रत्येक सीट के परिणामों पर गहराई से नज़र रखी गई।

मोरबी पुल हादसा

गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बने केबल पुल के ढहने की दुखद घटना ने देश को झकझोर दिया था, जिसे 'अमृत विचार' ने संवेदनशीलता के साथ कवर किया। हमने लापरवाही, कंपनी की गैर-जिम्मेदारी और प्रशासन की ढिलाई पर सवाल उठाए। जांच कमेटी के गठन और ओरेवा समूह के खिलाफ कार्रवाई पर निरंतर जानकारी दी गई।

2024

अयोध्या में रामलला की स्थापना

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अमृत विचार ने राष्ट्रीय गौरव के रूप में प्रस्तुत किया। इस दिन हमने विशेष अंक प्रकाशित किया। समारोह की गरिमा, अनुष्ठानों और प्रधानमंत्री की उपस्थिति की विस्तृत रिपोर्टिंग की गई।

बजट (1 फरवरी 2024)

1 फरवरी 2024 को पेश किए गए अंतरिम बजट पर अमृत विचार' ने आर्थिक विश्लेषण किया। बजट प्रावधानों का मध्यम वर्ग, किसान और युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव पर सरल विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। स्थानीय उद्योगपतियों और आर्थिक विशेषज्ञों के विचारों को प्रमुखता से छापा गया।

लोकसभा चुनाव परिणाम

18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम, जिनमें एनडीए ने जीत हासिल कर सरकार बनाई। चुनाव के रुझानों, परिणामों और राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तृत विश्लेषण प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश की सभी सीटों के परिणामों और प्रमुख उम्मीदवारों की हार-जीत पर गहनता से रिपोर्टिंग की गई।

सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष मिशन

इस मिशन को अमृत विचार ने विज्ञान और राष्ट्रीय गौरव के रूप में कवर किया। मिशन की तकनीकी जानकारी और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में इसके महत्व को उजागर किया गया। सुधांशु शुक्ला की पृष्ठभूमि और इस मिशन में उनकी भूमिका पर विशेष फीचर लेख प्रकाशित किए गए।

2025

कुंभ का भव्य आयोजन: आध्यात्मिकता की गहराई

कुंभ मेला, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का सबसे बड़ा प्रतीक, लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। अमृत विचार ने कुंभ के आयोजन, उसकी व्यवस्थाओं और धार्मिक महत्व को समर्पित कवरेज दी। कुंभ के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर भी सारगर्भित लेख प्रकाशित किए। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े प्रशासनिक पहलुओं को भी उजागर किया गया, जिससे पाठकों को आयोजन की विशालता का अंदाजा हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रतिबिंब

ऑपरेशन सिंदूर पर भी अमृत विचार" की पत्रकारिता सजग रही। पहलगाम हमले के बाद हुए इस ऑपरेशन ने भारत की नई रक्षा नीति को दर्शाया। अमृत विचार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए, सटीक जानकारी दी और दिखाया कि आतंकवादियों के ठिकाने कहीं भी हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। अखबार ने भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को प्रमुखता से चित्रित किया, जिससे पाठकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना मजबूत हुई।

बजट

आम बजट कवरेज को अमृत विचार ने आसान भाषा में दिया। पाठकों को स्पष्ट रूप से बताया कि कौन सी वस्तुएं सस्ती होंगी और कौन सी महंगी। अमृत विचार" ने बजट को एक संतुलित और भविष्योन्मुखी कदम के रूप में प्रस्तुत किया, जो आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और देश की अर्थव्यवस्था को सही रास्ते पर रखने का प्रयास करता है।

जीएसटी कटौती

अमृत विचार ने जीएसटी कटौती को आम आदमी के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर केंद्रित करते हुए व्यापक कवरेज दी है। अख़बार ने इस कदम को जनता के हित में एक महत्वपूर्ण सुधार बताया है। अमृत विचार की कवरेज ने इन जीएसटी सुधारों को आम नागरिकों की क्रय शक्ति बढ़ाने और देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले एक महत्वपूर्ण गेमचेंजर कदम के रूप में प्रस्तुत किया।

अमृत विचार ने पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उन्हें नए भारत की धड़कन बताते हुए विशेष कवरेज की। फोकस उनकी साधारण पृष्ठभूमि से शीर्ष नेतृत्व तक की यात्रा और प्रमुख उपलब्धियों पर था। इनमें GST, आवास योजनाएं, आयुष्मान भारत, मजबूत विदेश नीति और आत्मनिर्भर भारत जैसे परिवर्तनकारी कार्य शामिल थे। कवरेज ने मोदी को एक निर्णायक और जन-उन्मुख नेता के रूप में प्रस्तुत किया, जिनके जन्मदिन को जन सेवा के रूप में मनाया गया।

घरेलू प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम पर हमेशा मिश्रित राय होगी, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। घरेलू सत्र के दौरान लाल गेंद के मैचों के बीच कुछ सीमित ओवरों के मैच खेलने से खिलाड़ियों को मानसिक रूप से तरोताजा रहने में मदद मिलती है।

-शार्दुल ठाकुर

स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार 20 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल बने नंबर एक वनडे बल्लेबाज

दुबई : भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद बुधवार को जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं जो रोहित से एक अंक अधिक है।

बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की शीर्ष रैंकिंग पर

दुबई : भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट में छह विकेट लेकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज का स्थान बरकरार रखा है। उनके साथी कुलदीप यादव (दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर) और रविंद्र जडेजा (चार स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) की गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (एक स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर) और साइमन हार्मर (20 स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) भी भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में आगे बढ़े हैं। यानसेन टेस्ट ऑलराउंडर की नवीनतम रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

हिमांशु ने पैरा तैराकी में जीते तीन स्वर्ण

हैदराबाद : हिमांशु नंदल ने राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में एस11 वर्ग में तीन स्वर्ण के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक का पुरस्कार भी जीता। यह टूर्नामेंट यहां 15 से 18 नवंबर के बीच खेला गया था। नंदल ने एस11 श्रेणी में रफ्तार, अनुशासन और नियंत्रण का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण अपने नाम किये। उन्होंने 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में सोना जीता।

फिडे विश्व कप में भारत की चुनौती समाप्त

पणजी : ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को बुधवार को यहां क्वार्टर फाइनल के टाईब्रेक में चीन के वेई यी के खिलाफ 1.5-2.5 से हार का सामना करना पड़ा जिससे फिडे शतरंज विश्व कप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। रेपिड टाईब्रेक बाजियों में भाग्य ने एरिगेसी का साथ नहीं दिया। चीन के खिलाड़ी ने एरिगेसी पर लगातार दबाव बनाए रखा। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहली टाईब्रेक बाजी ड्रॉ रही लेकिन दूसरी बाजी में एरिगेसी ने नियंत्रण गंवाने के साथ मुकाबला भी गंवा दिया। एरिगेसी दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन इसके बावजूद फायदा उठाने में नाकाम रहे। आंद्रे इसिपेंको ने टाईब्रेकर की शुरुआती दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद अगली दोनों बाजियां जीतकर अमेरिका के सैम शेंकलैंड को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विस्फोटक रिंकू सिंह ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

कोयंबटूर, एजेंसी

टी-20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने बुधवार को यहां प्रथम श्रेणी क्रिकेट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन बुधवार को यहां तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए।

तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला। उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। निचले क्रम में शिवम मावी ने भी 54 रन की उपयोगी पारी खेली। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है तब रिंकू ने इस पारी से टीम में जगह बनाने की अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। नागपुर में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (15 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बड़ौदा को 144 रन से हराया। विदर्भ को

- तमिलनाडु के खिलाफ ड्रॉ मैच से यूपी ने बटोरे तीन अंक

इस जीत से छह अंक मिले जिससे उसने तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। विदर्भ के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने मंगलवार को 73 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और अंततः उसकी पूरी टीम 50.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई।विदर्भ के पहली पारी के 169 रन के जवाब में बड़ौदा ने 166 रन बनाए थे। विदर्भ की जीत में नालकंडे की अहम भूमिका रही जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के सात साल बाद पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए।

बड़ौदा की ओर से दूसरी पारी में सुकीर्त पांडे 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। जमशेदपुर में झारखंड ने आंध्र को पारी और 81 रन से हराया। झारखंड के 328 रन के जवाब में आंध्र ने पहली पारी छह विकेट पर 567 रन बनाकर घोषित की। इसके बाद झारखंड की टीम दूसरी पारी में 158 रन पर सिमट गई और उसे पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आंध्र की ओर से सौरभ कुमार ने 47 रन पर पांच जबकि त्रिपुराना विजय ने 39 रन पर तीन विकेट चटकाए। आंध्र को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले। भुवनेश्वर में ओडिशा ने नगालैंड को 299 रन से हराया।

ओडिशा के 465 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम गोविंदा पोद्दार (69 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 165 रन पर सिमट गई। नगालैंड की ओर से देगा निश्चल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

गिल पूरी तरह फिट नहीं, पर खेलने को बेताब

टीम के बाकी सदस्यों के साथ बुधवार को पहुंचे गुवाहाटी, बीसीसीआई सचिव बोले- उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा फैसला

गुवाहाटी, एजेंसी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम के बाकी सदस्यों के साथ बुधवार को गुवाहाटी पहुंच गए, लेकिन उनकी गर्दन की चोट शनिवार को यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पूरी तरह ठीक होने की संभावना नहीं है। पूरी संभावना है कि गिल गुरुवार और शुक्रवार को होने वाले अभ्यास सत्रों के दौरान खुद को फिट साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम के सूत्रों की मानें तो 26 वर्षीय गिल अभी शतप्रतिशत फिट नहीं हैं। उनकी गर्दन में दर्द अभी भी बना हुआ है, हालांकि यह पहले की तुलना में काफी कम है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दिन में कहा था कि गिल टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा शुभमन पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर 2025 को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। उन्होंने कहा बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर फैसला उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा।

गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत और दक्षिण अफ्रीकी टीमों के खिलाड़ी व स्टाफ के सदस्य। एजेंसी

इस तरह से बीसीसीआई के सचिव ने भी गिल के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर संशय बरकरार रखा। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। गिल को इस चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम यह मैच 30 रन से हार गई थी।

गिल को चिकित्सकीय रूप में फिट घोषित किया जा सकता है लेकिन पांच दिन की क्रिकेट की चुनौती अलग तरह की होती है जिसके कारण समस्या बढ़ सकती है और उन्हें लंबे समय तक बाहर रहना पड़ सकता है। पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों की स्पिनरों को खेलने की कमजोरी का खुलासा हो गया।

कोलकाता टेस्ट के बाद ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर एक बड़ा खतरा बन गए हैं, ऐसे में स्पिन का सामना करने में सक्षम दाएं हाथ के बल्लेबाज की टीम को सख्त जरूरत है। मौजूदा कोचिंग स्टाफ और चयन समिति को सरफराज खान, करुण नायर या अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा नहीं है, जबकि ये तीनों स्पिन को अच्छी तरह से खेलते हैं। उनका सीधा तर्क यह है कि भले ही साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल दोनों बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं, लेकिन किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर युवा खिलाड़ियों की दबाव झेलने की क्षमता पर विश्वास की कमी का संकेत मिलेगा। सुदर्शन का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है और कुछ लोगों का मानना है कि ध्रुव जुरेल अपनी बेहतर तकनीक के साथ तीसरे नंबर पर बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

भारतीय टीम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ही गिल बल्लेबाजी के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहते हैं, क्योंकि आधा फिट कप्तान भी सुदर्शन, ईश्वरन या सरफराज से अधिक प्रभावी माना जाता है। इसके अलावा गिल का टेस्ट कप्तान के रूप में यह शुरुआती दौर है और वह किसी मैच से बाहर नहीं बैठना चाहेंगे। गिल के चोटिल होने के कारण ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को राजकोट में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चल रही भारत ए की सीरीज से वापस बुला दिया गया है।

एकदिवसीय मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं हार्दिक और बुमराह

गुवाहाटी। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए जांघ की चोट से उबर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के 30 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है और उम्मीद है कि वह फिलहाल केवल सबसे छोटे प्रारूप (टी20) पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे। मुख्य तेज गेंदबाजों के काम के बोझ के प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिए जाने की संभावना है क्योंकि इसका टी20 विश्व कप की तैयारी में कोई खास महत्व नहीं है। हार्दिक को सितंबर में दुबई में एशिया कप टी20 के दौरान जांघ में चोट लगी थी और वह पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया हार्दिक इस समय अपनी जांघ की चोट से उबर रहे हैं। वह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी आरटीपी ट्रेनिंग कर रहे हैं। फिलहाल जांघ की चोट से वापसी के बाद उन्हें धीरे-धीरे अपना कार्यभार बढ़ाने की जरूरत है और सीधे 50 ओवर के मैच खेलना जोखिम भरा होगा।

लक्ष्य सहित पांच भारतीय दूसरे दौर में

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई ओपन

लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया।

विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। मकाऊ ओपन के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अनुभवी किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए।

इस बीच किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को एक अन्य मैच में कनाडा के नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई ने 12-21, 16-21 से हराकर बाहर कर दिया।

भारत ए पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाड़ी। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ए बचा क्लीन स्वीप होने से

राजकोट, एजेंसी

- सीरीज के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ए को 73 रनों से हराया

युवा बल्लेबाज हुआन ड्रे प्रिटोरियस के शानदार शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ए ने तीसरे अनधिकृत वनडे में भारत ए को 73 रन से हराकर सीरीज में सूपड़ा साफ होने से बचाया। भारत ए ने पहले दोनों मैच जीते थे।

प्रिटोरियस (98 गेंद में 123 रन)के अलावा सलामी बल्लेबाज रिवाल्डो मूनसामी (130 गेंद में 107 रन) ने भी शतक लगाया और दोनों ने 241 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को 50 ओवरों में छह विकेट पर 325 रन तक पहुंचाया। भारत के लिये हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और खलील अहमद ने दो दो विकेट लिये। जवाब में भारत ए टीम 49.1 ओवर में 252 रन पर आउट हो गई। भारत ए के लिये सिर्फ आयुष बडोनी 66 गेंद में 66 रन बना सके। ईशान किशन ने 67 गेंद में 53 रन बनाए जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे।

विश्व चैंपियनशिप | पूरे आत्मविश्वास और नियंत्रण के साथ लड़ते हुए विश्व चैंपियन जैस्मीन ने कजाकिस्तान की सरसेनबेक को हराया

दस भारतीय मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

विश्व चैंपियन जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कजाकिस्तान की उल्जान सरसेनबेक, जो एशियाई युवा चैंपियनशिप की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता हैं, को 5-0 से हराकर विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 के फाइनल में प्रवेश किया।

जैस्मीन और अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ, जो गुरुवार को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जदुमणि सिंह और पवन बर्तवाल भी अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सर्वसम्मति से जीत हासिल करने के बाद शामिल हुए। पूरे आत्मविश्वास और नियंत्रण के साथ लड़ते हुए, जैस्मीन ने शुरुआत में ही अपने शानदार संयोजनों से अपनी धाक जमाई, ब्लॉक और स्लिप के बावजूद अपनी रक्षात्मक रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए रखा और तीसरे राउंड के आखिर में अपनी प्रतिद्वंद्वी के आक्रामक रुख को शांतचित्त होकर झेलते हुए एक बेहतरीन जीत दर्ज की। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 की स्वर्ण पदक विजेता, अपने वर्ग की सबसे प्रतिष्ठित मुक्केबाजों में से एक, पेरिस ओलंपिक पदक विजेता चीनी ताइपे की वू-शिह यी के खिलाफ एक धमाकेदार खिताबी मुकाबले के लिए तैयार हैं। भारत का फाइनल में पहुंचने का अभियान पवन (55 किग्रा) और जदुमणि (50 किग्रा) के माध्यम से जारी रहा, दोनों ने शानदार जीत हासिल कर मेज़बान देश की गति को बढ़ाया। इस सप्ताह की शुरुआत में मिली सफलता के शिखर पर पहुंचे पवन ने शुरुआती कड़े मुकाबले से उबरते हुए इंग्लैंड के एलिस ट्रोब्रिज पर गति, सटीकता और पलटवार के दो शानदार राउंड के साथ 5-0 से जीत हासिल की। जदुमणि ने ऑस्ट्रेलिया के ओमर इज़ाज-जो अस्ताना विश्व कप पदक विजेता हैं-को लगातार दबाव, तीखे हुक और चतुराई भरे फुटवर्क से परास्त किया, जिससे उनसे लंबे मुक्केबाज पूरे समय रस्सियों पर बने रहे। इससे पहले, जुगनू (85 किग्रा) 5:0 से हारकर बाहर हो गए, जबकि नीरज फोगाट (65 किग्रा) ने ओलंपिक पदक विजेता चेन निएन-चिन के खिलाफ जोशीला और निडर प्रदर्शन किया, पर 3:2 के विभाजित निर्णय से हार गए। छठे सत्र के परिणामों के बाद, गुरुवार के फाइनल में दस भारतीय मुक्केबाजों के भाग लेने की पुष्टि हो गई है।

महिलाओं के 70 किग्रा सेमीफाइनल में भारत की अरुंधति चौधरी (लाल रंग में) ने जर्मनी की लियोनी मुलर के खिलाफ जमकर वार किया। एजेंसी

अरुंधति फाइनल में उज्बेकिस्तान की अजीजा से भिड़ेंगी

लियोनी मुलर के खिलाफ अपनी जीत के बाद, अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) फाइनल में उज्बेकिस्तान की अजीजा ज़ोकिरोवा से भिड़ेंगी, जो 2022 एशियाई युवा चैंपियन और 2024 एशियाई रजत पदक विजेता हैं। नूपुर (80 किग्रा) का मुकाबला उज्बेकिस्तान की सोतिम्बोएवा ओल्टिनोय से होगा, जबकि पूजा (80 किग्रा) को पोलैंड की अगाता काजमारस्का, जो 80 किग्रा वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं, के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पुरुषों की लाइनअप में, अंकुश फंगल (80 किग्रा) 2024 विश्व मुक्केबाजी कप चैंपियन, इंग्लैंड के शिट्टू ओलादिमेजी के खिलाफ फाइनल में प्रवेश करेंगे।

स्पेन, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और स्कॉटलैंड ने विश्व कप में जगह बनाई

ग्लास्गो, एजेंसी

स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा।

स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। मंगलवार को यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर क्वालीफाई कर लिया है।

विश्व कप फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित करने के बाद बेल्जियम के खिलाड़ी।

डेढ़ लाख की आबादी वाले देश कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर रचा इतिहास

किंग्सटन, जमैका : कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है, लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।